
YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-169 ❒ सोमवार, 21 जुलाई 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

हिंदू समाज को विखंडित करने वाली शक्तियों को करारा जवाब दिया जाएगा। हिंदू समाज का संकल्प है कि अब मंदिर सरकारी कब्जे में नहीं रहेंगे। समाज अब उन्हें मुक्त कराके ही रहेगा। आलोक कुमार



राजनीति में संवाद और सौहार्द की जरूरतः उपराष्ट्रपति 11

चुनावी ड्यूटी से बचने के लिए नए नए तरीके अपना रहे कर्मचारी 12

## संक्षेप

### रूस में 7.4 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**नई दिल्ली।** रूस के तटीय इलाके पेत्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की के पास भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। इनमें सबसे अधिक 7.4 तीव्रता का भूकंप भी शामिल है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि पास के प्रायद्वीप और प्रशांत महासागर के पार हवाई द्वीप इलाके में संभावित सुनामी लहरों की चेतावनी जारी की गई। उधर रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने भूकंप क्षेत्र के पास के निवासियों को चेतावनी दी है कि उन्हें किसी भी परिस्थिति में सुनामी देखने के लिए तट पर जाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, हालांकि तट तक पहुँचने वाली लहरों की ऊँचाई ज़्यादा नहीं है। यूएसजीएस ने आंकड़ों के हवाले से कहा कि पहला भूकंप 7.0 तीव्रता का था। उसके कुछ ही देर बाद भूकंपों की एक श्रृंखला देखी गई। भूकंप के आते ही अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने कहा कि हवाई, जापान और मिडवे एटोल में छोटी सुनामी लहरें आने की संभावना है।

### मोदी चार दिन की यात्रा पर ब्रिटेन और मालदीव जायेंगे

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को चार दिन की यात्रा पर ब्रिटेन और मालदीव जायेंगे जहां वह मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में 'मुख्य अतिथि' होंगे। श्री मोदी यात्रा के पहले चरण में 23 जुलाई को दो दिन की ब्रिटेन यात्रा पर रवाना होंगे और इसके बाद दूसरे चरण में वह 25 जुलाई को दो दिन की यात्रा पर मालदीव जायेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि श्री मोदी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर के निमंत्रण पर ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह प्रधानमंत्री की ब्रिटेन की चौथी यात्रा होगी। ब्रिटेन में श्री मोदी अपने समकक्ष के साथ भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर व्यापक चर्चा करेंगे। वह क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री की राजा चार्ल्स तृतीय से भी मुलाकात की उम्मीद है। इस यात्रा के दौरान दोनों पक्ष व्यापार और अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी और नवाचार, रक्षा और सुरक्षा, जलवायु, स्वास्थ्य, शिक्षा और लोगों के बीच संबंधों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की भी समीक्षा करेंगे। यात्रा के दूसरे चरण में श्री मोदी मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ू के निमंत्रण पर 25 से 26 जुलाई तक मालदीव की राजकीय यात्रा करेंगे। यह प्रधानमंत्री की मालदीव की तीसरी यात्रा होगी और डॉ. मुइज़्ज़ू के राष्ट्रपति बनने के बाद किसी राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष की मालदीव की पहली यात्रा होगी। प्रधानमंत्री 26 जुलाई को मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में 'मुख्य अतिथि' रहेंगे। प्रधानमंत्री डॉ. मुइज़्ज़ू से मुलाकात करेंगे और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। दोनों नेता गत वर्ष अक्टूबर में मालदीव के राष्ट्रपति की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान हुई 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी' के लिए भारत-मालदीव संयुक्त दृष्टिकोण के कार्यान्वयन में प्रगति का भी जायजा लेंगे।

# कांवड़ यात्रा में उपद्रव करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी, पोस्टर लगेंगे : मुख्यमंत्री

## कांवड़ यात्रा की आड़ में उपद्रवियों को योगी आदित्यनाथ ने दी चेतावनी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में कांवड़ यात्रा के पवित्र अवसर पर शिवभक्तों का स्वागत कर उनकी श्रद्धा को सम्मान दिया। मुख्यमंत्री योगी ने मेरठ में स्वयं सड़क पर उतरकर कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। इससे

पहले मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद सहित कुछ जिलों में भी हेलिकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्प बरसाकर भावनात्मक श्रद्धा को नमन किया। मेरठ में मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ यात्रा की आड़ में उपद्रव करने वालों और यात्रा को बदनाम करने वालों को किसी भी कीमत पर न बख्शने की चेतावनी दी।

मेरठ में एक पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सावन मास में आप सभी का हृदय से अभिनंदन करता हूं। देश के विभिन्न राज्यों से लाखों शिवभक्त हरिद्वार से पावन गंगाजल लेकर भगवान शिव के विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक कर रहे हैं। बाबा औघड़नाथ मंदिर, पुरा महादेव मंदिर, दुग्धेश्वरनाथ मंदिर जैसे पवित्र स्थलों पर श्रद्धालु अपने भाव व्यक्त करेंगे। यह अत्यंत आनंददायक है कि इस यात्रा में युवा, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी शामिल होकर सामाजिक समता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि कुछ असामाजिक तत्व इस पवित्र यात्रा को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं।



- ❒ मुख्यमंत्री ने पश्चिमी यूपी में कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा, शिवभक्तों की श्रद्धा का किया सम्मान
- ❒ लोक कल्याण के भाव के साथ यात्रा करें शिवभक्तः मुख्यमंत्री
- ❒ श्रद्धा को बदनाम करने वालों से सख्ती से निपटेगा प्रशासन

यह शरारती तत्व सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कि हर कांवड़ संघ और हर शिवभक्त का कर्तव्य है कि वे ऐसे उपद्रवियों की पहचान कर उन्हें बेनकाब करें और प्रशासन को तत्काल सूचना दें। योगी ने कहा कि पूरे मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और यात्रा पूरी होने के बाद उपद्रवियों की पहचान कर उनके पोस्टर सार्वजनिक किए जाएंगे। कांवड़ यात्रा को बदनाम करने वालों और यात्रा की आड़ में उपद्रव करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि कांवड़ यात्रा के सफल और सुरक्षित संचालन के लिए सरकार, प्रशासन, स्वयंसेवी संगठनों और धार्मिक संस्थाओं ने व्यापक व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं को न तो कोई असुविधा हो और न ही यातायात या सुरक्षा से जुड़ी कोई समस्या इसके लिए पूरा प्रशासन तैनात है। जगह-जगह पंडाल लगाए गए हैं, स्वागत शिविर बनाए गए हैं और पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा व विश्राम की पूरी व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने शिवभक्तों से आग्रह किया कि वे यात्रा के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। किसी सड़क, चौराहे या सार्वजनिक स्थल को गंदा न करें। यह यात्रा जितनी पवित्र है, उसकी गरिमा उतनी ही बनी रहनी चाहिए। शिवभक्तों को चाहिए कि वे लोक कल्याण के भाव के साथ यात्रा करें और दूसरों की असुविधा का भी ध्यान रखें। मेरठ से पहले मुख्यमंत्री योगी ● शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री योगी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के पहले ऐसी पवित्र यात्राओं को प्रोत्साहन नहीं मिलता था, बल्कि उन्हें बाधित किया जाता था। आज जब श्रद्धा को सम्मान देने वाली सरकार है, तो हर शिवभक्त का भी कर्तव्य बनता है कि वह इस परंपरा को शांति और गरिमा के साथ आगे बढ़ाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी को उपद्रवियों की जानकारी मिले तो वह स्वयं कानून हाथ में लेने के बजाय प्रशासन को सूचना दें। हम सबका दायित्व बनता है कि इस पवित्र यात्रा की गरिमा बनी रहे। भगवान शिव लोकमंगल के देवता हैं, उनकी कृपा सब पर समान रूप से बरसती है। ऐसे में इस यात्रा को किसी भी प्रकार की हिंसा या अव्यवस्था से दूर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

# भारतीय सेना को कल मिलेंगे तीन अपाचे हेलीकॉप्टर




**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारतीय सेना के लिए तीन अपाचे एएच-64ई लड़ाकू हेलीकॉप्टरों का पहला बैच 22 जुलाई को भारत पहुंचने वाला है। शेष तीन हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति वर्ष के अंत तक होने की उम्मीद है। सेना के लिए छह अपाचे हेलीकॉप्टरों का सौदा लगभग 80 करोड़ डॉलर का था। ये हेलीकॉप्टर उन्नत सुविधाओं से लैस होंगे, जिनमें लॉन्ग रडार, हेलफायर मिसाइलें, हवा से जमीन पर मार करने वाले रॉकेट और अन्य सटीक प्रहार प्रणालियां शामिल हैं। अपाचे हेलीकॉप्टर उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं के साथ पहाड़ी क्षेत्रों में विशेष रूप से बख्तरबंद खतरों का मुकाबला करने में प्रभावी होंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पिछले साल अमेरिकी यात्रा पर सेना को अपाचे हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति में हो रही देरी का मुद्दा उठाया गया था, लेकिन इसके बावजूद डिलीवरी में करीब 15 माह की देरी हुई है। यूएस निर्मित एएच-64ई हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति में देरी की वजह बोइंग कंपनी की सप्लाई चेन बाधित होना है, जिससे उत्पादन धीमा हो गया है। भारतीय सेना ने अमेरिका से 2020 में छह एएच-64ई अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर हासिल करने के

- ❒ सेना पिछले साल 15 मार्च को जोधपुर में बना चुकी है अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की पहली स्क्वाड्रन

लिए 600 मिलियन डॉलर के सौदे पर हस्ताक्षर किए थे। समय पर आपूर्ति मिलने की उम्मीद में सेना ने पिछले साल 15 मार्च को जोधपुर में अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की पहली स्क्वाड्रन भी बना ली थी।

दरअसल, अमेरिकी कंपनी बोइंग को ऑर्डर दिए जाने के बाद यूएस डिफेंस प्रायोरिटी एंड एलोकेशन सिस्टम्स प्रोग्राम (डीपीएएस) पर भारत की रेटिंग कम होने से संबंधित कुछ मुद्दे थे, लेकिन अप्रैल-मई में इसे सुलझा लिया गया था। डीपीएएस से संबंधित मुद्दों में इंजन, गियरबॉक्स और हथियारों सहित अपाचे पर लगे 22 महत्वपूर्ण घटक शामिल थे। अमेरिका डीपीएएस का उपयोग सैन्य, मातृभूमि सुरक्षा, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और अन्य आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिए आपूर्ति श्रृंखला में रक्षा-संबंधी अनुबंधों को प्राथमिकता देने के लिए करता है। इसका उपयोग विदेशों को सैन्य या महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा सहायता प्रदान करने के लिए भी किया जाता है। सेना के लिए अपाचे को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दुश्मन ● शेष पेज 11 पर

# छांगुर गिरोह से मुनाफा लेने में न्यायालयकर्मी राजेश गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। बलरामपुर जिले से अवैध धर्मांतरण का नेटवर्क चला रहे छांगुर गिरोह के एक और सदस्य राजेश उपाध्याय को एटीएस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। राजेश बलरामपुर के सीजेएम कार्यालय में बाबू है। छांगुर के घर से मिले दस्तावेजों में राजेश की पत्नी संगीता के नाम मुनाफा लेने का जिक्र है। एसटीएफ की जांच में भी यह बात सामने आई थी जिसका जिक्र भी एटीएस की एफआईआर में है।

यह इस धर्मांतरण प्रकरण में आठवीं गिरफ्तारी है। इस मामले में ईडी ने चार दिन पहले चिनहट, नौबस्ताकलां में राजेश के घर पर छापा मारा था। उस समय राजेश घर पर नहीं मिला था। उसकी पत्नी से ईडी ने लम्बी पूछताछ की थी। शनिवार रात राजेश को गिरफ्तार करने के बाद उसकी पत्नी से भी एटीएस पूछताछ कर रही है। राजेश उपाध्याय मूल रूप से वाराणसी के आदमपुर, राजघाट का रहने वाला है। पुणे

- ❒ दस्तावेजों में राजेश की पत्नी को मुनाफा देने का जिक्र एसटीएफ की जांच में नाम सामने आया था चार दिन पहले लखनऊ के घर पर ईडी ने छापा मारा था धर्मांतरण में यह आठवीं गिरफ्तारी

की बेची जमीन में मुनाफा लिया था एसटीएफ की जांच के मुताबिक नवीन रोहरा व छांगुर ने पुणे की कुनेनामा तहसील मावल में 204187 वर्ग फीट जमीन 16 करोड़ रुपये में क्रय की थी। इसके एग्रीमेंट में जमीन से होने वाले मुनाफ़े की रकम में बंटवारे का जिक्र किया गया है। एग्रीमेंट में संगीता देवी को मुनाफ़े का कुछ अंश दिए जाने का उल्लेख है। पांच जुलाई को छांगुर और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन की गिरफ्तारी के बाद यह बात भी सामने आई थी। इसके बाद ही ईडी ने भी इन दोनों को अपनी जांच में शामिल किया था। यह भी पता किया जा रहा है कि राजेश उपाध्याय को छांगुर गिरोह से और क्या मदद मिलती रही है।

# प्रदेश के हर मंडल में बनेगी 'आदर्श गोशाला'

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पशुपालन विभाग पहले चरण में प्रदेश के 8 मंडलों की 8 गोशालाओं को 'आदर्श गोशाला' के रूप में विकसित करेगा। इनमें अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर, चित्रकूट, बरेली, आगरा, कानपुर और झांसी शामिल हैं। इन गोशालाओं को मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा, जो अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगी। बरेली की 'खंगवा श्याम सृष्टि मंगलम् गोशाला' बनेगी पहली आदर्श आत्मनिर्भर गोशाला उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि बरेली मंडल के मझगवां ब्लॉक स्थित 'खंगवा श्याम सृष्टि मंगलम् गोशाला को प्रदेश की पहली आदर्श गोशाला घोषित किया गया है।

इसमें इंटर-लॉक्ड वेस्ट-फ्री शेड डिजाइन अपनाया जाएगा, जिससे चारे की बर्बादी में कमी आएगी। यहां से मंडल-स्तरीय आत्मनिर्भर गोशाला मॉडल की

- ❒ मुख्यमंत्री के ग्राम-ऊर्जा मॉडल से बदल जाएगी गांवों की सूरत
- ❒ प्रथम चरण में अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर, चित्रकूट, बरेली, आगरा, कानपुर, झांसी में बनेंगी 8 आत्मनिर्भर गोशालाएं



शुरुआत हुई है। गो-आधारित प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा मुख्यमंत्री के 'ग्राम-ऊर्जा मॉडल' के तहत गोशालाओं को ग्रामीण विकास का केंद्र बनाया जाएगा।

मझगवां ब्लॉक को पूरी तरह गो-आधारित प्राकृतिक कृषि क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे किसानों को रासायनिक खादों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों को गोशालाओं से जोड़ा जाएगा ताकि महिलाओं और युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और गो-आधारित उत्पादों से आय अर्जित करने में मदद मिलेगी। पूर्व सरकारों की उपेक्षा के बाद योगी सरकार में नई पहल उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि पहले की सरकारों द्वारा गो-संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर बहुत ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर अब इसे प्राथमिकता मिल रही है। गोशालाओं के माध्यम से ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। योजना के तहत गोशालाओं को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा और इन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया जाएगा। योगी सरकार का लक्ष्य है कि गो-संवर्धन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन हो और गांवों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो।

### नक्सल मोर्चे पर तैनात सुरक्षा बलों के जवानों का बंद कराया गया सोशल मीडिया अकाउंट

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभााग के अंदरूनी इलाकों के नक्सल मोर्चे पर तैनात सुरक्षा बलों की रणनीतिक गोपनीयता को बनाए रखने के लिए एक सख्त कदम उठाया गया है। इसके तहत नक्सल प्रभावित जिलों में तैनात सुरक्षाबल के जवानों को इंटरनेट और सोशल मीडिया से दूर रहने के लिए निर्देशित किया गया है। ऑपरेशन के दौरान मोबाइल उपयोग भी सीमित कर दिया गया है। जवान केवल आपातकालीन या आधिकारिक संपर्क के लिए ही फोन का प्रयोग कर सकेंगे। वीडियो बनाना, फोटो लेना और रिकार्डिंग पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है। आपरेशन के बाद मोबाइल की जांच भी अनिवार्य कर दी गई है। जिससे की किसी भी प्रकार की नक्सल विरोधी अभियान की जानकारी किसी अन्य को नहीं मिल सके। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने रविवार को बताया कि ऑपरेशन के दौरान जवानों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इंटरनेट मीडिया के जरिए आपरेशन की सूचनाएं लीक होने से न केवल रणनीति विफल हो सकती है, बल्कि जवानों की जान ● शेष पेज 11 पर

# सिर्फ आर्य समाज मंदिर का प्रमाणपत्र विवाह का वैध सबूत नहीं : उच्च न्यायालय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक महिला के अनुकंपा नियुक्ति के मामले में दिए अहम फैसले में कहा कि सिर्फ आर्य समाज मंदिर का प्रमाणपत्र विवाह का वैध सबूत नहीं माना जाएगा।

अदालत ने यह भी कहा कि महज स्टांप पेपर पर पति पत्नी के बीच तलाक नहीं हो सकता है। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने महिला की अनुकंपा नियुक्ति पाने की याचिका खारिज कर दी। न्यायाधीश मनीष माथुर की एकल पीठ ने यह फैसला महिला की याचिका पर दिया। महिला ने अपने कथित पति की मृत्यु के बाद उसकी जगह खुद को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का दावा किया था, जिसे कृषि विभाग ने बीते 5 अप्रैल को खारिज कर दिया था। दावे को खारिज करने के इसी आदेश को महिला ने याचिका में चुनौती दी थी। महिला का कहना था की उसने कृषि विभाग में कार्यरत




व्यक्ति के साथ, उसकी पहली पत्नी से कथित तलाक होने के बाद वर्ष 2021 में आर्य समाज मंदिर में विवाह किया था। इसके लिए महिला ने सिर्फ आर्य समाज मंदिर से जारी विवाह का प्रमाणपत्र पेश किया। इसके अलावा वह सेवारत व्यक्ति का पहली पत्नी के साथ तलाक होने की कोई कानूनी डिक्री (फैसला) पेश नहीं कर सकी। अदालत ने कहा कि महिला के कथित पति का पहली पत्नी के साथ तलाक का दावा सिर्फ एक स्टांप पेपर पर आधारित है, जिसमें दोनों के बीच तलाक होने की बात कही गई है। ऐसे किसी स्टांप पेपर को रिकार्ड पर पेश भी नहीं किया गया। जबकि, विवाहित जोड़े के बीच तलाक सिर्फ हिंदू विवाह अधिनियम, ● शेष पेज 11 पर

## विपक्ष के सभी मुद्दों पर संसद में चर्चा को तैयार : सरकार ने सर्वदलीय बैठक में कहा

# ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में चर्चा को तैयार सरकार

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सरकार ने एक सर्वदलीय बैठक में रविवार को कहा कि वह विपक्ष द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर संसद के मानसून सत्र में चर्चा के लिए तैयार है और 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर प्रतिक्रिया संबंधी मांग का भी उचित जवाब देगी।

संसद के मानसून सत्र से पहले सरकार द्वारा रविवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण, पहलगाम आतंकवादी हमला और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ''संघर्षविराम'' के दावों सहित विभिन्न मुद्दे उठाए। सरकार ने सदन के सुचारू संचालन के लिए विपक्षी दलों से सहयोग मांगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार एवं विपक्ष के बीच समन्वय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ऑपरेशन सिंदूर पर ट्रंप के दावों को लेकर विपक्ष द्वारा



उठाए गए मुद्दे पर संसद में उचित जवाब देगी। रीजीजू ने जोर देकर कहा कि सरकार नियमों एवं परंपराओं के अनुरूप संसद में सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए भी पूरी तरह तैयार है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी ट्रंप के दावों, उन ''चूकों'' जिनके कारण पहलगाम हमला हुआ और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बयान दिए जाने की मांग करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह दायित्व है कि वह इन प्रमुख मुद्दों पर संसद में बयान दें। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने बैठक में बिहार में एसआईआर के कथित ''चुनावी घोटाले'' और भारत एवं पाकिस्तान के बीच ''संघर्षविराम कराने में'' मध्यस्थता संबंधी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे का मुद्दा उठाया। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) केवल लोकसभा चुनावों के लिए है और 'आप' विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ रही है। बीजू जनता दल (बीजद) के नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि राज्यों में कानून-व्यवस्था की विफलता की जिम्मेदारी से केंद्र बच नहीं सकता और संसद में इस पर बहस होनी चाहिए। उन्होंने ओडिशा में एक कॉलेज छात्रा द्वारा आत्मदाह किए जाने और 15 वर्षीय किशोरी को कुछ लोगों द्वारा आग लगाए जाने की घटनाओं का जिक्र करते हुए यह बात कही। पात्रा ने कहा कि ओडिशा में कानून-व्यवस्था ''पूरी तरह ध्वस्त'' हो गई है और वहां की भाजपा सरकार ''असहाय'' एवं 'विफल' हो गई है। मार्क्सवादी ● शेष पेज 11 पर

### सौ से अधिक सांसदों ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस पर हस्ताक्षर किए: रीजीजू

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के सिलसिले में संसद में प्रस्ताव पेश करने के लिए 100 से ज्यादा सांसदों ने पहले ही एक नोटिस पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसके साथ ही लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव पेश करने के लिए आवश्यक समर्थन हासिल हो गया है। सर्वदलीय बैठक के बाद रीजीजू ने संवाददाताओं से कहा, 'हस्ताक्षर प्रक्रिया जारी है। 100 से अधिक सांसद पहले ही हस्ताक्षर कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) को तय करना है कि प्रस्ताव कब पेश किया जाएगा। किसी न्यायाधीश को हटाने के प्रस्ताव पर लोकसभा में कम से कम 100 और राज्यसभा में 50 सांसदों के हस्ताक्षर होने चाहिए। यह प्रस्ताव लोकसभा में पेश किए जाने की संभावना है। सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र के साथ, सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वह संसद के इसी सत्र में यह प्रस्ताव लाएगी और 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के खिलाफ इस कदम में उसे विपक्ष समेत विभिन्न दलों का समर्थन मिल रहा है। जब रीजीजू से पूछा गया कि क्या सत्र के पहले सप्ताह में यह प्रस्ताव लाया जा सकता है, तो उन्होंने कहा, 'मैं प्राथमिकता के आधार पर किसी भी कार्य पर टिप्पणी नहीं कर सकता, क्योंकि जब तक यह प्रस्ताव अध्यक्ष की अनुमति से बीएसी की ओर से पारित नहीं हो जाता, मेरे लिए कुछ कहना मुश्किल है।

# निकलेगी तिरंगा धन्यवाद यात्रा सफाई मित्रों को मिलेगा सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में देशभर में तीसरा स्थान मिलने के उपलक्ष्य में नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोक नाथ हॉल में रविवार को भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर निगम के सभी 110 पार्षदों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। समारोह में नगर निगम उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, पार्षद दल के उपनेता सुशील तिवारी 'पम्मी', सपा पार्षद दल के नेता कामरान बेग, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह, डॉ. अरविंद कुमार राव, मुख्य अभियंता महेश वर्मा, मुख्य अभियंता (आर.आर.) मनोज प्रभात सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी पार्षदों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए इसे साझा प्रयासों का परिणाम बताया। महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मान नगर निगम की टीम, पार्षदगणों और जनता के सहयोग से संभव हुआ है। लखनऊ इस बार तीसरे स्थान पर है, लेकिन अब हमारा लक्ष्य देश में पहला स्थान हासिल करना है। इसके लिए जरूरी है कि प्रत्येक पार्षद अपने-अपने वार्ड में सफाई व्यवस्था को और प्रभावशाली बनाए, नागरिकों को जोड़े और जनसहभागिता को बढ़ावा दे। समारोह के दौरान यह भी घोषणा की गई कि नगर निगम जल्द ही सफाई मित्रों, अधिकारियों और कर्मचारियों के सम्मान के लिए एक बड़े आयोजन की तैयारी कर रहा है, जो झूलेलाल पार्क या जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी आमंत्रित किया जाएगा। महापौर ने बताया कि लखनऊ की एक बड़ी आबादी को अभी यह जानकारी नहीं है कि शहर ने स्वच्छता रैंकिंग में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से नागरिकों को अवगत कराने और उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट करने के उद्देश्य से एक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसका नाम होगा ''लखनऊ की जनता का धन्यवाद यात्रा''। यह यात्रा लगभग 1 से 2 किलोमीटर लंबी होगी, जिसमें सभी पार्षद और नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी भाग लेंगे। साथ ही, सभी पार्षद अपने-अपने वार्डों में भी इसी प्रकार की तिरंगा यात्रा का आयोजन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी पार्षदों और अधिकारियों ने यह संकल्प लिया कि अगले स्वच्छ सर्वेक्षण में लखनऊ को देश में पहला स्थान दिलाने के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत से कार्य किया जाएगा। लखनऊ अब वेस्ट टू एनर्जी और जीरो वेस्ट डंपिंग की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी एक मिसाल बन रहा है।

# मिश्रपुर डिपो में मुख्य मार्ग की हालत बदहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी के वार्ड जानकीपुरम तृतीय में कुर्सी रोड स्थित मिश्रपुर ग्राम डिपो में बुनियादी सुविधाओं के अभाव और नगर निगम की उपेक्षा से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामवासियों की ओर से वन विभाग मंदिर के बगल से शुरू होकर मोहम्मद आलम पुत्र आमिर अली सैय्यद के घर तक जाने वाले मुख्य मार्ग की मरम्मत और नालियों के निस्तारण की मांग की गई है। करीब 1 से 1.5 किलोमीटर लंबा यह मार्ग बरसात के मौसम में जलभराव और कीचड़ से लबालब हो जाता है, जिससे स्थानीय स्कूली बच्चों और राहगीरों को आवागमन में खासी दिक्कत होती है। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह रास्ता किसी खतरे से कम नहीं है। सड़क पर फैले गोबर और गंदगी के चलते अक्सर फिसलन हो जाती है, जिससे अब तक कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इलाका नगर निगम क्षेत्र में आता है, फिर भी नियमित सफाई नहीं की जाती।

गंदगी के कारण मच्छरों और दुर्गंध से आसपास की आबादी प्रभावित हो रही है और संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। कई लोग बीमारियों की चपेट में भी आ चुके हैं। ग्रामीणों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि तत्काल इस सड़क की मरम्मत कराई जाए, दोनों ओर नालियों का निर्माण कर जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए और नियमित सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र को स्वच्छ रखा जाए। स्थानीय लोगों का कहना है की इस समस्या पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब वे प्रशासन से जल्द से जल्द समाधान की अपेक्षा कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र की जनता को राहत मिल सके और बच्चों व बुजुर्गों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके।

# काशी हुई शिवमय, बाबा विश्वनाथ के दरबार में आस्था की कतार

एजेंसी

वाराणसी। श्रावण मास के दूसरे सोमवार की पूर्व संध्या पर रविवार को ही श्री काशी विश्वनाथ के स्वर्णिम दरबार में दर्शन-पूजन के लिए शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भीषण उमस और गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं का रेला मंदिर परिसर में अलसुबह से ही बोलबम और हर–हर महादेव के उद्घोष के बीच नंगे पांव पहुंचता रहा। श्रद्धालु दशाश्वमेधघाट पर पवित्र गंगा नदी में डुबकी लगाने के बाद जल लेकर श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में दर्शन-पूजन के लिए कतारबद्ध होते रहे। मंदिर के गर्भगृह में भोर की मंगला आरती के बाद शुरू हुआ दर्शन-पूजन का सिलसिला अनवरत चलता रहा। मंदिर के गर्भगृह के बाहर से ही शिव भक्त बाबा का झांकी दर्शन पाकर आह्लादित दिखे। पावन ज्योर्तिलिंग पर जल चढ़ाने के लिए लोहे के पात्र लगाए गए हैं। इन पात्रों से होकर गंगाजल और बेलपत्र,चंदन सहित अन्य पूजन सामग्री सीधे बाबा के ज्योर्तिलिंग तक पहुंच रही है।घरों में भी लोगों ने अवकाश के दिन रूद्राभिषेक कर बाबा से सुखमय जीवन और वंशबेल में वृद्धि की कामना की। वहीं,सावन के दूसरे सोमवार को बाबा का झांकी दर्शन पाने के लिए रविवार शाम से ही श्रद्धालु कतार में जाकर बैठ गए। शिवभक्त पूरी रात कतार में महादेव का स्मरण कर खड़े होकर या बैठ कर गुजारेंगे। सोमवार को भोर में मंगलाआरती के बाद मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धालु अपनी बारी आने पर दर्शन पूजन करेंगे। बाबा विश्वनाथ के प्रति उनकी अगाध आस्था को देख विदेश पर्यटक चकित हैं। उधर, मंदिर में सावन के दूसरे सोमवार को बाबा के गौरीशंकर स्वरूप का श्रृंगार होगा। शाम को शिवभक्त बाबा के इस स्वरूप का दर्शन पाएंगे। मंगला आरती से लेकर शयन आरती तक दर्शन-पूजन का सिलसिला अनवरत चलता चलता रहेगा।

इस बार सावन मास का दूसरा सोमवार बेहद खास है। शिवभक्त गौरी योग में दरबार में दर्शन पूजन करेंगे। सावन मास के दूसरे सोमवार को कामिका एकादशी, वृद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का भी सुखद संयोग है।

# 10 रुपए पेटीएम कर महिला दुकानदार से 10 लाख की ज्वेलरी लेकर चोर फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । शहर के नैनी क्षेत्र स्थित एडीएम मोड़ पर स्थित महालक्ष्मी ज्वेलर्स में 10 लाख की ज्वेलरी की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने पहले 10 का पेटीएम कर महिला दुकानदार का भरोसा जीता और फिर मात्र 10 मिनट में लाखों के गहनों से भरा बक्सा लेकर फरार हो गया।

घटना 10 जुलाई की दोपहर की है, जब दुकान मालिक राकेश व्यास की पत्नी प्रीति ज्वेलरी शॉप पर अकेली थीं। दोपहर करीब 12 बजे एक युवक चैन खरीदने के बहाने दुकान में आया, डिजाइन देख कर चला गया और 3:30 बजे दोबारा लौटा। उसने पसंद की चेन निकलवाई और ऑनलाइन पेमेंट की बात कहते हुए डट कोड मांगा। इसके बाद उसके साथी ने ?10 का पेटीएम कर दिया।

युवक ने महिला को यह कहकर बरगलाया कि शेष राशि उसके पिता भेज रहे हैं। जैसे ही महिला वजन करने में व्यस्त हुई, युवक ने गहनों से भरा बक्सा छीना और फरार हो गया। इस मामले में पीड़िता ने थाना नैनी में अपराध संख्या 326/25 दर्ज कराई है अभी तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है । पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से एक संदिग्ध की पहचान की और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन बाद में छोड़ दिया गया। पीड़ित पक्ष के अनुसार, आरोपी इससे पहले 6 और 8 जुलाई को भी दुकान पर आया था और दो चेन खरीदने की बात कर चुका था। इस मामले में प्रयागराज के नैनी सरगम क्षेत्र निवासी जमीन अहमद द्वारा की गई 10 की पेटीएम ट्रांजैक्शन के आधार पर पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए उठाया, लेकिन कोई ठोस सुराग न मिलने पर छोड़ दिया गया। दुकान मालिक राकेश व्यास का आरोप है कि शिकायत के बाद पुलिस एक बार आई, पर इसके बाद मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आसपास के दुकानदारों और आम नागरिकों में भी इस लापरवाही को लेकर आक्रोश है। इसी तरह 18 जुलाई को छिवकी स्टेशन के पास से रिक्शा पर बैठे व्यक्ति से उचक्कों ने 1 लाख रुपए जेब काटकर फरार हो गए जिसकी रिपोर्ट पीड़ित ने थाने में अपराध सांख्या 340/25 दर्ज कराई है । स्थानीय लोगों का कहना है कि नैनी क्षेत्र में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस या तो क्क्ष्ट दर्ज नहीं करती या फिर पीड़ित को बार-बार थाने के चक्कर लगवाती है। पुलिस पर लीपापोती का आरोप लगाते हुए नागरिकों ने उच्चाधिकारियों से नैनी थाने की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने और सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## पुलिस ने परखी व्यवस्था

**वाराणसी।** अपर पुलिस आयुक्त, कानून–व्यवस्था एवं मुख्यालय, कमिश्नरेट वाराणसी श्री शिवहरी मीना, द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को आने वाले श्रद्धालुओं/कांवड़ियों/दर्शनार्थियों के सुगम/सुरक्षित दर्शन एवं यातायात के दृष्टिगत रोडवेज बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन मलदहिया, साजन तिराहा, रथयात्रा चौराहा, गुरूबाग, लक्सा, रमापुरा, गोदौलिया, दशाश्वमेध, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर गेट नम्बर 04, श्री काशी विश्वनाथ तीर्थक्षेत्र परिसर, श्री काशी विश्वनाथ कारीडोर, गोदौलिया चौराहा के आस–पास सड़क के किनारे अतिक्रमण कर ठेला लगाने वाले, ई–रिक्शा, आटो के विरूद्ध अभियान चलाया गया। श्रवण मास के द्वितीय सोमवार को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत ड्यूटीरत समस्त पुलिस बल को ड्यूटी स्थल पर ही ब्रीफ करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उक्त अभियान के दौरान भ्रमण के दौरान श्री अनिल कुमार यादव पुलिस उपायुक्त यातायात/सुरक्षा एवं अभिसूचना, श्री अंशुमान मिश्रा, अपर पुलिस उपायुक्त, यातायात, सर्किल यातायात निरीक्षक एवं सम्बन्धित थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## कार ने युवक को रौंदा, फरार

**प्रयागराज।** शहर के व्यस्ततम एजी चौराहे पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसने राहगीरों को स्तब्ध कर दिया। एक काली रंग की कार ने पहले बाइक सवार युवक को ज़ोरदार टक्कर मारी, फिर पीछे कर दोबारा उसे रौंदते हुए फरार हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार चालक की मंशा साफ़ तौर पर जानलेवा थी, क्योंकि उसने एक बार नहीं बल्कि दो बार युवक को टक्कर मारी। घटना के तुरंत बाद डायल 112 की पुलिस टीम सक्रिय हुई और आरोपी कार का पीछा किया, लेकिन वह चालक चौराहे का डिवाइडर तोड़कर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस की मदद से तत्काल आशा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही एसीपी सिविल लाइंस मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायज़ा लिया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की तलाश जारी है। फिलहाल यह साफ नहीं हो सका है कि यह हादसा था या जानबूझकर किया गया हमला, लेकिन घटना की क्रूरता को देखते हुए पुलिस हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज कर सकती है। इस घटना ने शहरवासियों को झकझोर दिया है और लोगों में गहरा आक्रोश है। नागरिकों ने मांग की है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए।

## दो गुटों में हुई जमकर मारपीट मुकदमा दर्ज

**बंथरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाके में दो गुटों में शनिवार को मारपीट हो गई। दोनों गुटों ने एक–दूसरे के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है। प्रथम पक्ष के अर्जुन ने बताया कि शनिवार को वह बालाजी मंदिर से घर लौट रहा था। इसी दौरान सौरभ और उसके भाई योगेश ने उसकी गाड़ी रोक ली। योगेश ने अर्जुन पर उसे बदनाम करने का आरोप लगाया। अर्जुन के पूछने पर आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को भी बुला लिया और सभी ने मिलकर अर्जुन पर हमला कर दिया।अर्जुन के अनुसार आरोपियों ने उसके भाई अमन की नाक पर धारदार हथियार से हमला किया तथा अर्जुन के सिर पर भी चोट आई है। किसी प्रकार दोनों वहां से बच सके, आरोपियों द्वारा उनको जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं दूसरी तरफ योगेश गौतम का कहना है कि वह मंदिर से आ रहा था। अर्जुन ने उसे रोक लिया और उसकी भाभी के बारे में अपशब्द कहे। अर्जुन ने अपने भाई अमन को बुलाया और दोनों ने योगेश के साथ मारपीट की। बाद में जान से मारने की धमकी भी दी। बंथरा पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करते हुई जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## आरओ/एआरओ परीक्षा के लिए चाक–चौबंद तैयारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 27 जुलाई को प्रस्तावित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) परीक्षा–2023 को पूरी तरह शुचितापूर्ण, पारदर्शी और निर्बाध तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से अभूतपूर्व व्यवस्थाएं की गई हैं।

परीक्षा के दौरान कोई भी गड़बड़ी, लीक या अनुचित साधनों का प्रयोग परीक्षा को दूषित न कर सके, इसके लिए प्रौद्योगिकी, गोपनीयता, प्रशासनिक निगरानी और कड़े सुरक्षा उपायों की पूरी व्यवस्था की गई है। इसमें एआई के उपयोग से लेकर सीसीटीवी और सोशल मीडिया के जरिए भी निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि 27 जुलाई को सभी 75 जिलों में यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एक पाली में आयोजित होने जा रही इस परीक्षा में 10.76 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए समस्त जनपदों में 2,382 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हर जिले में जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है जो परीक्षा की संपूर्ण व्यवस्था की निगरानी करेंगे और आवश्यकतानुसार त्वरित निर्णय ले सकेंगे।

परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने के लिए प्रश्नपत्र दो अलग–अलग सेट में दो अलग–अलग मुद्रकों से तैयार कराए गए हैं। परीक्षा के दिन प्रश्नपत्र का चयन कंप्यूटर आधारित रैंडमाइजेशन से ठीक परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पूर्व किया जाएगा। सभी प्रश्नपत्र आठ मल्टीपल जंबल्ड सीरीज में होंगे, जिन पर यूनिक एवं वैरिएबल बारकोड अंकित होंगे। इन्हें त्रिस्तरीय लॉक वाले गोपनीय ट्रंक बॉक्स में रखा जाएगा, जो पांच स्तरीय टेम्पर्ड प्रूफ पैकिंग से सुरक्षित होंगे। इस गोपनीयता के साथ–साथ पूरी प्रक्रिया की निगरानी लाइव सीसीटीवी स्ट्रीमिंग के जरिए होगी, जिसे केंद्र, जिला और आयोग स्तर से देखा जा सकेगा।

अभ्यर्थियों की पहचान और केंद्र निर्धारण भी पूरी तरह डिजिटल और सुरक्षित रखा गया है। केंद्र आवंटन की प्रक्रिया कंप्यूटर रैंडमाइजेशन से की गई है, ताकि किसी प्रकार की पक्षपात की संभावना न रहे। ई–प्रवेश पत्र को ओटीआर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) आधारित आठ स्तरीय सत्यापन प्रक्रिया से जोड़ा गया है, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, श्रेणी, हाईस्कूल वर्ष और रोल नंबर जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। प्रवेश के समय बायोमेट्रिक सत्यापन और फ़ेस रिकग्निशन तकनीक के माध्यम से पहचान सुनिश्चित की जाएगी, जबकि डबल लेयर फ्रिस्किंग की जिम्मेदारी पुलिस बल और कार्यदायी संस्था साझा रूप से निभाएंगे।

# रोडवेज बस ने कार और ऑटो को मारी टक्कर, मासूम समेत 5 लोग घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। रविवार दोपहर प्रयागराज के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र स्थित गुरुद्वारा के पास जीटी रोड पर एक अनियंत्रित तेज रफ्तार रोडवेज बस ने भीषण हादसे को अंजाम दे डाला। मूरतगंज से प्रयागराज की ओर आ रही बस पहले एक अर्टिगा कार से टकराई, फिर उसी गति में एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि ऑटो बस के नीचे आ गया और खिंचता हुआ एयरफोर्स की दीवार के पास बने नाले में गिर गया। इस दर्दनाक हादसे में ऑटो में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक दुधमुंहा बच्चा भी शामिल है। ऑटो चालक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों के रोंगटे खड़े हो गए और चारों ओर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने राहत व बचाव कार्य शुरू किया। मौके पर जेसीबी और क्रेन मंगवाकर ऑटो को बस के नीचे से निकाला गया। 108 एंबुलेंस से सभी घायलों को एसआरएन अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। इस दुर्घटना के कारण जीटी रोड पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। यातायात पूरी तरह बाधित हो गया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जाम को हटाया और यातायात सामान्य कराया। घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई थी, लेकिन पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखी। हादसे के दौरान मौके से गुजर रहे पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने भी तत्काल अपनी गाड़ी रुकवाई और राहत कार्यों में हिस्सा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। थानाध्यक्ष पूरामुफ्ती मनोज कुमार सिंह ने बताया कि, इस हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं, जिनमें ऑटो चालक की हालत गंभीर है। सभी को त्वरित इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। जीटी रोड पर यातायात सामान्य कर दिया गया है। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा, तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से रोडवेज बसों की निगरानी बढ़ाने और चालक प्रशिक्षण में सख्ती बरतने की मांग की है।

# दो अगस्त को मोदी का वाराणसी दौरा प्रस्तावित

एजेंसी



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी दो अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा करेंगे। इस दौरान वह एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

श्री मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने रविवार को सेवापुरी विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कलिका धाम में जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने रविवार को बताया कि दो अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक दिवसीय वाराणसी दौरा प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दौरान सेवापुरी विधानसभा अन्तर्गत कालिका धाम क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर वह वाराणसी को विकास परियोजनाओं की सौगात दे सकते हैं। श्री पटेल ने बताया कि पीएम मोदी की सेवापुरी विधान सभा में होने जनसभा को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ जनसभा स्थल का निरीक्षण किया गया तथा मंच, पार्किंग, हैलिपैड, लोगो को आने जाने के लिए सुगम मार्ग आदि व्यवस्था का अवलोकन किया गया। जनसभा स्थल का का निरीक्षण करने वालों में क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल, महापौर अशोक कुमार तिवारी, जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मोर्या, एमएलसी धर्मेंद्र राय, डा सुजीत सिंह, हर्षवर्धन सिंह, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी समेत अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# गंगा–यमुना का जलस्तर खतरे के करीब, सभी बांध सुरक्षित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिले में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच रहा है। दोपहर 12 बजे तक की रिकॉर्डिंग के अनुसार, यमुना नदी का जलस्तर नैनी में 82.94 मीटर दर्ज किया गया है, जो खतरे के निशान (84.734 मीटर) से 1.79 मीटर नीचे है। बीते चार घंटे में यमुना का जलस्तर 25 सेंटीमीटर कम हुआ है। वहीं, गंगा नदी का जलस्तर फाफामऊ में 83.08 मीटर दर्ज किया गया है, जो पिछले 4 घंटे में 2 सेंटीमीटर बढ़ा है। छतनाग में गंगा का जलस्तर 82.39 मीटर रहा, जहां 2 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई है। बुक्सी एसटीपी पर जलस्तर 82.90 मीटर पर स्थिर है। प्रशासन के अनुसार जलस्तर फिलहाल खतरे के निशान से नीचे है और सभी बांध पूरी तरह सुरक्षित हैं। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। जलभराव वाले इलाकों में सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

# कांवड़िया का देर रात अपहरण, पुलिस पर लीपापोती के गंभीर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। शहर में एक बार फिर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। मामला थाना धूमनगंज क्षेत्र का है, जहां एक कवड़िया युवक का देर रात अपहरण कर लिया गया। घटना रात करीब 11 बजे की है जब पीड़ित युवक लवकुश कुमार स्वर्णकार, निवासी सराय अकिल, मुंडेरा में जयसवाल ढाबा पर भोजन कर रहा था। इसी दौरान हेमंत शुक्ला चार अज्ञात युवकों ने लवकुश सोनी को मारपीट कर वैगनआर कार से उसका अपहरण कर लिया और गाड़ी में बंद कर मौके से फरार हो गए। इस घटना का वीडियो फुटेज भी वायरल हुआ है और उसके सहयोगियों ने घटना का बयान भी दिया है ।

घटना की सूचना तत्काल उसके साथियों ने 112 नंबर और ट्रांसपोर्ट नगर चौकी को दी गई। पीड़ित पक्ष ने ट्रांसपोर्ट नगर चौकी में लिखित तहरीर भी दी। सूचना मिलते ही सक्रिय हुई 112 पुलिस की मदद से सल्लाहपुर क्षेत्र में अपहरणकर्ताओं को पकड़ लिया गया।

हालांकि, घटना को लेकर पीड़ित पक्ष और स्थानीय लोगों ने पुलिस पर मामले को दबाने और लीपापोती करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई के बजाय मामले को आपसी विवाद बताकर थाने में निपटाने की कोशिश की। पीड़ित लवकुश कुमार सोनी निवासी सराय अकिल ने बताया कि अपहरण के बाद से वह मानसिक रूप से बेहद व्यथित है और उसे अब भी न्याय की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में जब थाना प्रभारी धूमनगंज से बात की गई तो उन्होंने कहा ''मामला संज्ञान में है। दोनों पक्षों में आपसी विवाद प्रतीत हो रहा है। थाना पूरामुक्ति क्षेत्र में दोनों को रखा गया है और चौकी प्रभारी को मौके पर भेजा गया है। जांच जारी है।'' फिलहाल पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की मांग जोर पकड़ रही है और अब देखना होगा कि पुलिस सच्चाई उजागर करती है या एक और घटना फाइलों में दबी रह जाती है।

# एलडीए ने नैमिष नगर विकसित करने को लेकर बीकेटी में महत्वपूर्ण बैठक की आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ । लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सीतापुर रोड पर नैमिष नगर विकसित करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। एलडीए की टीम ने बी.के.टी.तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।जिसमें योजना के लिए भूमि जुटाने के सम्बंध में किसानों के बीच जाकर उन्हें जागरूक करने की कार्ययोजना तैयार की गयी।एलडीए की तरफ से बैठक की अध्यक्षता संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने की,जिसमें उप जिलाधिकारी-बी.के.टी.सतीश त्रिपाठी, तहसीलदार, कानूनगो व लेखपाल समेत अन्य राजस्व कर्मी उपस्थित रहे। इस मौक़े पर संयुक्त सचिव ने बताया कि बी.के.टी.में सीतापुर, रैथा रोड पर लगभग 2504 एकड़ क्षेत्रफल में नैमिष नगर विकसित किया जाएगा। जिसके लिए बी.के.टी.तहसील के ग्राम-भौली, लक्ष्मीपुर,पूरब गांव, पुरवा,सैरपुर, फरूखाबाद,कोड़री,भौली,कमलाबाद, कमलापुर,पलहरी,गोपरामऊ,बारूमऊ, धतिंगरा व सैदापुर की भूमि चिन्हित की गयी है।इस योजना में 2 लाख से अधिक लोगों को आवासीय सुविधा मिलेगी साथ ही शहर के उद्योग,स्वास्थ्य,शिक्षा व लॉजिस्टिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास होगा।इन योजनाओं से राजधानी में बड़ा निवेश आएगा और बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मैंगो डे पर छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य ने बताया महत्व

## छात्र-छात्राओं ने लिया आम के विभिन्न व्यंजनों का स्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहा, लखनऊ। निगोहा कस्बा स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं ने मैंगो डे मनाया , छात्र-छात्राओं के साथ आम के महत्व और इसके स्वास्थ्य के लाभ के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। मॉडर्न पब्लिक स्कूल निगोहा की प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने बताया कि जहां एक तरफ आम के विभिन्न प्रकार की किस्में? अब समापन की ओर है , वही विद्यालय में मैंगो डे मनाया गया । इस दौरान आम की किस्में चित्रकला द्वारा देखने को मिली और साथ ही छात्र-छात्राओं ने आम से बने विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया इसके महत्व और मिलने वाले लाभ को प्रधानाचार्य ने विस्तार से बच्चों को समझाया । इस तरह का आयोजन छात्रों के लिए बहुत ही ज्ञानवर्धक और आनंददायक होता है। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे ।

## पौधारोपण पखवाड़े की हुई शुरुआत, 30 पौधों का हुआ रोपण

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जन सेवा समिति के द्वारा रविवार को एक पौधा मां के नाम के अंतर्गत समिति के अध्यक्ष शैलेश बाजपेई शीलू, पूर्व मंत्री प्रकाश मिश्रा, संरक्षक संतोष श्रीवास्तव के नेतृत्व में राजाजीपुरम ई ब्लॉक पूर्वी माता मंदिर पार्क में गुलाब, करी पत्ता, तुलसी, चांदनी, कनेर, चमेली आदि के लगभग 30 पौधे लगाते हुए पौधारोपण पखवाड़े की शुरुआत की। इस मौके पर शैलेश बाजपेई शीलू ने कहा कि पर्यावरण के लिए पेड़ लगाना अति आवश्यक है, एक पौधा मां के नाम से हर व्यक्ति को अवश्य लगाना चाहिए व उसकी देखभाल करनी चाहिए। इस मौके प्रमुख रूप से मीना चौबे, ज्योति साहू, पिंकी शाक्य, वर्षा गुप्ता, प्रीति बाजपेई, प्रिया गुप्ता, पवन यादव, मनोज पांडेय, कपिल श्रीवास्तव, निशांत निगम, धीरू मिश्रा, विशाल मल्होत्रा, अरुण कुमार मिश्रा, विनय सिंह, नीरू अस्थाना, अर्चना बाजपेई, कृपाली सक्सेना, मधु चौहान, पुनीत लखानी, वी के निगम, शिवाकांत गुवरेले, शिव शंकर सिंह, फुरकान भाई व कमल सोनी समेत अन्य मौजूद रहे।

# जानवर चराने से मना किया तो पुरानी रंजिश में किसान को पीटा, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहा , लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के मंगटईया गांव में रविवार को खेत की रखवाली कर रहे एक किसान पर जानवर चराने से रोकने पर हमला कर दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों से उसकी पुरानी रंजिश भी चली आ रही है, इसी वजह से मामूली कहासुनी मारपीट में बदल गई। हमले में किसान को गंभीर चोटें आईं और खेत की खड़ी धान की फसल को भी नुकसान पहुंचा है पीड़ित रामचंद्र ने बताया कि वह अपने खेत में बोई गई चरी और खड़ी धान की फसल की रखवाली कर रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि कुछ जानवर फसल में चर रहे हैं। जब उन्होंने जानवरों को खेत से हटाने और चराने से रोकने की कोशिश की, तो अमर सिंह पुत्र हनुमान सिंह, तेदु सिंह पुत्र हनुमान सिंह और उनका भांजा मौके पर आ धमके और गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट करने लगे।रामचंद्र ने बताया कि उक्त लोगों से उनकी पहले से रंजिश चली आ रही है, इसी वजह से विरोध करने पर बात हाथापाई तक पहुंच गई।घायल अवस्था में रामचंद्र किसी तरह निगोहा थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां उनका उपचार चल रहा है। निगोहा थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई करते हुए जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# धर्मांतरण के नाम पर राष्ट्र विरोधी षड्यंत्र अब नहीं चलेगा विधायक ने की केंद्रीय कानून की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊः उत्तर प्रदेश में हाल ही में उजागर हुए छांगुर बाबा धर्मांतरण गिरोह और आगरा में ऋऋ लिंक्ड कन्वर्ज़न मॉड्यूल के खुलासे ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इन घटनाओं पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा है कि , ''धर्मांतरण अब 'धार्मिक स्वतंत्रता' का प्रश्न नहीं, बल्कि भारत की आस्था, बेटियों की अस्मिता और सामाजिक स्थिरता पर सीधा हमला है।'' अब भारत को एक सशक्त, सर्वमान्य और कठोर 'केंद्रीय धर्मांतरण विरोधी अधिनियम' की आवश्यकता है जो देश के हर हिस्से में लागू हो और ऐसे षड्यंत्रों की जड़ से सफाई करे। विधायक ने इस गंभीर विषय पर केंद्र सरकार को पत्र लिखकर एक सशक्त केंद्रीय कानून बनाने की अपील की है।

डॉ. सिंह ने केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को एक विस्तृत पत्र लिखकर मांग की है कि देश में सुनियोजित अवैध धर्मांतरण, विदेशी फंडिंग, लव जिहाद और आतंकी संगठनों से जुड़ी गतिविधियों को रोकने के लिए एक व्यापक ''केंद्रीय धर्मांतरण विरोधी अधिनियम'' लागू किया जाए।

**अवैध धर्मांतरण एक सुनियोजित और खतरनाक नेटवर्कः**

''छांगुर बाबा ने लगभग 5000 हिन्दू लड़कियों का धर्मांतरण करवाया, जातिगत मूल्य निर्धारण किया और सैकड़ों करोड़ का साम्राज्य खड़ा किया। आगरा में दो बहनों को जबरन कोलकाता ले जाया गया, जहां से यूपी पुलिस ने मिशन अस्मिता के तहत उन्हें मुक्त कराया और 10 धर्मांतरण एजेंटों को गिरफ्तार किया। ऐसे मामले बताते हैं कि यह कोई स्थानीय अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित, वैचारिक और विदेशी फंडिंग से पोषित राष्ट्रविरोधी गतिविधि है।

क्यों है अवैध धर्मांतरण खतरनाक?

1. यह केवल धर्म नहीं बदलता – यह संस्कृति को मिटाता, परिवार तोड़ता, और आत्म-चेतना कुचलता है। 2. लव जिहाद, झूठी पहचान और विवाह के माध्यम से भोली-भाली लड़कियों को जाल में फँसाया जाता है। 3. गक्र और धर्मांतरण प्रचारकों को विदेशी फंडिंग से समर्थन मिलता है।4. युवतियों को डिजिटल कट्टरपंथ और आतंकी मानसिकता में ढाला जाता है। राजनीति नहीं, राष्ट्र सर्वोपरि होः डॉ. सिंह ने विपक्षी दलों की चुप्पी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, ''जब बेटियाँ बेची जाती हैं, जब धर्मांतरण के नाम पर आतंक की खेती होती है, तब सेक्युलर दलों की चुप्पी, राष्ट्रहित से नहीं, वोटबैंक से संचालित होती है। यह चुप्पी आतंकवाद का मौन समर्थन है।''

# राजधानी लखनऊ के फरीदीपुर का हाल बेहाल,जानता मे आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ।मुस्कुराइये कि आप लखनऊ मे हैं लखनऊ जो उत्तर प्रदेश की राजधानी है यहाँ विकास का डंका बजता है लेकिन ये विकास क्या केवल वी आइ पी क्षेत्रों भर तक सीमित है ये सवाल भी है और कटाक्ष भी वो भी उन लोगो का जो कहने को तो लखनऊ मे रहते हैं पर उन्हें चेहरे पर मुस्कुराहट महसूस नही हो रही हम बात कर रहे हैं राजधानी के दुबग्गा क्षेत्र के शाहपुर भमरौली और फरीदीपुर मे रह रहे लोगों की जहाँ जल निकासी की कोई व्यवस्था नही की गई है कालोनियां तो बसे ज़माना हो गया पर पानी निकासी कि कोई व्यवस्था नही की गई है स्थानीय निवासी राहुल प्रजापति,राजू लोधी, वीरेंद्र प्रजापति और सुरेंद्र सोनू राहुल विश्वकर्मा दिलीप प्रजापति प्रकाश रावत गोलू सुमित ने हमे बताया कि हमारी कालोनी बसे कई साल हो चुके हैं लेकिन यहाँ बिना बरसात ही बरसात का माहौल बना रहता है पिछले तीन चार सालों से तो और भी मुश्किलात बढ़ गई है हर जगह जल भराव दिखाई देता है जिसकरण स्कूली बच्चों एम्बुलेंस और वृद्धजनों को कहीं आने जाने मे काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है उन्होंने बताया कि यहां के स्थानीय पार्षद,विधायक और सांसद सभी को सूचना भी भेजी गई है पर किसी ने हमे इस समस्या से निजात दिलाने का कोई कार्य नही किया जिससे हमे महसूस ही नही होता कि हम राजधानी मे रह रहे हैं जहाँ विकास की बात तो की जाती है लेकिन हमारे जन प्रतिनिधि विकास करने मे कतराते नज़र आते हैं अगर ऐसा ना होता तो हमारी ये जल भराव की समस्या कब की दूर कर दी गई होती हाल मे हुई बारिश मे वहां मेडिकल सुविधा भी नही पहुंच सकती क्योंकि सड़क तालाब बनी हुई है वहां के निवासी मेहंदी ने बताया कि एंबुलेंस यहां नहीं आ पाती है एंबुलेंस को फोन करो तो एंबुलेंस वाला साफ मना कर देता है कि आपके यहां की रोड खराब है वहां नहीं आ पाएंगे अपनी इसी समस्या को लेकर नागरिक सड़कों पर हैं और मांग कर रहे हैं कि सड़क की सुविधा दी जाए तभी वोट पाने की उम्मीद की जाए।

# उप्र जनहित व्यापार मण्डल के महिला प्रकोष्ठ का हुआ गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर। उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मण्डल के हीरालाल नगर स्थित प्रांतीय कार्यालय पर रविवार को प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सरोजनी नगर विधानसभा के महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया। इस मौके पर हेम लता सिंह को विधानसभा प्रभारी व नीरू तिवारी को विधानसभा अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि संगठन में पद ही सब कुछ नहीं होता व्यक्ति के काम करने की लगन और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा उसे स्वयं ऊंचाइयों पर ले जाता है। व्यापार मण्डल के प्रदेश महासचिव दिलीप द्विवेदी व विधानसभा प्रभारी जितेंद्र कुमार हजेला ने पुष्पगुच्छ देकर दोनों मनोनीत पदाधिकारियो का स्वागत किया। बैठक मे कार्यालय प्रभारी राज कुमार मौर्य, महासचिव रविश श्रीवास्तव, संगठन मंत्री प्रेम लता श्रीवास्तव, वार्ड उपाध्यक्ष शीला चौधरी, पूनम, रमा, आशा, रेनू लता, अस्मिता, सुनीता जायसवाल, ममता सिंह, प्रेमा शर्मा सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रहीं।

## शॉपिंग करती हुई महिला की स्कूटी में रखे जेवराज चोरी, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स सरोजनीनगर-लखनऊ।

सरोजनी नगर थाने में शनिवार को एक महिला ने अपने जेवरात चोरी होने का प्रार्थना पत्र लेकर मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस मामले को दर्ज करते हुए चोरों का पता लगा रही है। पूजा वर्मा पत्नी कृष्ण कुमार निवासी 1473 महाराजपुर कॉलोनी केसरी खेड़ा कृष्णा नगर लखनऊ के अनुसार बीती 7 जुलाई को समय लगभग 19 बजे रिलायंस ज्वैलर्स आलमबाग से कान की बाली दो पीस, एक चैन एक ब्रेसलेट सोने का खरीदा था। आभूषणों को स्कूटी की डिग्गी में रख लिया और शनिदेव मंदिर के पास सांई लेडीस चॉइस से कपड़ा खरीदने के लिए स्कूटी खड़ी कर चली गई, जब कपड़े खरीद कर घर गई तो देखा की डिग्गी से जेवरात चोरी हो गए थे। बतौर पूजा वह तुरंत ही कपड़े की दुकान पर गई और सीसीटीवी कैमरे में देखा तो एक लड़का और लड़की स्कूटी के पास आकर रुके और डिग्गी खोलकर जेवरात निकाल कर चले गए। इसके बाद पूजा द्वारा सरोजिनी नगर पुलिस को तहरीर देकर उनके जेवरात खोज कर दिलाने की गुहार लगाई गई। सरोजिनी नगर पुलिस मामले को दर्ज कर छानबीन कर रही है।

# तम्बू औऱ तिरपाल में आज भी चल रही है ग्राम सभा की खुली बैठके

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ । जहां से पूरे प्रदेश की ग्राम सभाओं के विकास की रूपरेखा तय होती है, राजधानी के उन्ही गांवो की पंचायतें आज भी तम्बू और तिरपाल के नीचे ग्राम सभा की खुली बैठकर कर रहे हैं। राजधानी की सीमा के अंदर ही विकास योजनाएं दम तोड़ रही। एक दशक पूर्व गठित नई पंचायत को अभी तक उनका पंचायत घर नहीं मिला। कहीं नए भवन के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, तो कहीं पुराने सामुदायिक केंद्र पर ही ''पंचायत घर'' का बोर्ड लगा दिया गया है।

ग्राम सभा डिघारी और रामदासपुर 10 दशक पूर्व राजस्व ग्राम के परिसीमन के बाद अलग ग्राम सभा सृजित हुई थी। लिहाजा पुरानी पंचायत में तो पंचायत भवन था लेकिन अलग होने पर दोनों ही ग्राम सभाओं में भवन नही था। दस साल का समय बीत गया और हालत अभी भी जस के तस है। आलम यह है कि डिघारी गांव की आज भी आम कार्ययोजना आम लोंगो की सहमति के लिए खुले में टेंट के नीचे तैयार होती है। प्रधान ज्ञान प्रकाश यादव ने बताया कि नए भवन का प्रस्ताव भेजा गया है, बजट आने पर भवन का निर्माण होगा। आज भी गांव के लोग ग्राम सभा से संबंधित काम करने के लिए जब सचिव से मुलाकात करने की जरूरत होती है, तो किसी होटल या ढाबे अथवा सड़क के किनारे मिलकर अपनी समस्या सुनते हैं। वही , रामदासपुर गाँव के प्रधान ने बताया कि उनकी भी ग्राम सभा में पंचायत भवन का प्रस्ताव काफी पहले भेजा गया है लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया है। फिलहाल सामुदायिक भवन को ही पंचायत घर मान लिया गया है। वहीं पर बैठके और आमसभा होती है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब गांव के पास पंचायत घर ही नहीं है, तो ग्राम सभा के सरकारी दस्तावेज संबंधित जिम्मेदार कहां रखेंगे। खण्ड विकास अधिकारी मोहनलालगंज ने बताया कि, दोनों ही ग्राम सभाओं का प्रस्ताव पंचायतीराज विभाग को भेजा जा चुका है, जल्द ही दोनों ग्राम सभाओं में निर्माण होगा।

## लखनऊ को स्वच्छता सर्वेक्षण में तीसरा स्थान मिलने पर व्यापार मण्डल ने किया महापौर का सम्मान

लखनऊ । व्यापार मण्डल द्वारा रविवार को लाटूश रोड स्थित कार्यालय पर आयोजित भव्य सम्मान समारोह में नगर महापौर सुषमा खरकवाल का स्वागत किया गया। समारोह में नगर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में देशभर में तीसरा स्थान मिलने पर महापौर के नेतृत्व और प्रयासों की सराहना की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार मण्डल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा और महामंत्री अनुराग मिश्र ने किया। चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, कार्यवाहक अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता, महामंत्री अनुराग मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने महापौर का अंगवस्त्र, मोमेंटो और पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया।राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि लखनऊ को तीसरा स्थान दिलाना नगर महापौर के मजबूत नेतृत्व का परिणाम है, जो समूचे लखनऊवासियों के लिए गर्व की बात है। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए नगर निगम और व्यापारियों के सहयोग को अहम बताया। उन्होंने अपील की कि अब अगला लक्ष्य लखनऊ को अतिक्रमण मुक्त बनाकर पहले पायदान पर लाना होना चाहिए।वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने सफाई व्यवस्था की निरंतर निगरानी, बाजार खुलने से पहले और बंद होने के बाद नियमित सफाई, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, अतिक्रमण, सार्वजनिक शौचालय व पेयजल जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी ध्यान देने की मांग की।कोषाध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता और महामंत्री अनुराग मिश्र ने कहा कि यह सफलता नगर निगम टीम और लखनऊ की जनता के सामूहिक प्रयास से ही संभव हो सकी है। उन्होंने आने वाली चुनौतियों को मिलकर पार करने का संकल्प दोहराया।महापौर सुषमा खरकवाल ने अपने संबोधन में कहा कि लखनऊ की यह सफलता व्यापारी समाज, नगर निगम अधिकारियों और लखनऊवासियों के सहयोग से ही संभव हो सकी है। उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि लखनऊ को हर क्षेत्र में नंबर एक बनाने का लक्ष्य तय किया गया है और इसमें जनसहयोग सबसे बड़ा आधार होगा।इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता, मनीष गुप्ता, प्रियांक गुप्ता, नीरज जौहर, साकेत शर्मा, तेजपाल बग्गा, आदि लोग उपस्थित रहे।

# केसरिया हिंदू वाहिनी परिवार की तरफ से वृहद वृक्षारोपण कार्य प्रारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर/महोली । केसरिया हिंदू वाहिनी के संस्थापक डॉ अतुल मिश्रा की उपस्थिति में महोली तहसील में उप जिलाधिकारी देवेंद्र मिश्रा ,कृषक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री प्रफुल्ल मिश्रा तथा प्रमुख समाजसेवी मनोज मिश्रा के कर कमलों के द्वारा वृक्ष लगवाने का कार्य प्रारंभ किया गया ,आपको बता दे केसरिया हिंदू वाहिनी के समस्त पदाधिकारीयों के द्वारा इस समय वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है जिसमें आज महोली तहसील के परिसर व बाबा बैजनाथ धाम मंदिर व महोली रेलवे स्टेशन पर लगभग दो सौ पेड़ लगाए गए व 11000 पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया। एक वृक्ष मां के नाम के संकल्प के साथ आपको बताते चले कि पूरे भारत में स्वर्गीय मंजुला रसिक कोठारी ,जो कि केसरिया हिंदू वाहिनी की वृक्षारोपण की संरक्षक रही है। उनकी स्मृति में हर वर्ष जून से लेकर अक्टूबर तक वृहद वृक्षारोपण का अभियान चलाया जाता है।,जिसकी शुरुआत आज जनपद सीतापुर के महोली से हुई । वहां पर उपस्थित संस्थापक डॉक्टर अतुल मिश्रा , उप जिलाधिकारी महोली देवेंद्र मिश्रा



व्यापार उद्योग संगठन प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय महासचिव आचार्य अमित कृष्ण महाराज जी नायब तहसीलदार मनोज मिश्रा व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपू गुप्ता अधिशासी अधिकारी श्रीष मिश्रा निरंजन दीक्षित वरिष्ठ पत्रकार संजीव पांडे डिप्टी रेंजर जहीरूद्दीन वन दरोगा नीरज रावत बृजेश दीक्षित प्रदेश प्रभारी कुलदीप बाजपेई जिला अध्यक्ष दिवाकर बाजपेई मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आशीष बाजपेई जिला प्रभारी सुनील शुक्ला जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार प्रभाकर शुक्ला मुदित वर्मा ताराचंद वर्मा प्रवीण अवस्थी सभासद कपिल मिश्रा वैभव दिक्षित कुलदीप द्विवेदी भोले शंकर मिश्रा अश्वनी यादव मोनू बाजपेई राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी अंकित मिश्रा व संगठन के सैकड़ो पदाधिकारी उपस्थित रहे।।

# एल्पिस ग्लोबल स्कूल में एक्टिविटी वीक का हुआ सफल समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । शहर के प्रतिष्ठित एल्पिस ग्लोबल स्कूल में दिनांक 09 जुलाई से 19 जुलाई 2025 तक साप्ताहिक गतिविधि सप्ताह का आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस विशेष आयोजन का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर श्री उमंग राजवंशी द्वारा माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



गतिविधि सप्ताह में नर्सरी से लेकर कक्षा ग्यारहवीं तक के छात्रों ने विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। हर दिन विद्यार्थियों ने अलग-अलग गतिविधियों जैसे सुलेख, फैंसी ड्रेस, निबंध लेखन, पेंटिंग, नॉन फायर कुकिंग, स्क्रैचिंग, पोस्टर मेकिंग, स्टोरी टेलिंग, बुकमार्क मेकिंग, कार्टून मेकिंग, फ्लावर डेकोरेशन, क्ले आर्ट, स्पेलिंग बी, मानसिक जागरूकता, प्ले राइटिंग, मेंटल मैथ्स, तथा अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियों में भाग लिया।

विद्यार्थियों के लिए यह सप्ताह केवल प्रतिस्पर्धा का मंच ही नहीं रहा, बल्कि यह उनके सर्वांगीण विकास और आत्मविश्वास निर्माण का सशक्त माध्यम बना।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा ने संपूर्ण कार्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा,

हम एल्पिस ग्लोबल स्कूल में केवल पठन-पाठन तक सीमित नहीं रहते, अपितु छात्रों के बहुमुखी विकास हेतु निरंतर प्रयत्नशील हैं। यह गतिविधि सप्ताह उसी दिशा में एक सार्थक कदम है।ङ्क

विद्यालय के डायरेक्टर श्री उमंग राजवंशी ने अपने प्रेरणादायी उद्‌बोधन में कहा,

इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ सहगामी गतिविधियों में भी दक्ष बनाना है, जिससे उनका व्यक्तित्व सशक्त, संतुलित व आत्मनिर्भर बने।

इस सप्ताह भर चले आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकों व स्टाफ ने अत्यंत समर्पण व उत्साह के साथ सहयोग किया। विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकगणों के समन्वय ने इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न किया।

एल्पिस ग्लोबल स्कूल एक बार फिर अपनी गुणवत्ता, नवाचार और बच्चों के संपूर्ण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को सिद्ध करने में सफल रहा है।

# वैश्य समाज की एकजुटता का परिचय, मिश्रा गेस्ट हाउस में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। बॉथम वैश्य सभा खैराबाद द्वारा जन संवाद कार्यक्रम मिश्रा गेस्ट पर आयोजित किया गया है जिसमें वैश्य समाज के लोगों ने नगर पालिका संबंधित अपनी समस्याओं को आदरणीय अध्यक्ष प्रतिनिधि महोदय नगर पालिका परिषद खैराबाद अभिषेक गुप्ता जी के समझ रखी अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा सभी समस्याओं को क्रमवार कलम बंद करके जल्द से जल्द निस्तारण करने का हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया एवं समाज की एकता और उत्थान पर चर्चा की गयी। अध्यक्ष प्रतिनिधि महोदय का वैश्य समाज के बीच अपना कीमती समय देने के लिए बहुत-बहुत आभार। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बॉथम वैश्य सभा का दिल की गहराइयों से बहुत-बहुत आभार धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक मंडल से श्री




निरंकार गुप्ता जी बाबूराम बाथम जी राजकुमार गुप्ता जी अध्यक्ष बॉथम वैश्य सभा विमल गुप्ता महामंत्री राम जी गुप्ता उपाध्यक्ष विजय गुप्ता शैलेंद्र गुप्ता संदीप गुप्ता अजीत गुप्ता अंकुर गुप्ता संगठन मंत्री रोमिल गुप्ता मीडिया प्रभारी जतिन गुप्ता आईटी सेल के आदर्श गुप्ता विकास गुप्ता राजेश गुप्ता मंत्री शुभम गुप्ता सुशील गुप्ता अर्पित गुप्ता कपिल रामबाबू इत्यादि बहुसंख्यक वैश्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

# परसेंडी से खैराबाद तक का सफर होगा आसान, राज्य मंत्री ने रखी नींव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद, सीतापुर । परसेंडी से खैराबाद तक के मुख्य मार्ग का शीघ्र ही चौड़ीकरण किया जाएगा। इस महत्त्वपूर्ण परियोजना का भूमि पूजन शुक्रवार को नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर 'गुरु' द्वारा पाठक ताल के समीप विधिवत रूप से संपन्न कराया गया।इस अवसर पर मंत्री राकेश राठौर ने कहा कि यह सड़क जनहित की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है, और हर हाल में इसे समय से पूरा कराकर जनता को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा और वे स्वयं समय-समय पर इसकी समीक्षा करेंगे। राज्यमंत्री ने बताया कि परसेंडी से खैराबाद तक बनने वाले इस मार्ग पर कुल 15.82 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस मार्ग से लगभग 50 गांवों के लाखों ग्रामीणों को सीधे लाभ मिलेगा। यह मार्ग परसेंडी से मोहरैया, साहबनगर, मोहिसिनपुर, बिरैचा,



मीरनगर, पाठकपुर, माखूपुर होते हुए खैराबाद को जोड़ेगा। इसके अलावा यह लहरपुर क्षेत्र को भी जोड़ने का कार्य करेगा।

ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक गतिविधियों को भी गति देगा। वर्षों से इस मार्ग के सुधार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों शैलेश कुमार प्रमोद संतोष जायसवाल रामकिशोर जायसवाल आदि ने मंत्री राकेश राठौर को इस ऐतिहासिक पहल के लिए धन्यवाद एवं बधाई दी।कार्यक्रम में एडवोकेट संदीप गुप्ता, संदीप अवस्थी, समाजसेवी अभिषेक गुप्ता बबलू भैया अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद सभासद उमेश जायसवाल, विष्णु कुमार गौतम, कुलदीप जयसवाल, उमेश जयसवाल पूर्व सभासद,कमलेश जयसवाल, खुशाल राठौर, नरेश जयसवाल, मैथिली जयसवाल,सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी का कावड़ यात्रा के दौरान सराहनीय योगदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। सावन माह के पावन अवसर पर निकाली जा रही कावड़ यात्रा को सफल व सुरक्षित संपन्न कराने हेतु सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। उन्होंने न केवल क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों का लगातार भ्रमण किया, बल्कि ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश देकर व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखा। सीओ रमेश कुमार तिवारी द्वारा अपने सर्किल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न थाना क्षेत्रों में कावड़ यात्रा के मार्गों पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने स्वयं रात के समय मार्गों का निरीक्षण कर ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों की तैनाती की स्थिति जानी और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था ही नहीं, रमेश कुमार तिवारी शिविरों में पहुंचकर शिवभक्त कावड़ियों से सीधे संवाद भी कर रहे हैं। वह न केवल उन्हें



यात्रा के दौरान सतर्क रहने की समझाइश दे रहे हैं, बल्कि उनकी समस्याओं और सुझावों को भी गंभीरता से सुन रहे हैं।

क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं ने भी सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी की सक्रियता और संवेदनशीलता की खुले दिल से सराहना की है। लोगों का कहना है कि अधिकारी अगर इसी तरह से जमीनी स्तर पर उतरकर काम करें, तो किसी भी आयोजन को सफल और सुरक्षित बनाना संभव है।

इस दौरान रमेश कुमार तिवारी ने यह भी स्पष्ट किया कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या श्रद्धालुओं को असुविधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस बल पूरी तरह सतर्क है और चौकसी में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

कुल मिलाकर, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी के प्रयासों से न केवल श्रद्धालुओं को सुरक्षा का भरोसा मिला है, बल्कि पुलिस प्रशासन की कार्यशैली को लेकर आमजन के बीच विश्वास भी और गहरा हुआ है।

# गोला में अभाविप का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला खीरी । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) लखीमपुर विभाग के गोला जिले में एक दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग में संगठन के मूल सिद्धांतों, कार्यपद्धति, सदस्यता विस्तार और नगर इकाई निर्माण जैसे विषयों पर चार प्रमुख सत्र आयोजित किए गए।




कार्यक्रम में प्रांत से प्रवासी के रूप में लक्ष्मी पाण्डेय जी उपस्थित रहीं। उन्होंने सैद्धांतिक भूमिका सत्र में अभाविप की वैचारिक नींव और राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका को विस्तार से रखा। कार्य पद्धति सत्र का संचालन विभाग संयोजक श्री अजय पाण्डेय जी ने किया, जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन के दैनिक क्रियाकलापों और अनुशासन से अवगत कराया। श्री अभिनव जी ने सदस्यता और नगर इकाई विषयों पर मार्गदर्शन करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। अभ्यास वर्ग में गोला जिले के जिला संगठन मंत्री सत्यम दुबे, जिला प्रमुख प्रमोद, जिला संयोजक आशुतोष कुमार एवं विभाग छात्रा संयोजक आंचल श्रीवास्तव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह आयोजन संगठन के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने और उन्हें संगठनात्मक दायित्वों के लिए अधिक सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

## रेडीमेड कपड़े की दुकान में लगाई गईं आग दुकानदारों ने चौकी इंचार्ज पर शराब पीकर जांच किए जाने लगाए आरोप



लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । हैदराबाद थाना की अजान चौकी क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में एक रेडीमेड कपड़े की दुकान में आग लगा दी गई, जिसमें दुकानदार को लगभग 2 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दुकानदार विशाल वर्मा ने आरोप लगाया है कि कुछ अज्ञात लोगों ने उनकी दुकान में आग लगाई। घटना की जानकारी मिलने पर अजान चौकी प्रभारी अशोक सिंह मौके पर पहुंचे, लेकिन लोगों ने उन पर शराब पीकर जांच करने का आरोप लगाया, जिससे लोगों ने रोड जाम कर हंगामा किया। हैदराबाद थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर जांच की और कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर हंगामा समाप्त हुआ इसके बाद थाना प्रभारी ने सभी दुकानदारों को चौकी पर बुलाया।नाराज दुकानदार चौकी पर नहीं गये और न हीं अभी तक पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है

## लाठीचार्ज का गुनहगार कौन? मां–बेटे की पिटाई पर सिर्फ एक सिपाही बलि का बकरा!

लखीमपुर खीरी, फरधान कैनविज टाइम्स संवाददाता। भीड़ नियंत्रित करने के नाम पर मां–बेटे पर लाठीचार्ज करने वाले सिपाही अक्षय कम्बोज पर कार्रवाई करते हुए उसे लाइन हाजिर कर दिया गया है। यह कार्रवाई बताती है कि अब ज़िम्मेदारियों से भागने का वक्त खत्म हो रहा है — पुलिस महकमा, भले ही आंशिक रूप से, जवाबदेही की ओर कदम बढ़ा रहा है।

जहां एक ओर यह पहली छोटी जीत है पीड़ितों के लिए, वहीं जनता की सतर्कता और आवाज़ ने यह साफ़ कर दिया है कि अब किसी भी अन्याय को चुपचाप सहा नहीं जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होगी और दोषी चाहे कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगा।

# किसान परेशानः खाद और बिजली की समस्या का समाधान न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी। क्षेत्र में खाद और बिजली की समस्या को लेकर किसान परेशान हैं। सुबह से शाम तक किसान भूखे प्यासे खाद के लिए इधर-उधर चकर लगाते रहते भटकते रहते हैं, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिलती। भीषण गर्मी में लाइन में खड़े रहने के व इसके बावजूद किसानों को खाद नहीं मिल रही है। सोसाइटी में खाद की समस्या कस्बे में सोसाइटी में जिसका खाता है, उसी को खाद मिलती है। इससे अन्य किसानों को परेशानी हो रही है। किसानों का कहना है कि खाद की कमी के कारण उनकी फसलें खराब हो रही हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है छोटा किसान यूरिया खाद के लिए परेशान है फ़सल नस्ट बर्बाद हो रही है

बिजली कटौती की समस्या भीषण गर्मी में बिजली कटौती की समस्या भी किसानों के लिए परेशानी बनी हुई है। एक-एक, दो-दो घण्टा कभी कभी पूरा पूरा दिन बिजली की कटौती होती है, जिससे किसानों को अपने खेतों की सिंचाई करने में परेशानी हो रही है। किसान नेता अखिल भारतीय किसान संघ



जसपाल सिंह पल्ला ने अन्य किसान यूनियन के पदाधिकारियों की अगुवाई में उपजिलाधिकारी राजीव निगम को ज्ञापन देकर चेतावनी दी कि अगर समय रहते बिजली और खाद की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र के तमाम किसानों के साथ तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। किसान नेता ने कहा कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही परेशान हैं और अगर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे मजबूर होकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। उपजिलाधिकारी राजीव निगम ने किसानों की समस्याओं को सुनने के बाद आश्वासन दिया कि वे जल्द ही समस्याओं का समाधान करेंगे।

# फिर एक बार बना राहत का केंद्र ओम फर्टिलाइजर्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी। जहां एक तरफ खाद की किल्लत को लेकर पूरे इलाके में किसान जूझ रहा है कई जगहों पर उन्हें घंटों लाइन में लगने व इधर-उधर भटकने को मजबूर है । इसी समस्या को लेकर ओम फर्टिलाइजर किसानों को खाद देकर किसानों को डूबते हुए तिनके के समान मिशाल पेश की है। वहीं भीड को देखते हुए कोतवाली की पुलिस, प्रशासन की देख रेख, में किसानों को यूरिया 266.50 रुपए में बांटा गया, जिससे, किसानों को खुशी है, बिना टैगिंग के यूरिया उपलब्ध हे सिंगाही रोड़ ओम फर्टिलाइजर सेंटर सिंगाही रोड़ निघासन किसानों के लिए एक बार फिर राहत का केंद्र बन गया दुकान संचालक धीरज मिश्रा ने हमारे यहां नियमानुसार यूरिया खाद का वितरण निर्धारित मूल्य 266.50 पर किया जा रहा है। हमारी निरंतर बराबर गाड़ी आती रहेगी।



इसी प्रकार पुलिस प्रशासन का सहयोग मिलेगा तो किसानों को कोई दिक्कत नहीं होगी। बंगलहा निवासी लेखराम ने बताया कि यहां खाद बीच-बीच में मिलती रही है और किसानों को सहूलियत हो रही है किसी तरह का दबाव नहीं है,प्रीतम पुरवा मुंनी देवी ने बताया ओम फर्टिलाइजर स्टोर पर भीड़ के कारण समय जरूर लगा लेकिन उचित रेट में युरिया मिल गई।और नहीं कोई अन्य सामग्री का दबाव बनाया गया।

झंडी निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि एक आधार पर एक बोरी ओम फर्टिलाइजर में उचित रेट में बराबर मिल रही है।

झंडी निवासी निवासी अनुराग पटेल ने बताया कि उन्होंने एक आधार कार्ड के हिसाब से उचित रेट में खाद मिल गई। सिस्टम से जो भी समय से आया सभी को खाद मिल गई।निघासन निवासी पिंकी देवी ने कहा कि भीड़ जरूर थी, लेकिन उचित मूल्य पर खाद मिल गई। राममनोहर, निवासी रकेहटी ने बताया कि ''कम से कम एक बोरी तो मिल रही है, पहले तो लोग दूर-दूर तक भटक रहे थे और फिर भी खाद नहीं मिलती थी। ढ्ढकुर पुरवा निवासी उमेश कुमार ने बताया कि ओम फर्टिलाइजर सेंटर से पूरे क्षेत्र के किसानों को राहत मिल रही है। यहां के प्रबंधन की वजह से लोगों को भटकना नहीं पड़ रहा है।

## चोरों ने प्राइवेट स्कूल को बनाया निशाना




निघासन/ बम्हनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मझगई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पतिया गांव में चल रहे नवयुग पब्लिक कॉन्वेंट स्कूल को बीती रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए हजारों रुपए का सामान गायब कर दिया है। पतिया में चल रहे नवयुग पब्लिक कॉन्वेंट स्कूल के नवीनतम भवन में बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया, जिसमें चोरों ने विद्यालय से छः प्लास्टिक की कुर्सी, एक पानी की टंकी (केन), मोटर, एक चादर, मेज की ड्राल में रखे विद्यालय संबंधी आवश्यक कागजात, सहित हजारों का पार कर दिया, विद्यालय प्रधानाचार्य दयानंद मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय प्रबंधक आवश्यक कार्य से रविवार की सुबह जब नए भवन में आए तो देखा कि वहां पड़ी कुर्सियां गायब थी, ड्राल के लॉक टूटे हुए मिले, इसके बाद जब नल के पास देखा तो वहां से मोटर भी गायब थी, इस घटना को पास पड़ोस के लोगों को बताते हुए तुरंत पुलिस को सूचित किया जिस पर थानाध्यक्ष ने तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर मुआयना करवा कर जल्द ही चोरी का खुलासा करवाने का आश्वासन दिया।

# पुलिस परिवार की ओर से भण्डारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रज क्षेत्र दुर्विजय सिंह शाक्य, माननीय जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, माननीय विधायक बिल्सी हरीश शाक्य, माननीय विधायक दातागंज राजीव सिंह बब्बू भैया,माननीय सदर विधायक महेशचन्द्र गुप्ता तथा जिलाधिकारी बदायूँ अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा पंचायत घर दहेमु में कांवड़ यात्रा में चल रहे कांवड़ियो पर पुष्पवर्षा की गयी तथा पुलिस परिवार, बदायूँ द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया । सभी कांवड़ियो / श्रद्धालुओं को फल एवं प्रसाद वितरित किया गया तथा माननीय क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रज क्षेत्र दुर्विजय सिंह शाक्य जी कछला घाट से जल चढ़ाने के लिए जल भरकर कांवड़ लेकर आए हैं । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के0के0 सरोज, अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ0 देवेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार उपाध्याय,क्षेत्राधिकारी सहसवान कर्मवीर सिंह,क्षेत्राधिकारी दातागंज के0 के0 तिवारी एवं प्रभारी निरीक्षक उझानी नीरज मलिक, प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन मनोज कुमार एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे । उक्त कार्यक्रम के उपरान्त जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा कछला गंगा घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों पर ऊर्ज़ा विभाग के अधिकारी अमल करें : एके शर्मा

## मंत्री एके शर्मा ने नगर निगम की 50 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। ऊर्ज़ा विभाग के अधिकारी जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दिये गये सुझावों पर अमल करें। यह बातें उप्र सरकार में नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को मुरादाबाद में ऊर्ज़ा विभाग के अधिकारियों के साथ जिले में हो रहे विद्युत तंत्र सुदृढ़ीकरण एवं अन्य विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान कही।

मंत्री एके शर्मा रविवार को जनपद मुरादाबाद प्रवास पर पहुंचे। नगर विकास मंत्री ने सबसे पहले नगर निगम की करोड़ों की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इसके बाद सर्किट हाउस सभागार में विद्युत विभाग और नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक को संबोधित किया। बैठक में नगर निगम मुरादाबाद के महापौर विनोद अग्रवाल, नगर विधानसभा से विधायक रितेश गुप्ता, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, महानगर भाजपा अध्यक्ष गिरीश भंडूला, नगर निकायों के अध्यक्ष, पार्षद व सभासद सहित ऊर्ज़ा विभाग के अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने नगर निगम मुरादाबाद की 50 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। एके शर्मा ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा, 5-डी मोशन थिएटर, होलोग्राफिक प्रोजेक्टर शो, हनुमान वाटिका, स्पंदन का उद्घाटन किया। बुद्धि विहार में बन रही भव्य हनुमान वाटिका का भी शिलान्यास किया।



## महापौर व नगर आयुक्त का गोरखपुर वासियों, नगर निगम कर्मचारियों और पार्षदों ने किया जोरदार स्वागत

**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में पूरे देश मे चौथा स्थान प्राप्त हुआ। केंद्र सरकार के द्वारा महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव व नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल को सम्मानित किया गया। शनिवार को गोरखपुर पहुँचने पर गोरखपुर वासियो, पार्षदो व निगम के कर्मचारियों ने महापौर व नगर आयुक्त को बुके देकर सम्मानित किया। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान महापौर डॉ0 मंगलेश श्रीवास्तव ने बताया कि गोरखपुर नगर निगम के लिए ऐतिहासिक दीन है। नगर निगम को राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार मिला। इसके लिए गोरखपुर वासियो को धन्यवाद देता हूँ। गोरखपुर नगर वासियो ने इस कार्य मे बहुत सहयोग किया। जिससे यह सफलता हासिल हुआ। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने दिन रात कार्य करके शहर को स्वच्छ बनाया। मीडिया से बात करते हुए नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जिस संकल्प व सपने को देखते हुए उन्होंने निर्देशित किया था उसी के दृष्टि में आगे बढ़ते हुए नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण में पूरे देश मे चौथा स्थान प्राप्त किया है। गोरखपुर के नागरिको ने शहर को स्वच्छ बनाने में साथ दिया। गोरखपुर को कीर्तिमान स्थापित करने में मदद किया। यह उपलब्धि नगर निगम की ही नही बल्कि गोरखपुर वासियो की है। इस वर्ष चार उपलब्धि नगर निगम को हासिल हुआ है।

## प्रेम प्रसंग में युवती की चाकू मारकर हत्या सड़क पर शव रखकर परिजनों ने जाम लगाने का किया प्रयास

**उन्नाव, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सदर कोतवाली क्षेत्र के आदर्शनगर मोहल्ला में एक युवक ने अपनी महिला मित्र की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना शनिवार सुबह की है। आरोपी दिलीप और मृतका के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद आरोपी ने युवती के पेट और कंधे पर चाकू से कई वार किए। घायल युवती को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए हैलट अस्पताल, कानपुर रेफर किया गया। इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई। आरोपी दिलीप अचलगंज थाना क्षेत्र के बंदूखेड़ा गांव का रहने वाला है। वह अक्सर रिश्तेदारों से मिलने आदर्शनगर मोहल्ला आता था। इसी दौरान उसकी मोहल्ले की 22 वर्षीय युवती से नजदीकियां बढ़ीं और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए।रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुंचा तो परिजनों ने आदर्शनगर चौराहे पर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। इस बीच, पीड़िता की मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी दिलीप के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश में टीमें गठित की गई हैं। सीओ सिटी सोनम सिंह ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी दिलीप का अपने रिश्तेदारों के माध्यम से आदर्शनगर मोहल्ला में आना-जाना था। इसी दौरान उसकी जान-पहचान 22 वर्षीय युवती से हुई और दोनों में प्रेम संबंध बन गए थे। शनिवार को किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। जिसके चलते दिलीप ने यह वारदात कर डाली। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## विजय आनंद ने स्टाफ की बैठक ली

**मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद मुरादाबाद की नगर पंचायत पाकबड़ा के चेयरमैन मोहम्मद याकूब तथा नव आगंतुक ईओ विजय आनंद ने स्टाफ की बैठक ली।बैठक में दोनों ने कहा कि सावन माह के मद्देनजर नगर की साफ सफाई तथा पेयजल व्यवस्था ठीक रखें।लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस अवसर पर प्रधान लिपिक हिमांशु चौहान भी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने जारी किया स्कूल बंदी का आदेश

**मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद मुरादाबाद के जिला अधिकारी अनुज कुमार सिंह के आदेशों के बाद जनपद मुरादाबाद में सावन का माह के मद्देनजर क्लास 1 से 12 तक के सभी स्कूल आगामी 21,26,28 जुलाई तथा 24 अगस्त को बिल्कुल बंद रहेंगे। जिला अधिकारी ने इस आदेश को पूरी तरह से लागू करने के आदेश दिए हैं। ना मानने पर दोषी लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई है।

## डीसीएम ने बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर रूप से घायल

**बछरावां,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरूवा पश्चिम गांव बाईपास पर रामपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की ग्राम मुसण्डी थाना मौरावां जनपद उन्नाव का रहने वाला कलीम पुत्र साजिद स्थानीय थाना क्षेत्र के पश्चिम गांव स्थित अपनी बहन के घर से वापस अपने गांव जा रहा था । तभी चुरुवा पश्चिम गांव बायपास मार्ग पर रामपुर गांव के पास उसकी बाइक को एक डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर भेज दिया गया है । वही डीसीएम चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया है । इंचार्ज थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी ।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर , ट्रामा सेंटर रेफर

**बछरावां,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरी गांव के पास एक अज्ञात वाहन बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दे जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस में इलाज के लिए उसे अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घटनाक्रम के अनुसार रविवार दोपहर लवलेश पुत्र प्यारे उम्र लगभग 19 वर्ष निवासी जमालपुर मजरे लोधवा मऊ थाना मिल एरिया बाइक से लखनऊ प्रयागराज हाईवे होते हुए बछरावां की ओर आ रहा था। तभी सेरी गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी । हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया । हाईवे से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की सूचना एंबुलेंस को दी । सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है ।

# पालिका रसोई के माध्यम से हुआ भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। नगर पालिका परिषद बदायूं में नगर पालिका रसोई का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सांसद धर्मेंद्र यादव रहे तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा तथा अध्यक्षता चेयरमैन फात्मा रज़ा ने की। यहां बता दें नगर पालिका बदायूं में फात्मा रज़ा द्वारा प्रत्येक माह के रविवार को पालिका रसोई के माध्यम से गरीबों को निःशुल्क भोजन कराया जाता है। इसी क्रम में आज सावन के माह में पालिका द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर मा0 सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा पालिका द्वारा गरीबों को निःशुल्क भोजन कराना बहुत पुण्य का काम है। भूखे को रोटी मिल जाएं इससे बेहतर कोई कार्य नहीं हो सकता मुझे इस कार्यक्रम में आने का मौका मिला यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। चेयरमैन फात्मा रज़ा ने जब से कार्यभार संभाला है, जनहित में शहर में कार्य दिखाई दे रहा है।विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने अपने संबोधन में कहा अल्लाह ताला को उसकी बनाई हुई मखलूक की खिदमत करना बेहद पसंद है। रोजी रोटी, इज़्ज़त, शोहरत सब अल्लाह के हाथ में है। जिसे ऊपर वाले ने पैदा किया है, चाहे वह किसी धर्म का हो रोटी देने का वायदा किया है, रोटी सिर्फ अल्लाह देता है। जरिया पालिका की चेयरमैन फात्मा रज़ा बन रही, यह उनकी खुश किस्मती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही चेयरमैन फात्मा रज़ा ने मा0 सांसद धर्मेंद्र यादव व पूर्व मंत्री आबिद रज़ा का कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद किया तथा कहा पालिका शहर में बिना पक्षपात के विकास करा रही है। सफाई, लाइट, पानी, सड़कों में सुधार हो रहा है। जनहित में लगातार मेरे द्वारा कार्य कराने का प्रयास जारी रहेगा। पालिका में निःशुल्क रसोई मेरा चुनावी वायदा था। शहर की जनता को पालिका स्तर से कोई परेशानी नहीं होगी। कार्यक्रम में सफाई यूनियन, सभासद तथा शहर के गणमान्य लोगों ने माननीय सांसद धर्मेंद्र यादव, पूर्व मंत्री आबिद रज़ा, चेयरमैन फात्मा रज़ा का पगड़ी बांधकर, फूलमालाएं व बुके देकर स्वागत किया। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने सांसद धर्मेंद्र यादव को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह यादव, कैप्टन अर्जुन, ओमवीर सिंह, फरहत अली, महेश सक्सेना, अनवर आलम, ज्योति मेंहदीरत्ता, इंदु सक्सेना, साजिद अली, सैय्यद आजम अली, भानु प्रताप, सी एल गौतम, वीरपाल सिंह व सभासद गिरीश शुक्ला, अनवर खां, मनोज कश्यप, नवेद, अबरार, अनवर अंसारी, अली अल्वी, रमेश डी लाल, भूरे पीर जी, छोटू, बब्लू, डॉ0 आशु, सलमान एडवोकेट, मुकुल, मोहतशाम सिद्दीकी, मोहम्मद मियां, अफसर खां, कौसर, अनीस सिद्दीकी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। अन्त में चेयरमैन फात्मा रज़ा ने सभी का कार्यक्रम में आने के लिए शुक्रिया कहा।

## तीन घरों में सेंधमारी कर लाखों के जेवर व नकदी बटोर ले गए चोर

बरेली। देवरनिया थाना क्षेत्र बसुधर जागीर गांव में शनिवार रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाते हुए दो घरों से लाखों रुपये के जेवर और नकदी बटोर ले गए, जबकि एक घर में ताले तोड़ने के बाद चोर अंदर घुसने में नाकाम रहे। चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। देवरनिया थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने रविवार को बताया कि बसुधर जागीर गांव में बीती रात अली पुत्र शकील के घर चोर पीछे की दीवार तोड़कर दाखिल हुए। चोरों ने अंदर अलमारी से सोने चांदी के जेवरात समेत 40 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। घटना के वक्त घरवाले सो रहे थे, उन्हें भनक तक नहीं लगी। इसके बाद चोरों ने नाजमा बेगम पत्नी मोहब्बत शाह के घर का मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए। जहां चोर 36 हजार रुपये नकद, सोने चांदी के गहनें बटोर ले गए।

# एडीएमने महिला का बनवाया अंत्योदय कार्ड



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के क्रम में तहसील डलमऊ में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमृता सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। आज के आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 06 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया गया, शेष प्रकरणों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। आज के आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में रोहिणी सिंह पत्नी स्वर्गीय विजय सिंह ग्राम आंबा ने अपना प्रार्थना पत्र देकर अंत्योदय कार्ड बनवाए जाने हेतु अनुरोध किया, अपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी अहमद फरीद खान को महिला का कार्ड बनवाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया, उपजिलाधिकारी ने तहसील दिवस के दौरान ही पूर्ति निरीक्षक से जांच करवाकर कार्ड बनवाकर महिला को हस्तगत कराया गया। इस अवसर पर तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# अवैध डोडा के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बदायूँ डा0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी एवं क्षेत्राधिकारी दातागंज के0के0 तिवारी के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह थाना अलापुर बदायूँ के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस टीम थाना अलापुर को जरिए मुखबिर सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा जगत बाइपास मोड के पास से आते दिखाई दिये जो पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगे पुलिस टीम द्वारा तीन व्यक्तियों को जगत बाइपास मोड पर कच्ची चकरोड के पास से पकड़ लिया। पकडे गये व्यक्तियो का नाम पता पूछते हुए तलाशी ली गई तो कबीर पुत्र पप्पू आदिल अंसारी पुत्र दूल्हे हसन अमन अंसारी पुत्र पप्पू नि0गण ग्राम मानकपुर कौर थाना मूसाझाग जनपद बदायूँ तथा तीनो व्यक्तियों से कुल 20.843 किग्रा0 डोडा छिल्का बरामद हुआ। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 239/2025 धारा 8/15 गक्ष्ड्ट इएड्ड पंजीकृत किया गया । अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण कबीर पुत्र पप्पू नि0 ग्राम मानकपुर कौर थाना मूसाझाग जनपद बदायूँ आदिल अंसारी पुत्र दूल्हे हसन नि0 ग्राम मानकपुर कौर थाना मूसाझाग जनपद बदायूँ अमन अंसारी पुत्र पप्पू नि0 ग्राम मानकपुर कौर थाना मूसाझाग जनपद बदायूँ

बरामगदगी विवरण 20.843 किग्रा0 डोडा छिल्का अन्तराष्ट्रीय कीमत लगभग 02 लाख रुपये) तीन अदद एंड्रायड मोबाइल फोन पूछताछ विवरण गिरफ्तार अभियुक्तगण से बरामद माल के संबंध मे पूछताछ की गयी तो तीनों ने बताया कि हम लोग डोडा छिल्के को राह चलते व्यक्ति से खरीद कर लाये है जिसका नाम पता हमे मालूम नही है। हम लोग इस डोडे छिल्के को महँगे दामों में फुटकर में बेचकर लाभ कमा लेते हैं । गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह सर्विलान्स प्रभारी धर्वेन्द्र सिंह मय टीम एसओजी प्रभारी राजेश कौशिक मय टीम व0उ0नि0 मनोज कुमार हे0का0 777 रनवीर सिंह हे0का0 408 चन्द्रप्रकाश का0 1241 हरेन्द्र कसाना का0 2037 वीरसैन।

# राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी ने बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। राज्य मंत्री ग्राम विकास एवं समग्र ग्राम विकास ग्रामीण अभियंत्रण विभाग उत्तर प्रदेश शासन विजय लक्ष्मी गौतम का आगमन जनपद में हुआ। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में गॉड ऑफ ऑनर के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। लक्ष्मी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार ने आम जनमानस के स्वास्थ्य, शिक्षा, भरण पोषण, आवास आदि से संबंधित जितनी भी योजनाएं चालू की हैं, उन सबका लाभ प्रत्येक दशा में पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए। कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे तथा आम जनमानस में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के आच्छादन एवं प्रगति की गुणवत्ता का निरीक्षण गांव में जाकर करते रहें। लाभार्थियों का फीड बैक भी अवश्य प्राप्त करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धि लाल,शिवेंद्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पति-पत्नी के 27 विवादित जोड़ो की सकुशल एक साथ कराई गई विदाई

उन्नाव। दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व प्रदीप मौर्य क्षेत्राधिकारी लाइन की अध्यक्षता में परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस लाइन व सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 07, महिला थाना से 05, थाना औरास व थाना बेहटा मुजावर से 03, थाना बांगरमऊ, थाना हसनगंज व थाना सफीपुर से 02-02, थाना आसीवन, थाना बिहार, थाना फतेहपुर चौरासी से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में शिल्पी श्रीवास्तव पत्नी डा0 आशीष श्रीवास्तव (परिवार परामर्श केन्द्र समिति प्रभारी) एवं सलाहकार डॉक्टर अवसार अली, डॉक्टर सगीर अहमद, डॉ0 एस.के.पाण्डेय, डॉ0 मनीष सिंह सेंगर, डॉ0 संजय चौरसिया, अबरास हुसैन राजेन्द्र सिंह सेंगर, शशि रंजना अग्निहोत्री।

# भंडारे का आयोजन किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। बाबा अमरनाथ मानव कल्याण समिति ने किया भंडारे का आयोजन मानव हित एवं समाज सेवा में हमेशा तत्पर रहती है श्री बाबा अमरनाथ मानव कल्याण समिति, मुरादाबाद उत्तर प्रदेश ने पांचवें विशाल भंडारे का आयोजन मिलन विहार गेट ,दिल्ली रोड पर आयोजित किया! भंडारे में विशेष आकर्षण का केंद्र रहे बाबा अमरनाथ के शिवलिंग इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष के .के. अग्रवाल ने बताया कि समिति का उद्देश्य मानव हित एवं समाज सेवा है समिति का गठन विशेष रूप से समाज सेवा के लिए किया गया है आज भंडारे की शुरुआत वरिष्ठ अधिवक्ता माननीय श्री मुकुल अग्रवाल द्वारा विधिवाद रूप से पूजा अर्चना करके की गई! माननीय मुकुल अग्रवाल जी ने भगवान शिव शंकर की पूजा अर्चना करके भंडारे की शुरुआत की! इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल अग्रवाल ने समिति के कार्यकर्ताओं की सराहना की इस अवसर पर समिति के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली रोड पर राहगीरों को भोजन कराया इस अवसर पर समिति के प्रबंधक राजीव गांधी ने बताया कि समिति समिति का गठन करोनो काल में हुआ था! समिति ने समय-समय पर समाज सेवा के कार्यक्रम आयोजित किए हैं आज समिति के कार्यकर्ताओं ने भोले भंडारी का भंडारा आयोजित किया वह कई तरीके के व्यंजनों से भोलेनाथ का भोग लगाकर शिव भक्तों को प्रसाद वितरित किया! कार्यक्रम में महानगर के गढ़ मान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष ने महानगर के गणमान्य व्यक्तियों को भगवा पटका पहनकर व शिव प्रतिमा देकर सम्मानित किया इस अवसर पर समिति की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अंजली सिंह ने एस पी सिटी श्री कुमार रण विजय सिंह, एंटी रोमियो स्क्वाड की इंचार्ज श्रीमती चंद्रप्रभा गौतम, कोतवाल मुरादाबाद श्रीमती सुनीता दहिया आदि का स्वागत शिव प्रतिमा देकर किया!

# डीसी व वीडियो के मेहरबानी से मनरेगा में चल रहा फर्जी मस्टर रोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जिस मनरेगा योजना से यूपी की तस्वीर बदलने का दावा किया जाता है,उसकी जमीनी हकीकत आप देखेंगे तो चौंक जाएंगे।लाखों-करोड़ों की जिस योजना ने बीजेपी को दोबारा उत्तर प्रदेश की सत्ता दिला दी,उस योजना में भ्रष्टाचार का दीमक लग गया है। योगी सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा योजना केवल कागजी आंकड़ों तक सिमट कर रह गई है।जिम्मेदार इस योजना में जमकर लूट-खसोट कर सरकारी धन का बंदरबांट कर अपनी जेब भरने में लगे हुए है असल में जो इसके हकदार हैं मनरेगा मजदूर वह मारे-मारे फिर रहें उनके घर के चूल्हे किसी तरह जल रहे है। तो वहीं जिम्मेदार इनके हक पर डाका डाल मौज कर रहे हैं,और बढ़िया घर में बैठकर एसी की हवा खा रहे हैं अगर कोई ग्रामीण इसकी शिकायत करता है तो जिम्मेदार अधिकारी मामले की ली पापोती कर उसे ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। वजीर गंज ब्लॉक में मनरेगा में लूट खसोट सरकारी धन का बंदरबांट अनवरत चलता रहता है।बिना काम कराए ही अपने चहेते गिने - चुने मनरेगा मजदूरों के खाते में सारा पैसा भेजने के बाद उन्हें सिर्फ उसके बदले में पांच सौ रूपये मिल ता है।इस तरह मनरेगा योजना गोंडा जिले के विकासखंड वजीरगंज में भ्रष्टाचार के भेट चढ़ कर रह गई है।मामला वजीरगंज विकासखंड के गेड़सर में 128 मजदूर का मस्टर रोल चल रहा है।कार्यस्थल पर कहीं भी डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगाया गया है,ताकि ग्रामीण यह जान सके कि यह कार्य मनरेगा योजना से हुआ हैं। ब्लॉक वजीरगंज की बड़कुइया, बिरमतपुर, कादीपुर, सहिबापुर,रायपुर,नौबस्ता,ग्राम पंचायतों में लंबे समय से मनरेगा योजना में फर्जीवाड़े का तड़ का लगाने में विख्यात एपीओ और तक नीकी सहायक विख्यात हो चुके हैं।आम चर्चा है कि एपीओ की जिस ब्लॉक में तैनाती होती है,वहीं पर मनरेगा मजदूरों के हितों को रौंदकर उनकी फर्जी हाजिरी लगाकर बगैर काम किए ही उनकी फोटो अपलोड करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं।इससे न सिर्फ भ्रष्टाचार के तले श्रमिकों का हित कुचला जा रहा है,बल्कि बड़े पैमाने पर सरकारी धन की भी बंदरबांट की जा रही है।कहीं पर महिला व पुरुषों की हाजिरी पोर्टल पर अप लोड की गई,लेकिन पोर्टल पर बार-बार फोटो एक ही अपलोड कर कई मस्टर रोल में दिखा दिया गया है,जो कि बड़े आश्चर्य की बात है।इससे माना जाता है कि अधिकारि यों ने निगरानी नहीं की है।वही एक ग्राम प्रधान ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ब्लॉक वजीरगंज वीडियो के आफिस में वर्षों से तैनात एक बाबू बहुत बड़ा खिलाड़ी है।आरोप है कि वह जांच से संबंधित फाइलों को दबाने,लीपा पोती करने में महारत हासिल कर रखा है।इससे साफ जाहिर होता है कि ब्लॉक वजीर गंज वीडियो एपीओ,सचिव और तकनीकी सहायक,प्रधान और रोजगार सेवक की मिली भगत से वजीरगंज ब्लॉक में बड़े स्तर पर मन रेगा योजना में लूट मची हुई है और जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं।

**क्या खंड विकास अधिकारी की जानकारी में हो रहा वजीरगंज में मनरेगा में लूट**

**ब्लॉक वजीरगंज के ग्राम पंचायत गेड़सर,राय पुर,सोहना व अंचलपुर में बड़ा भ्रष्टाचार**

# मंदिर से बेसकीमती अष्टधातु की मूर्ति चोरी का खुलासा न होने पर लोगों में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । परसपुर थाना क्षेत्र में स्थित राजमंदिर से अष्टधातु की बेशकीमती मूर्तियां व सिंहासन चो री होने की वारदात का खुलासा न होने से स्था नीय लोगों में आक्रोश पनप रहा है।परसपुर वि कास मंच के अध्यक्ष डॉ.अरुण कुमार सिंह व कई समाजसेवियों ने नाराजगी जताते हुए सवा ल उठाए हैं।साथ ही आंदोलन की चेतावनी दी है।परसपुर के राजमंदिर से मूर्तियों की चोरी के मामले को लेकर लोगों में नाराजगी है।उनका कहना है कि थाने से पांच सौ मीटर दूर स्थित मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। मगर पुलिस को भनक तक नहीं लग सकी।डॉ.अरुण कुमार सिंह व विश्व हिंदू परि षद के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर पुलिस चोरी गई मूर्तियों की बरामदगी कर चोरों की गिरफ्तारी नहीं करती है तो सामाजिक संगठनों के साथ आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। परसपुर के नवनियुक्त थानाध्यक्ष अनुज त्रिपा ठी ने बताया की मूर्तियों की बरामदगी के लिए पुलिस टीमें लगी हुई हैं।कई बिंदुओं पर काम हो रहा है।शीघ्र ही चोरों का पता लगा कर मूर्तियां बरामद की जाएंगी।

## बेहतर कृषि करने व आमदनी बढ़ाने के लिए किसानों को किया गया जागरूक

फतेहपुर। जिले में रविवार को जय देवी राजाराम फॉउंडेशन व ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन द्वारा किसानों को प्राकृतिक व जैविक खेती करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में उपस्थित ऑल इंडिया रेडियो व दूरदर्शन रिटायर्ड के प्रोफ़ेसर डॉ. सी.पी.सचान ने किसानों को विभिन्न प्रकार की खेती करने की जानकारी दी।कार्बन क्रेडिट से किसानों को लाभ के तरीके बताए गये एवं अन्य जानकारी के लिए एक कल्याणकारी कार्यशाला में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम में सीएसए कानपुर के प्रोफ़ेसर डॉ. सी.पी. सचान, सीएसए कानपुर वैज्ञानिक डॉ संजीव सचान, डॉ इंद्रपाल सचान कानपुर ने क्षेत्रीय किसानों को कृषि उत्पादन क्षमता बढ़ाने के तरीके बताए। अनाज और बीज के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सभी किसानों को तकनीकी ढंग से बीज की जानकारी करके ही बोना चाहिए, जिससे किसानों की पैदावार बढ़ेगी। साथ साथ पेड़ पौधों में लगने वाले रोगों को समाप्त करने के लिए कीटनाशक दवाओं के बारे में भी जागरूक किया गया।इस मौके पर प्रमोद कुमार सचान, डॉ शिव कुमार सचान, सियाराम सचान, डॉ सीपी सचान, डॉ संजीव कुमार सिंह, राजेंदर सिंह पटेल, डॉ अंकित सचान, बाबू सिंह, अंकित सिंह सहित आधा सैकड़ा किसान उपस्थित रहे।

# तेरह दिन बीत जाने के बाद अविनाश की हत्या का खुलासा करने को लेकर घेरा थाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । धानेपुर थाना क्षेत्र में 9 जुलाई को पांडेय पुर देवरहना निवासी अविनाश मिश्रा का शव उनके घर के बगल में मिला था।घटना के तेरह दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस मामले का खुलासा नहीं कर पाई है।आरएसएस कार्यकर्ता अविनाश मिश्र की हत्या के खुलासा करने की मांग को लेकर रविवार को राष्ट्रीय छात्र पंचायत के अध्यक्ष शिवम पांडे के नेतृत्व में पदाधिका रियों ने धानेपुर थाने का घेराव किया।इस दौरा न छात्र पंचायत के अध्यक्ष शिवम पांडे ने धाने पुर थानाध्यक्ष से जल्द खुलासा करने की मांग करते हुए कहा कि आरएसएस के कार्यकर्ता की मौत को तेरह दिन हो गए,लेकिन अभी तक पुलिस किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंची है जबकि पुलिस यदि इच्छाशक्ति से चाहे तो बड़ी से बड़ी घटना का खुलासा चौबीस घंटे में कर सकती है।उन्होंने मामले की जांच में तेजी लाने की मांग की।थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस और एसओजी की जांच में जो तथ्य सामने आ ए हैं,वे समाज के लिए अविश्वसनीय हैं।मामले में सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी।थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि पुलिस जल्द ही पर्याप्त साक्ष्यों के साथ मामले का खुलासा करेगी।इस दौरान शिवम पांडे के साथ दर्जनों लोग थाने पर मौजूद रहे।

# अनुदानित विद्यालय में एमडीएम के नाम पर लाखों रुपए का घोटाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले के अनुदानित विद्यालय भैया चंद्र भान दत्त स्मारक लघु माध्यमिक विद्यालय, राम पुर टेंगरहा में मिड डे मील (एमडीएम) योजना में सात लाख रुपए के कथित गबन का सनस नी खेज मामला सामने आया है।विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य और वर्तमान सहायक अध्या पक संतोष कुमार पांडे ने विद्यालय के प्रबंधक दिग्विजय पांडे, सहायक अध्यापक अवधेश कुमार तिवारी,और कार्यवाहक प्रधानाचार्य उमेश चंद तिवारी पर फर्जी छात्र संख्या दिखा कर सरकारी धन के बड़े पैमाने पर गबन का आरोप लगाया है।पूर्व प्रधानाचार्य व सहायक अध्यापक संतोष कुमार पांडे का आरोप है कि दिसंबर 2022 में एमडीएम योजना के अध्यक्ष अवधेश कुमार तिवारी ने प्रबंधक दिग्विजय पांडे के नाम पर यह कहते हुए चार चेक लिए कि पुरानी प्रक्रिया के तहत एमडीएम खाते से सात लाख रुपए निकाले जाएं और प्रबंधक बाद में वापस कर देंगे।संतोष पांडे ने ये चेक अवधेश तिवारी को दिए जिन्होंने इनका भुग तान भी ले लिया।हालांकि जनवरी 2023 के बाद भी पैसा वापस नहीं किया गया।जब संतो ष पांडे ने एसपी गोंडा,बीएसए,और वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक से शिकायत की,तो उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें प्रधाना चार्य पद से हटाकर सहायक अध्यापक बना दिया गया।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अवधेश तिवारी और प्रबंधक दिग्विजय पांडे द्वारा फर्जी छात्र संख्या और अध्यापक संख्या दर्ज करके, बिना स्कूल खाते का संचालन किए, बड़े पैमाने पर घोटाला किया जा रहा है।संतोष पांडे ने अपनी शिकायत में जान का खतरा भी बताया है, उनका कहना है कि शिकायत करने पर प्रबंधक समेत छः लोगों ने उन्हें घेर लिया और जान से मारने की धमकी दी।उन्होंने माम ले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।इस मामले का संज्ञान लेते हुए,सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक देवीपाटन मंडल,रामसागर पति त्रिपाठी ने 23 जुलाई को सुनवाई निर्धारित की है।उन्होंने शिकायतकर्ता संतोष कुमार पांडे व विद्यालय के प्रबंधक दिग्विजय पांडे को सभी संबंधित कागजात के साथ तलब किया है।

## घर में घुसकर महिला से अश्लीलता करने पर एसपी से की शिकायत




गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना वजीरगंज क्षेत्र के एक गांव का मामला सामने आया है।महिला का आरोप है कि वह छः जुलाई की रात्रि करीब दस बजे अपने घर में सो रही थी।कि उसी गांव एक व्यक्ति ने घर में घुसकर महिला के साथ अश्ली ल हरकत करने लगा है।पीड़िता ने हल्ला गुहार मचाने पर युवक भाग निकला और आरोप ल गाने पर पीड़िता के पति के साथ मारपीट भी की डायल 112 पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को ढूंढा लेकिन मौके पर नहीं मिला।सुबह पीड़िता ने स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की लेकिन आरोप है।लेकिन थाने में शिकायत कर ने पर थाने के कांस्टेबल मनजीत व भूपेंद्र प्रता प यादव ने सुलह का दबाव बनाने लगे।महिला ने सुलह से इनकार कर दिया।तो यह सुनकर सिपाही आगबबूला हो गया और पीड़िता को भद्दी भद्दी गाली देकर थाने से भगा दिया।जिस पर पीड़िता ने आठ जुलाई को पुलिस अधीक्ष क विनीत जायसवाल के चौखट पर पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई,लेकिन दस दिन बीत जाने के बाद भी वजीरगंज पुलिस ने मनचलो पर कोई कार्यवाही नहीं की है।जबकि विपक्षी युवक सुलह लगाने के लिए लगातार धमकी देकर रहा है।जिससे कि पीड़िता दरी और सहमी हुई है।

## इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु पूर्व निर्धारित तिथि में हुआ परिवर्तन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । अपर जिला मजिस्ट्रेट गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल की इम्प्रूवमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु पूर्व में निर्धारित तिथि 19 जुलाई 2025 में संशोधन हो गया है। श्री रंजन ने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब यह परीक्षा पूर्व निर्धारित स्थान राजकीय इण्टर कालेज में 26 जुलाई 2025 कोदो पालियों में सम्पन्न होगी। हाईस्कूल की इम्प्रूवमेन्ट की लिखित परीक्षा 26 जुलाई 2025 प्रथम पाली में प्रातः 08:30 बजे से पूर्वान्ह 11:45 बजे तक तथा इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट लिखित परीक्षा 26 जुलाई 2025 को द्वितीय पाली में अपरान्ह 02:00 बजे से अपरान्ह 05:15 बजे तक राजकीय इण्टर कालेज बहराइच में सम्पन्न होगी। श्री रंजन ने बताया कि आयोजित होने वाली परीक्षा को नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी व खण्ड शिक्षा अधिकारी रिसिया पुष्पेन्द्र जैन को क्रमशः ज़ोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

## मुख्य विकास अधिकारी संभव अभियान क्रियान्वन का किया निरीक्षण



गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश झा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिनव मिश्रा की संयुक्त टीम द्वारा ब्लॉक खजनी के आगनवाड़ी केंद्र उनौला खास पंचायत के टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण कर संभव अभियान 5.0 को गति प्रदान की गई, साथ ही गर्भवती महिला श्रीमती रीना पति दीपचंद की गोदभराई की गई मुख्य विकास अधिकारी ने कहा की संभव अभियान की सफलता के लिए पूरे जनपद मे समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मेडिकल ऑफिसर्स का उन्मुखीकरण किया जा चुका है।जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिनव मिश्रा ने माह जुलाई से सितंबर तक चलने वाले संभव अभियान को सफल बनाने के लिए संदेश दिया गया। उनके द्वारा विकास खंड खजनी के अन्य टीकाकरण सत्रों का भी निरीक्षण कर मुख्य सेविका और आंगनबाड़ी कर्यकत्रियों को सभी लाभार्थियों का समय पर वजन ऊँचाई लेने के साथ साथ कुपोषित बच्चों और गर्भवती, धातृ माताओं पर विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया गया एवं सभी लाभार्थियों के पोषण ट्रैकर पर चेहरा प्रमाणित करने के लिए निर्देश दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सैम बच्चों की निगरानी के साथ साथ पोषण संवर्धन और मातृ पोषण का संदेश देते हुए सुपोषण संबंधी परामर्श दिया गया, बच्चों ( महक, उम्र एक वर्ष तथा शिवांशु उम्र 2 वर्ष 5 माह ) और अन्य महिलाओं का अपनी निगरानी में वजन तथा लंबाई कराया गया, साथ ही विभागीय कार्यों हेतु संचालित पोषण ट्रैकर एवं अन्य रजिस्टर की भी जांच की गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिनव मिश्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा, सीडीपीओ रचना पांडेय, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रदीप त्रिपाठी,[illegible] जे अहमद,[illegible] सी पी राय, [illegible] खुश मोहम्मद अंसारी,[illegible] प्रशांत सिंह,ए एन एम ऊषा देवी,आशा रितु सिंह, ब्लॉक संन्व्यक गौरव सिंह, आंगनबाड़ी शशिकला सिंह, मंजू सिंह एवं अन्य ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

# समीक्षा अधिकारी परीक्षा के लिए केन्द्रों पर नामित किये गये स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उ.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रशा.) परीक्षा-2023 हेतु 27 जुलाई 2025 को एक पाली में पूर्वान्ह 09:30 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक सम्पन्न होने वाली लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा सभी 23 परीक्षा केन्द्र हेतु स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है।

परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज के लिए एबीएसए रिसिया पुष्पेन्द्र जैन व अति.मजि. प्रथम राम दयाल, महाराज सिंह इण्टर कालेज के लिए नायब तहसीलदार सदर पी.पी. गिरी व बीडीओ महसी हेमन्त यादव, आज़ाद इण्टर कालेज के लिए एबीएसए शिवपुर राम तिलक वर्मा व सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज के लिए एबीएसए बलहा अरूण कुमार वर्मा व बीडीओ नवाबगंज आलोक कुमार वर्मा, श्री शंकर इण्टर कालेज नानपारा के लिए नायब तहसीलदार नानपारा अक्षय पाण्डेय व डीसीओ नरेन्द्र तिवारी, के.बी. इण्टर कालेज पयागपुर के लिए नायब तहसीलदार पयागपुर हरिशंकर पटेल व एसडीएम पयागपुर अश्वनी पाण्डेय, चौधरी सियाराम इण्टर कालेज फखरपुर के लिए नायब तहसीलदार तजवापुर राजेश श्रीवास्तव व बीडीओ फखरपुर प्रतीक को क्रमशः स्टैटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

परीक्षा केन्द्र हुकुम सिंह इण्टर कालेज कैसरगंज के लिए नायब तहसीलदार कैसरगंज सुरेन्द्र कुमार वर्मा व एसडीएम कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, एम्स इण्टरनेशनल स्कूल हु.जूरुपर के लिए नायब तहसीलदार मिहींपुरवा ब्रम्हादीन यादव व बीडीओ मिहींपुरवा विनोद कुमार यादव, के.डी.सी. ब्लाक-ए के लिए एबीएसए विशेश्वरगंज कमलेश व तहसीलदार पयागपुर रविकान्त द्विवेदी, राजकीय बालिका इण्टर कालेज के लिए एबीएसए मुख्यालय रणजीत कुमार व उपायुक्त उद्योग केशवराम वर्मा, राजकीय पॉलीटेक्निक कल्पीपारा के लिए नायब तहसीलदार पयागपुर शैलेश कुमार व बीडीओ पयागपुर दीपेन्द्र पाण्डेय को क्रमशः स्टैटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

इसी प्रकार परीक्षा केन्द पी.एम. श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर के लिए प्रभारी तहसीलदार कैसरगंज सचिन श्रीवास्तव व एसडीएम न्यायिक कैसरगंज श्रीमती अमिता यादव, राजकीय महिला पॉलीटेक्निक रिसिया के लिए नायब तहसीलदार नानपारा हर्षित पाण्डेय व बीडीओ रिसिया सुरेश गौतम, राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदपुर नानपारा के लिए एबीएसए जरवल अरविन्द कुमार सिंह व एसडीएम नानपारा लालधर यादव, महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कालेज के लिए एबीएसए मिहींपुरवा डॉ. अजीत कुमार सिंह व तहसीलदार महसी विकास कुमार, रामकुमार भानीरामका इण्टर कालेज चिलवरिया के एबीएसए चित्तौरा अनुराग मिश्र व बीडीओ तजवापुर राजेन्द्र कुमार, बैरोज ब्लू बेल्स स्कूल सिविल लाइन के लिए एबीएसए महसी जगन्नाथ यादव व तहसीलदार सदर अनिरूद्ध यादव तथा सेवेन्थ डे एडवेन्टिस्ट इण्टर कालेज पुलिस लाइन के लिए एबीएसए नवाबगंज राधेश्याम वर्मा व बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सुखेन्द्र सिंह को क्रमशः स्टैटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उपरोक्त 19 परीक्षा केन्द्रों पर 384-384 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इसके अलावा परीक्षा केन्द्र सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल रहवा चौराहा के लिए नायब तहसीलदार सदर सुरेन्द्र कुमार व बीडीओ चित्तौरा विजय कुमार सिंह, गुरू कृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल रंजीतपुर के लिए नायब तहसीलदार मुख्यालय राजदीप यादव व बीडीओ विशेश्वरगंज प्रवीण कुमार, के.डी.सी. ब्लाक-बी के लिए नायब तहसीलदार जैतापुर सौरभ सिंह व बीडीओ कैसरगंज सचिन कुमार भारतीय, महिला पी.जी. कालेज के लिए एबीएसए तजवापुर सुन्दर लाल व एसडीएम सदर श्रीमती पूजा चौधरी को क्रमशः स्टैटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

उपरोक्त 04 परीक्षा केन्द्रों पर 480-480 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस प्रकार जनपद के समस्त 23 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 9216 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

## लेखपाल संघ चुनाव में अनिल अध्यक्ष मंत्री रत्नेश निर्वाचित

गोरखपुर। सदर तहसील लेखपाल संघ कार्यकारिणी चुनाव प्रदेश मंत्री के निर्देश पर सकुशल संपन्न हुआ अध्यक्ष अनिल कुमार राय वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार कनिष्ठ उपाध्यक्ष छागुर कुमार मंत्री रत्नेश सिंह कोषाध्यक्ष दिलीप सिंह आय व्यय निरीक्षक रामकुमार गुप्ता निर्वाचित उप मंत्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव निर्विरोध निर्वाचित हुए। सदर तहसील लेखपाल संघ का चुनाव एक वर्ष पूर्व प्रदेश मंत्री के निर्देश पर आज सकुशल संपन्न हुआ पूर्व तहसील अध्यक्ष राजू सिंह के कानूनगो पद पर पदोन्नति के बाद उठक पठक महीनों दिन चलने के बाद आज अंतोगत्वा चुनाव संपन्न हो गया। नव निर्वाचित कार्यकारिणी को चुनाव अधिकारी ने शपथ ग्रहण कराया। अध्यक्ष पद पर अनिल कुमार राय ने गोपीचंद चौधरी को पराजित किया मंत्री रत्नेश सिंह ने राम नगीना पटेल को पराजित किया उपमंत्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने रत्नेश्वर सिंह को पराजित किया कनिष्ठ उपाध्यक्ष छागुर कुमार ने राजीव बघेल को पराजित किया कोषाध्यक्ष दिलीप सिंह ने शिप्रा राय को पराजित किया आय व्यय निरीक्षक रामकुमार गुप्ता ने अनुराग मिश्रा को पराजित किया।

# 'जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित'' के थीम पर आयोजित होगा भू-जल सप्ताह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद में 22 जुलाई 2025 तक ''जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित'' की थीम पर आयोजित होने वाले भूजल सप्ताह अन्तर्गत विभिन्न स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन होगा। श्री चन्द्र ने बताया कि सप्ताह अन्तर्गत बेसिक, माध्यमिक, उच्चतर एवं प्राविधिक शिक्षा विभाग एवं अन्य राजकीय शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिये है कि अधिनस्थ स्कूलो, कालेजों, विश्वविद्यालयों, शैक्षिक संस्थानों में भव्यता के साथ भू-जल सप्ताह का आयोजन कराये। शहरी क्षेत्रों में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग भी अपने अधीनस्थ प्राधिकरणों के माध्यम से भूजल सप्ताह अवधि में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन जागरूकता हेतु पोस्टर्स, बैनर्स, होर्डिंग आदि का प्रदर्शन करायेंगे।

सीडीओ श्री चन्द्र ने सभी सम्बन्धित विभागों को यह भी निर्देश दिये है कि जन सामान्य की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित कराये जाने के दृष्टिगत केन्द्रीय संस्थानों, प्रतिष्ठानों गैर-सरकारी संगठनों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों का भी सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाय। विशेष रूप से कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला विज्ञान क्लब, पर्यावरण शिक्षा केन्द्र, शिक्षा मित्र आंगनवाड़ी केन्द्र, जल पनोक्ता समितियां, रेजीडेंट वेलफ़ेयर सोसाइटी, औद्योगिक व्यापारिक संगठन, बिल्डर्स एसोसिएशन, इन्सटीट्यूशन आफ इंजीनियर्स, युवा मंगल दल, नेहरू युवा केन्द्र इत्यादि संगठनों को भी भू-जल सप्ताह से जोड़ा जाय।

सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिये गये हैं कि आयोजन की कार्ययोजना इस प्रकार बनायी जाये कि भूजल संरक्षण का सन्देश आम जनता तक पहुंचे और वे जल संचयन एवं जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील बन सकें। सीडीओ द्वारा कृषि, सिंचाई, लघु सिंचाई, विकास प्राधिकरण, नगर निकायों, आवास, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, उ.प्र. जल निगम, लोक निर्माण, उद्यान, शिक्षा विभाग आदि विभागों को निर्देशित किया गया है कि इस पुनीत कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से सफल बनाया जाना सुनिश्चित कराएं तथा शासन की मंशानुरूप ''भूजल सप्ताह'' के सफल आयोजन हेतु विस्तृत एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर फोटोग्राफ्स सहित नोडल अधिकारी/सहा.अभि., लघु सिंचाई, बहराइच के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# लायंस क्लब गोंडा सेवा ने किया पौधा रोपण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा:पर्यावरण जागरूकता माह के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम को सार्थक करते हुए लायंस क्लब गोण्डा सेवा द्वारा दूसरे चरण में प्राथमिक पाठशाला खैरा खास,पड़री शंकर एवं ग्राम निधि से निर्मित पोखरा के आस पास वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें 51 पौधों को रोपित किया गया व 21 पौधों को वहाँ उपस्थित ग्रामीणों को वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब गोंडा सेवा के अध्यक्ष लायन बसंत नेवटिया, लायन अमित पांडे,लायन अजय मित्तल, लायन राजकुमार जायसवाल,लायन चंद्रकेश मिश्रा,लायन सुशील जालान,लायन पवन जायसवाल, लायन मुकेश अग्रवाल,लायन अमर अग्रवाल,लायन विपुल मोदी,लायन अजय गर्ग, लायन दीपक गर्ग, लायन देवेंद्र जायसवाल एवं प्रधान प्रतिनिधि सुरेश चंद्र पाठक आदि मौजूद रहे।

# बरखेड़ा पुलिस के उत्पीड़न को लेकर व्यापार मंडल की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल यूपी के ज़िला अध्यक्ष एम ए जिलानी ने एक सप्ताह पूर्व बरखेड़ा नगर इकाई को भंग कर दिया गया था और नगर अध्यक्ष अशोक गुप्ता को निर्देशित किया गया था कि बरखेड़ा नगर के व्यापारियों की एक बैठक कर नए पदाधिकारियों का चुनाव करे

इसी को लेकर आज बरखेड़ा नगर के व्यापारियों की बैठक नगर अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में बरखेड़ा में नई कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हुआ और व्यापारियों द्वारा नगर के मेन तिराहे पर बरखेड़ा पुलिस द्वारा किये जा रहे चालान को लेकर विरोध प्रकट किया व्यापारियों का कहना था इस तरह से चालान करने से ग्राहक ने बाज़ार में आना बंद कर दिया है जिससे व्यापार पर असर हो रहा है व्यापार चौपट होते जा रहे है इसको लेकर नगर अध्यक्ष ने थाना प्रभारी से वार्ता की जिस पर उनके द्वारा आश्वस्त किया गया की अब नगर के बाज़ार में चालान नहीं किए जाएँगे नगर अध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी व सभी से अनुरोध किया कि सोमवार को बंदी वाले दिन सभी व्यापारी बंदी में सहयोग करे

पीलीभीत में उद्योग व्यापार प्रीतिनिधि मंडल के होने जा जा रहे जिला कार्यकारिणी की बैठक में बरखेड़ा की नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा जिसमे बरखेड़ा के व्यापारी बड़ी संख्या में भाग लेंगे।बैठक का आयोजन महामंत्री हरीश भारती के द्वारा किया गया जिसमें अधिक संख्या में व्यापार मंडल के पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे

नगर अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता द्वारा बैठक में कहा कि सोमवार के दिन बंदी को लेकर व्यापारियों से आह्वान किया गया है कि वह बंदी का सहयोग करे ।उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल (उ.प्र.) के युवा जिलाउपाध्यक्ष नदीम अंसारी ने कहा कि किसी भी सूरत में व्यापारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा व बैठक में बरखेड़ा नगर के नवनियुक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेठ मो.अनस व अन्य नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया ।बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ,युवा जिलाउपाध्यक्ष नदीम अंसारी ,महामंत्री हरीश भारती ,कोषध्यक्ष अमित गुप्ता,नव नियुक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेठ मो0अनस,जगजीवन राम भारती,धीरज गुप्ता,मुकेश कुमार,डॉ ज़ुल्फ़िकार,अफ़ाक़ ख़ान,

रामजी गुप्ता,तस्लीम सिद्दीकी, जाने अलाम,अकरम चौधरी, शाहिद अली,सौरभ गंगवार, सद्दाम हुसैन, तहारत अली,राहुल गुप्ता,अरुण बाजपाई,शान मोहम्मद,फुरकान अहमद,पवन वर्मा, अकील सिद्दीकी आदि लोग मौजूद थे।

# इस्लामनगर का नाम न बदलने को लेकर मुस्लिम समाज ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।हिंदू महासभा के ज्ञापन के विरोध में मुसलमानों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें इस्लामनगर का नाम न बदलने की मांग की गई है। यह कदम हिंदू महासभा के उस ज्ञापन के बाद उठाया गया है।जिसमें उन्होंने इस्लामनगर का नाम बदलने की मांग की थी। मुस्लिम समुदाय ने इस ज्ञापन के विरोध में एकजुट होकर सिटी मजिस्ट्रेट को अपना ज्ञापन सौंपा और इस्लामनगर का नाम बदलने के किसी भी प्रयास का विरोध किया है। जयपुर में कहा गया है कि नगर पंचायत नया पकड़िया के वार्ड नंबर 13 और 14 इस्लामनगर में कोई भी हिंदू नहीं रहता है मात्र हिंदू महासभा द्वारा प्रशासन को परेशान करने तथा तनाव पैदा करने के उद्देश्य से सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर दिया गया हैं। ज्ञापन देने वालों को जब इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने इसमें आपत्ति जताई है। ज्ञापन देने वालों ने कहा कि उपरोक्त इस्लामनगर वार्ड नंबर 13 और 14 में कोई भी हिंदू नहीं रहता है। इसलिए आस्था के नाम पर धर्म से जोड़कर नाम बदलना नहीं चाहिए क्योंकि इससे धार्मिक उन्माद पैदा करने की स्थिति



उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में नाम बदलना उचित नहीं है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सोनू,रिजवान,परवेज, उस्मान,मुन्ने, चांद बाबू, आशिक, राजा ,इमरान ओवैस,रहमत, इजहार रहसूद्दीन, शाहिद, बादशाह रहमत शाह, सुल्तान, मोहम्मद अरहान, मोहम्मद आसिफ, अमीर बख्श ,अहमद नबी, मोहम्मद नबी, मोहम्मद जावेद मोहम्मद, शाहिद ,मोहम्मद वसीम, महबूब सहित सैकड़ो लोगों के हस्ताक्षर हैं।

## बाइक रैली निकाल कर बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने मनाया अपना स्थापना दिया

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बैंक ऑफ बड़ौदा की स्थापना दिवस पर बाइक रैली निकाली गई, जिसका समापन पवन स्वीट हाउस के पास हुआ। इस रैली के माध्यम से बैंक ने अपने स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया। बैंक ऑफ बड़ौदा का स्थापना दिवस हर साल 20 जुलाई को मनाया जाता है, क्योंकि इसकी स्थापना 1908 में इसी दिन हुई थी।बैंक ऑफ बड़ौदा की पीलीभीत शाखा ने इस अवसर पर बाइक रैली निकालकर शहर में उत्साह और जोश का माहौल बनाया। रैली के समापन पर पवन स्वीट हाउस के पास लोगों ने भाग लिया और बैंक के कर्मचारियों को बधाई दी। इस तरह के आयोजन से बैंक और स्थानीय लोगों के बीच जुड़ाव बढ़ता है और शहर की गतिविधियों में बैंक की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। बाइक रैली नकटादाना चौराहे से गोहानिया चौराहा छतरी चौराहे से होते हुए सुनगढ़ी गैस चौराहे से पवन स्वीट हाउस के पास समापन हुआ है। सुरक्षा की दृष्टि से देवहा चौकी इंचार्ज अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे हैं।

## बाग से तोड़ा आम, बस यही था मासूम का कसूर, तोड़ा हाथ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पेड़ पर आम लटके दिख जाएं तो बच्चे क्या बड़ों का भी मन ललचा जाए। बच्चों से वैसे भी कुछ शरारती होते हैं। मासूमियत भरी शरारत में बच्चा आम के बाग में घुस गया और जमीन पर पड़े आम पर मन ललचा गया इतने में नजर बाग मालिक गुड्डू पाण्डेय की बच्चे पर पड़ गई। बच्चे के हाथ आम देख बाग मालिक ने मासूम को इतना बेरहमी से पीटा कि उसका हाथ तोड़ दिया ।काफी देर बाद बच्चे के परिजन पहुंचे तो वह गंभीर हालत में मिला गुड्डू पाण्डेय शातिर ब दबंग व्यक्ति है मामला पूरनपुर के गांव पिपरिया जयभद्र का है। यहां के निवासी सुधा देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उनका बेटा नानू गिरी बीते 14 जुलाई को दोपहर खेलने के लिए घर से बाहर निकला था पड़ोस के गुड्डू पाण्डेय के बाग की ओर चला गया है। वहा उसके बेटे ने बाग मे पड़ा आम उठाकर खा लिया दबंग व्यक्ति ने इतना मारा कि हाथ तोड़ दिया वे घायल बेटे को घर ले आए जब इसकी शिकायत करने के लिए वह बाग मालिक के पास गए तो वहां आरोपित युवक गुड्डू ने गाली-गलौज एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें पुत्र को जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया था। बताया गया है कि इस घटना को लेकर पिछले 5 दिन से सुलह-समझौते का प्रयास चल रहा था बताया कि घटना की तहरीर मिलने पर आरोपित युवक के खिलाफ मारपीट एवं जान से मारने एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## लिंक रोड के पास खेत में चहलकदमी करता दिखा बाघ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र गढ़वा खेड़ा लिंक रोड के पास में खेत में बाघ चहलकदमी करता देखा गया है। जिसका वीडियो रविवार सुबह 11 बजे सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि बाघ डॉक्टर के खेत के पास में देखा गया है। फिलहाल बाघ की चहलकदमी को लेकर स्थानीय लोग एवं राहगीरों में दहशत का माहौल है। पीलीभीत जनपद में लगातार बाघों का खौफ देखा जा रहा है। एक जगह का मामला शांत नहीं हो पाता है कि दुसरी जगह बाघ की चहलकदमी लोगों के लिए मुशीबत बन जाती हैं।

## उधारी के 100 रुपए मांगने पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव महुआ गुंदे के रहने वाले मुनीश कुमार गढ़वा खेड़ा में गोलगप्पे की दुकान लगाते हैं। इसी को लेकर अव उन्होंने अपना घर भी गढ़वा खेड़ा में बना लिया है। मुनीश कुमार ने बताया की शनिवार रात लगभग आठ बजे उन्होंने उधारी के 100 रुपए मांग लिए इस बात से नाराज होकर आरोप है कि महुआ गुंदे के रहने वाले अनिकेत, साकेव, अजय पांडे, रंगी यादव अपने साथ कुछ अज्ञात लोगों को लाकर मारपीट कर मुनीश कुमार पर हथियार से हमला कर दिया। घायल ग्रामीण ने मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## सब्जी तोड़ने गई विधवा महिला को सांप ने डंसा

पूरनपुर ।लखीमपुर जनपद के गांव महाराज नगर एलनगंज की रहने रहने वाली नीमा देवी स्वर्गीय राजेश उम्र 35 वर्ष पालेज में सब्जी तोड़ रही थी। रविवार सुबह लगभग दस बजे सब्जी तोड़ने के दौरान विधवा महिला के माथे पर सांप ने डंस लिया। जानकारी लगते ही परिजनों के होश उड़ गए। महिला को उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## गांव कढैर चौरा में महिला की पिटाई मामले में पति ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव कढैर चौरा की रहने वाली रीना देवी पत्नी उमरपाल ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया था। कि 19 जुलाई की सुबह 9:00 बजे उसके पति ने लोहे की राड मारकर उसको घायल कर दिया था। पीड़िता ने मामले की शिकायत अपने मायके पक्ष के लोगों से की। जानकारी लगते ही महिला के परिजन भी पहुंच गए और विरोध करने पर उमरपाल व उसके पिता राममूर्ति गाली गलौज कर घर से निकालने लगे थे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## पुलिस ने स्मैक के साथ दो युवकों को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत पैंतालिस ग्राम स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोहम्मद कैफ पुत्र मोहम्मद शकील व मोहम्मद नशीर पुत्र स्वर्गीय नसीम निवासीगण ग्राम निवासी तकिया मजरे जमुवारी थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में मोहम्मद कैफ के कब्जे से बीस ग्राम स्मैक एवं मोहम्मद नशीर के कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# गोमती मित्रों के कार्य से लोगो की धाम के प्रति आस्था बढी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। सीताकुंड धाम जो 12 वर्ष पहले केवल धार्मिक व मृत्योपरान्त होने वाले संस्कारों के निमित्त मात्र स्थान बन कर रह गया था वही सीता कुंड धाम आज पूरे जनपद में आकर्षण का केंद्र बनकर उभरा है और उसका पूरा श्रेय स्थानीय संगठन गोमती मित्र मंडल को जाता है। एक गुमनाम अधिवक्ता द्वारा छेड़ी गई मुहिम ने देखते-देखते आंदोलन का रूप ले लिया और बदल गई 13 वर्षों में सीता कुंड धाम की स्थिति, नशेड़ियों व व्यभिचारियों के अड्डे तथा बदहाल सीताकुंड धाम आज भव्यता के उत्कृष्ट स्तर को प्राप्त कर चुका है। सीता उपवन का सृजन पर्यावरण संरक्षण के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है तो हर रविवार शाम होने वाली आरती ने लोगों को माँ गोमती से जोड़ने का काम किया है,दैनिक के साथ-साथ हर रविवार होने वाले सामूहिक श्रमदान में सैंकड़ो की संख्या में गोमती मित्र पूरे स्थल के एक-एक कोने को साफ करते हैं और आने वाले श्रद्धालुओं से स्वच्छता बनाए रखने के लिए निवेदन करते हैं।



रविवार 20 जुलाई को होने वाला साप्ताहिक श्रमदान भी प्रातः 6:00 बजे से शुरू होकर 10:00 बजे समाप्त हुआ, उमस भरी गर्मी ने गोमती मित्रों को पसीने से लथपथ व बेहाल कर दिया था, श्रमदान में प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी, संतकुमार प्रधान, राकेश सिंह दद्दू, मुन्ना सोनी, राजेश पाठक, ओमप्रकाश कसौधन, अजयप्रताप सिंह, राम क्विंचल मौर्या, दिनकर सिंह, युवा मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा, सेनजीत कसौधन दाऊ,रामु सोनी, आलोक तिवारी, महेश प्रताप, योगेश सिंह, सुजीत कसौधन, जयनाथ, अर्जुन, अभय, आयुष आदि उपस्थित रहे।

## पिपरिया जयभद्र में गिरा हुआ आम उठाकर खाने पर आठ वर्षीय किशोर का तोड़ दिया हाथ, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया जयभद्र की रहने वाली सुधा देवी पत्नी संतोष गिरि ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया 14 जुलाई समय करीब दोपहर तीन बजे उसका आठ वर्षीय पुत्र नानू गिरि मोहम्मद भायपुर के रहने वाले गुड्डू पांडे के आम के बाग से एक पड़ा हुआ आम उठाकर खा लिया। इस बात से नाराज होकर आरोपी ने गाली गलौज करते हुए लोहे की रोड से किशोर की पिटाई कर दी जिससे किशोर का हाथ टूट गया और डंडा मारकर सर भी फोड़ दिया। जानकारी लगने पर परिजनों ने विरोध किया तो उक्त व्यक्ति गाली गलौज कर किशोर को जान से मारने की धमकी देने लगा। किशोर की मां ने कोतवाली पहुंचकर जान माल का खतरा बताते हुए मामले में पुलिस से शिकायत का कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# बल्दीराय क्षेत्र से कांवड़ियों का जत्था बैजनाथ धाम के लिए रवाना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा हेमनापुर और ग्रामसभा जगदीशपुर से कई कावडियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। कांवड़ियों का भव्य जत्था हर-हर महादेव के जयघोष के साथ रवाना हुआ। स्थानीय मंदिर प्रांगण से कंधे पर कांवर लिए, केसरिया वस्त्रों में सजे श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जगह जगह कांवड़ियों का स्वागत कर उन्हें जलपान कराया गया।यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने बोल बम हर-हर महादेव ,जय शिव शंकर जैसे नारे लगाते हुए पूरे गांव को शिवमय बना दिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। स्थानीय लोगो ने बताया कि यह यात्रा वर्षो से परंपरागत रूप से आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामुदायिक एकता को बढ़ावा देना है। जत्थे में अवधेश दूबे, मोनू पांडे, सौरभ मिश्र, शुभम दूबे, रवि शुक्ला, नागेश्वर दूबे, धर्मवीर मिश्र, शिवानंद तिवारी, धर्म वीर निषाद, सुधांशु मिश्र आदि लोग शामिल रहे।

# तीसरे दिन भी जारी रहा बाबा जनवारीनाथ धाम पर सामूहिक रूद्राभिषेक कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लंभुआ/सुलतानपुर। जिले के प्रसिद्ध शिवशक्ति पीठ बाबा जनवारी नाथ धाम में देवधि देव महादेव के पवित्र श्रावण मास में बाबा जनवारी नाथ सेवा संस्थान द्वारा महारुद्राभिषेक का तीसरे दिन भी आयोजन किया गया है। इसमें 12 परिवार अलग-अलग पार्थिव शिवलिंग की पूजन अर्चन वंदन व भोलेनाथ बाबा का श्रृंगार किया गया, इसके बाद दुग्धाभिषेक, रुद्राष्टकम, भस्म आरती व शिव आरती की गई। बाबा जनवारी नाथ धाम सेवा संस्थान (ट्रस्ट) से जुड़े प्रसिद्ध ज्योतिषचार्य पंडित सुधांशु तिवारी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि आचार्य आनंद उपाध्याय आचार्य राहुल तिवारी व आचार्य विपिन शुक्ला आचार्य अनन्त राम पाण्डेय के संयोजन में आगामी 18 जुलाई से 21



जुलाई तक सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया है। बाबा जनवारी नाथ सेवा संस्थान (ट्रस्ट) के अध्यक्ष रणवीर सिंह ने बताया पवित्र श्रावण मास में धाम की पुरोहितों द्वारा यह द्वितीय वर्ष का आयोजन है पिछले वर्ष भी श्रद्धालु बाबा के रुद्राभिषेक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था इस वर्ष भी काफी श्रद्धालु व शिव भक्त महा रुद्राभिषेक में सम्मिलित हो रहे हैं उन्होंने कहा की रुद्राभिषेक करने से बाबा समस्त पीड़ा और दुखों का नाश करते हैं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी वालिंटियर अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। आज के यजमान में नरेन्द्र बहादुर सिंह, रमाशंकर मिश्रा रणवीर सिंह, प्रमोद कुमार मिश्रा रामकेश सिंह सहित अन्य शिवभक्त रहे।

# विद्यालय भवन में घटिया निर्माण से जुड़ी बड़ी लापरवाही उजागर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील के हलियापुर क्षेत्र में मुख्यमंत्री योजना के तहत लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे विद्यालय भवन में घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल का मामला सामने आया है। ईंट और बालू जैसी मूलभूत सामग्रियों की गुणवत्ता पर उठते सवालों ने न सिर्फ निर्माण एजेंसी की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है, बल्कि प्रशासनिक निगरानी की प्रभावशीलता पर भी संदेह पैदा कर दिया है।स्थानीय सूत्रों की मानें तो निर्माण स्थल पर पीली व कमजोर ईंटों का प्रयोग हो रहा है, जो पहली ही चोट में टूट जाती हैं। इतना ही नहीं, ईंटों की असली हालत छुपाने के लिए मजदूरों को पानी से ईंटें भिगोने का निर्देश दिया जाता है, जिससे उनका रंग बदल जाए और वे अच्छी प्रतीत हों। इसी तरह



निकृष्ट गुणवत्ता की बालू का उपयोग भी खुलेआम किया जा रहा है, जिससे भवन की मजबूती और टिकाऊपन भविष्य में खतरे में पड़ सकता है। इस पूरे मामले की शिकायतें जब उच्च अधिकारियों तक पहुंचीं, तो जिलाधिकारी कुमार हर्ष और मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने कुछ दिन पूर्व निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने साफ निर्देश दिया था कि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप किया जाए और किसी भी हाल में लापरवाही या घटिया सामग्री का प्रयोग न हो।लेकिन निरीक्षण के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। ठेकेदार व निर्माण एजेंसी के रवैए में कोई सुधार नहीं दिख रहा है और घटिया सामग्री का प्रयोग जारी है। इस लापरवाही ने न सिर्फ शासन की मंशा को ठेस पहुंचाई है, बल्कि करोड़ों की योजना को भी संदेह के घेरे में ला दिया है।

# दुकानदार की पिटाई पर चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी। थाना मोहनगंज क्षेत्र के रायबरेली मार्ग पर स्थित कस्बा मोहनगंज में एक मिठाई दुकानदार से सरहंगों द्वारा मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है। सरहंगों की पिटाई से दुकानदार लहुलुहान हो गया है। पुलिस ने पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव भेलाई कला निवासी हर्ष गुप्ता पुत्र मनोज गुप्ता निवासी ग्राम भेलाई कला अयोध्या रायबरेली मार्ग पर मिठाई की दुकान संचालित कर परिवार का भरण पोषण करता है। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि शनिवार को समय लगभग पौने आठ बजे शाम को सकलैन अपने साथियो के साथ मेरी दुकान पर आये और मुझसे मिठाई का मोल भाव करते हुये एक पाव पेड़ा लिया और गाली देते हुये कहा कि तुम्हारी मिठाई ठीक नही है। इस पर मेरे द्वारा कहा गया कि ऐसा क्यो बोल रहे हो उतने मे उसने अपने साथियो के साथ मिलकर बुरी तरह से मारा पीटा जिससे बांई आंख के नीचे चोट आ गयी व मुझे बचाने के लिये उसके पिताजी आये तो उन्हे भी लात घूसो से काफी मारा पीटा हम दोनो पिता पुत्र को सभी लोगो ने लात घूसो से मारते पीटते गाली गुप्ता देते हुये कहा की अगर कही शिकायत किया तो हम तुम्हे जान से मार दूंगा। इन सरहंगों की तानाशाही से दुकानदार और उसके परिजन काफी डरे सहमे हुये हैं। परिजनों द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलोई ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उपचार कर घर भेज दिया है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि दुकानदार की तहरीर पर सकलैन निवासी ग्राम आशापुर रूरू, लाल बाबू व फैज निवासी ग्राम भेलाई कला के साथ ही सौरभ शुक्ला निवासी ग्राम मेढ़ौना थाना मोहनगंज के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है।

## भविष्य के हथियार

ऑपरेशन सिंदूर सही मायनों में भारतीय वायु सेना की श्रेष्ठता का एक अद्भुत प्रदर्शन था। निस्संदेह, भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का पाकिस्तान को न केवल कड़ा जवाब दिया बल्कि नये दौर के युद्ध कौशल का सफल परीक्षण भी किया। लेकिन हम सिर्फ इससे आत्मसंतुष्ट होकर नहीं बैठ सकते। भारतीय सेना के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यानी सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने दुनिया के मौजूदा परिदृश्य पर बिल्कुल सही कहा है कि आज का युद्ध कल की तकनीक से लड़ा जाना चाहिए, न कि बीते जमाने की हथियार प्रणालियों से। दरअसल, हर पल बदलती युद्ध कौशल की तकनीकों में बात बढ़त लेने की है। यह एक हकीकत है कि जो भी देश ऐसा करने में विफल रहेगा, निश्चित रूप से उसकी सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उनका कहना सही ही है कि मानवरहित हवाई वाहन यानी यूएवी आमने-सामने की लड़ाई के विपरीत गैर-संपर्क युद्ध के तेजी से विकसित होते परिदृश्य में एक बदलावकारी शक्ति के रूप में उभरे हैं। ड्रोन तकनीक के लगातार विकसित होते रहने से यह एक ऐसा घातक हथियार बन चुका है, जो दुश्मन देश के प्रमुख रक्षा प्रतिष्ठानों जैसे लक्ष्यों को तुरंत पहचानकर उन पर हमला कर सकता है। वास्तव में, भारत ऑपरेशन सिंदूर के संघर्ष के दौरान पाकिस्तान सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल किए गए अधिकांश ड्रोनों को मुख्य रूप से अपनी मजबूत वायु रक्षा प्रणाली के बूते ही बेअसर करने में सक्षम रहा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भविष्य के किसी युद्ध में पाकिस्तान के करीबी सहयोगी उसे बेहतर यूएवी की आपूर्ति करेंगे ताकि पाकिस्तान की स्थिति को बेहतर बनाया जा सके। इस खतरे के प्रति सतर्क रहते हुए भारत के लिये जरूरी हो जाता है कि हम यूएवी और मानवरहित स्वदेशी प्रणालियों के विकास पर अपना विशेष ध्यान केंद्रित करें। साथ ही इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि ये भारतीय परिस्थितियों और जरूरतों के भी अनुकूल हों। तभी हम आसन्न चुनौतियों का मुकाबला बेहतर ढंग से कर पाने में सक्षम हो सकेंगे। इसमें दो राय नहीं कि हाल ही के दिनों में यूरोप और एशिया में जारी संघर्ष के दौरान ड्रोन व मानवरहित विमानों ने निर्णायक भूमिका निभायी है। इस दिशा में भारत पूर्वी यूरोप में ड्रोन-प्रधान संघर्ष से सबक ले सकता है। जहां यूक्रेन ने सैन्य शक्ति, तोपखाने और टैंकों के मामले में रूस की बढ़त का मुकाबला करने लिये यूएवी का भरपूर इस्तेमाल किया है। यही वजह है कि यूक्रेन की इस रणनीति ने रूस को अपना ध्यान यूएवी तकनीक पर केंद्रित करने के लिये बाध्य किया है। रक्षा विशेषज्ञों का आकलन है कि दोनों देश प्रतिवर्ष चौंका देने वाली लाखों की दर से ड्रोन बना रहे हैं। ड्रोन उत्पादन के क्षेत्र में यूक्रेन के एक महाशक्ति के रूप में उदय ने भारत को ऐसे क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रेरित किया है, जहां अत्याधुनिक नवाचार ही सब कुछ है, अब चाहे इनका उपयोग किसी भी निश्चित उद्देश्य के लिये किया जाए। मसलन स्ट्राइक ऑपरेशन की निगरानी के लिये तथा रडार से छिपकर ये उड़ने वाली मशीनों को सुरक्षित बनाने के लिये। भारत के लिये यह सुनिश्चित करना एक चुनौती है कि उसके ड्रोन और ड्रोन-रोधी प्रणालियां दुश्मन के ड्रोन तकनीक से बेहतर सिद्ध हों। निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में यूएवी परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में निर्णायक साबित होगा। ऐसे में परंपरागत युद्ध कौशल से आगे जाकर हमें नई चुनौतियों का मुकाबला करना है। हमें न केवल अपनी सुरक्षा को सुनिश्चित करना है बल्कि ड्रोन व यूएवी तकनीक में ऐसी महारथ हासिल करनी है कि हम इनके निर्यातक के रूप में हथियार बाजार में अपनी पहचान बना सकें। निश्चित रूप से हम इससे अपनी विशाल युवा शक्ति के बूते और नई पीढ़ी के कौशल विकास से इन लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं। इससे जहां हम बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा सकेंगे, वहीं दुर्लभ विदेशी मुद्रा भी अर्जित कर सकेंगे। हम देख रहे हैं कि दुनिया में आज उन्हीं देशों की कूटनीति का वर्चस्व है, जिनका हथियार उद्योग व तकनीकी नवाचार में बोलबाल है।

# स्कूलों को उड़ाने की धमकियां: सुरक्षा पर मंडराता खतरा

**मई 2024 में एक ही दिन में दिल्ली के 100 से अधिक स्कूलों को एक साथ बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं थी। राजधानी के प्रतिष्ठित स्कूलों जैसे पश्चिम विहार इलाके में रिचमंड ग्लोबल स्कूल और रोहिणी सेक्टर-3 स्थित अभिनव पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इनमें तीन कॉलेज शामिल हैं। डीपीएस, मदर्स इन्टरनेशनल, संस्कृति स्कूल आदि प्रतिष्ठित स्कूलों को इस भयावह चक्रव्यूह में शामिल किया गया है। ताजा धमकियों में हो सकता है, जांच में कुछ भी चिंताजनक न मिले, पर ऐसी धमकी से तात्कालिक रूप से जो तनाव पैदा होता है, उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ई-मेल से दी गई धमकी की जो भाषा है, उस पर अवश्य गौर करना चाहिए। पुलिस और प्रशासन की तत्काल प्रतिक्रिया एवं सतर्कता के चलते सुरक्षा के कदम उठाते हुए स्कूलों को खाली कराया गया, बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और फोरेंसिक टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। हालांकि बाद में अधिकतर धमकियां फर्जी ही पाई गईं, लेकिन जिस प्रकार बार-बार ये घटनाएं हो रही हैं, वह एक सुनियोजित मानसिक आतंकवाद की ओर इशारा करती हैं। इसमें मुख्यतः साइबर सुरक्षा में चूक भी दिख रही है। इन डराने एवं खौफ पैदा करने वाली घटनाओं की अभी तक की जांच में पुलिस ने पाया है कि ये सभी धमकी भरे संदेश फर्जी हैं। फर्जी होने के बावजूद जांच को एक पुख्ता एवं सटीक समाधान तक पहुंचाना चाहिए। कौन अपराधी है, जो ऐसी धमकियां दे रहा है? अगर वह कोई बिगड़ैल बच्चा भी है, तो उसे इलाज की जरूरत है। वैसे इतने सुनियोजित तरीके की भेजी जा रही धमकियां किसी बिगडैल एवं शरारती बच्चे की नहीं हो सकती, जरूर इसके पीछे किसी बड़े षडयंत्रधारी का हाथ है। धमकाने की यह परिपाटी या किसी को डराने का यह तरीका अनियंत्रित नहीं होना चाहिए। अधिकांश ईमेल और धमकियां विदेशी सर्वरों से भेजी गई थीं-रूस, यूक्रेन जैसे देशों से। यह भारत की साइबर सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्किंग के माध्यम से की जा रही साजिशों की ओर संकेत करती है। यह संकट केवल सुरक्षा का नहीं, मानसिक आघात का है।**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के करीब 45 स्कूलों में बम विस्फोट की धमकी बेहद गंभीर और चिंताजनक है। चूंकि ऐसी धमकियां लगातार आ रही हैं, इसलिए हमारे सुरक्षा तंत्र को बहुत सजग हो जाना चाहिए। यह पुलिस एवं प्रशासन के सामने एक बड़ी चुनौती एवं गंभीर प्रश्न है, क्योंकि बीते कुछ ही दिनों में करीब चार बार ऐसी धमकियों के ई-मेल अथवा फोन से डराने एवं धमकाने वाले सन्देश मिले हैं। इसी बुधवार को ही सात स्कूलों को विस्फोट की धमकी मिली थी। अगर यह किसी की सोचा-समझी साजिश है तो बहुत गंभीर है। किसी की शरारत भी है, तब भी अक्षम्य अपराध है। दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में स्कूलों को उड़ाने की मिल रही ऐसी धमकियां न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं, बल्कि यह हमारे भविष्य, यानी बच्चों की मानसिक शांति और शिक्षा के अधिकार पर भी गहरा आघात है। कई बार ये धमकियां फर्जी साबित हुईं, लेकिन हर बार छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों में भारी दहशत का माहौल बना, जिससे न केवल शिक्षण प्रभावित हुआ बल्कि प्रशासन की सजगता और तत्परता भी सवालों के घेरे में आ गई। मई 2024 में एक ही दिन में दिल्ली के 100 से अधिक स्कूलों को एक साथ बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं थी। राजधानी के प्रतिष्ठित स्कूलों जैसे पश्चिम विहार इलाके में रिचमंड ग्लोबल स्कूल और रोहिणी सेक्टर-3 स्थित अभिनव पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इनमें तीन कॉलेज शामिल हैं। डीपीएस, मदर्स इन्टरनेशनल, संस्कृति स्कूल आदि प्रतिष्ठित स्कूलों को इस भयावह चक्रव्यूह में शामिल किया गया है। ताजा धमकियों में हो सकता है, जांच में कुछ भी चिंताजनक न मिले, पर ऐसी धमकी से तात्कालिक रूप से जो तनाव पैदा होता है, उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ई-मेल से दी गई धमकी की जो भाषा है, उस पर अवश्य गौर करना चाहिए। पुलिस और प्रशासन की तत्काल प्रतिक्रिया एवं सतर्कता के चलते सुरक्षा के कदम उठाते हुए स्कूलों को खाली कराया गया, बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और फोरेंसिक टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। हालांकि बाद में अधिकतर धमकियां फर्जी ही पाई गईं, लेकिन जिस प्रकार बार-बार ये घटनाएं हो रही हैं, वह एक सुनियोजित मानसिक आतंकवाद की ओर इशारा करती हैं। इसमें मुख्यतः साइबर सुरक्षा में चूक भी दिख रही है। इन डराने एवं खौफ पैदा करने वाली घटनाओं की अभी तक की जांच में पुलिस ने पाया है कि ये सभी धमकी भरे संदेश फर्जी हैं। फर्जी होने के बावजूद जांच को एक पुख्ता एवं सटीक समाधान तक पहुंचाना चाहिए। कौन अपराधी है, जो ऐसी धमकियां दे रहा है? अगर वह कोई बिगड़ैल बच्चा भी है, तो उसे इलाज की जरूरत है। वैसे इतने सुनियोजित तरीके की भेजी जा रही धमकियां किसी बिगडैल एवं शरारती बच्चे की नहीं हो सकती, जरूर इसके पीछे किसी बड़े षडयंत्रधारी का हाथ है। धमकाने की यह परिपाटी या किसी को डराने का यह तरीका अनियंत्रित नहीं होना चाहिए। अधिकांश ईमेल और धमकियां विदेशी सर्वरों से भेजी गई थीं-रूस, यूक्रेन जैसे देशों से। यह भारत की साइबर सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्किंग के माध्यम से की जा रही साजिशों की ओर संकेत करती है। यह संकट केवल सुरक्षा का नहीं, मानसिक आघात का है। हर धमकी के बाद छात्रों की परीक्षा, पढ़ाई, उपस्थिति और मनोवैज्ञानिक स्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ा है। बच्चों के भीतर असुरक्षा, भय और अविश्वास की भावना उत्पन्न हो रही है, जो उनके समग्र विकास के लिए बेहद खतरनाक है। अभिभावक-समाज में भी गहरा असंतोष और चिंता व्याप्त है, जो सरकार और पुलिस प्रशासन पर भरोसे को कम कर रही है। इन डराने एवं असुरक्षा का वातावरण पैदा करने वाली धमकियों के बावजूद स्कूल प्रशासन की यह सराहनीय बात है कि ज्यादातर स्कूल खुले रहे और सबने सावधानी से काम लिया। कहीं भी अफरा-तफरी नहीं होने दी गयी। फिर भी ऐसी धमकियों के मनोवैज्ञानिक एवं संवेदनशील असर को गहराई से समझने की जरूरत है। क्या ऐसी बार-बार मिल रही धमकियों से हम एक डरा हुआ समाज ही नहीं, बल्कि एक लापरवाह समाज भी बना रहे हैं? आज ऐसी धमकियों से हमें डर लग रहा है, लेकिन कल हो सकता है, ये धमकियां हमें लापरवाह बना दें। तब शरारती तत्व किसी बड़ी घातक एवं अनहोनी घटना को अंजाम दे देने में सफलता पा ले। जरूरत है स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ अस्थायी जांच और अलार्म तक सीमित न रहे। एक स्थायी और आधुनिक सुरक्षा फ्रेमवर्क लागू किया जाना चाहिए, जिसमें सीसीटीवी, बायोमैट्रिक एंट्री, इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम आदि अनिवार्य हों। साथ ही, स्कूलों को अपने स्तर पर भी पुख्ता सुरक्षा के प्रबंध रखने चाहिए। बच्चों के आने और स्कूल तक पहुंचने के मार्ग खुले, चौड़े व स्पष्ट होने चाहिए। यह परखना चाहिए कि स्कूलों में अग्निशमन की व्यवस्था है या नहीं? इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्कूल सुरक्षित है या नहीं? अलार्म और निगरानी व्यवस्था चौकस है या नहीं? जो स्कूल टूटे-फूटे हुए हैं, जिन स्कूलों में जल भराव या फिसलन की समस्या है, वहां विशेष रूप से उपाय करने की जरूरत है। इस तरह की धमकी देने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो। आईटी एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत त्वरित कार्यवाही से ही ऐसे अपराधियों को रोका जा सकता है। धमकियां झूठी भी हों, तो भी दोषियों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि सभी को सबक मिले। यह अच्छी बात है कि दिल्ली के अनेक स्कूलों ने अपने विद्यार्थियों को ऐसी स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित कर रखा है। शुक्रवार को जब धमकी की बात सामने आई, तब भी अनेक स्कूलों में कक्षाओं को बहुत आसानी से खाली करा लिया गया। सारे विद्यार्थी अपेक्षाकृत ज्यादा सुरक्षित जगहों पर पहुंच गए। वास्तव में, यह एक अनिवार्यता है कि सभी स्कूल अपने विद्यार्थियों को समय-समय पर प्रशिक्षित करें और मानसिक रूप से मजबूत रखें एवं ऐसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दें। स्कूलों में मनोवैज्ञानिक परामर्श की व्यवस्था हो ताकि ऐसे हादसों से बच्चों और शिक्षकों पर पड़ने वाले मानसिक दुष्प्रभावों को कम किया जा सके। बार-बार मिल रही इन धमकियों ने परिवारों में अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता में डाल दिया है और लोग सरकार से यह उम्मीद कर रहे हैं कि वह इन धमकियों की तह में जाकर ठोस समाधान करें। सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह बड़ा मौका है कि वे अपनी योग्यता प्रमाणित करें। दोषियों तक जल्द पहुंचने की क्षमता विकसित होनी चाहिए। धमकियां अगर साइबर माध्यम से आ रही हैं, तो क्या हम उनके स्रोतों तक पहुंचने की क्षमता नहीं रखते हैं? कोई दोराय नहीं कि अगर ऐसी धमकियों को रोका न गया, तो इससे विशेष रूप से खुफिया एजेंसियों की साख पर बट्टा लगेगा। अतः ऐसी धमकियों के प्रति अत्यधिक गंभीरता बरतने की जरूरत है। इस तरह की ईमेल धमकियों का सूत्रधार अक्सर विदेशी या वर्चुअल नेटवर्क होते हैं। भारत को अपनी साइबर सेल को और अधिक प्रशिक्षित, तकनीकी और संसाधन-सम्पन्न बनाना होगा ताकि ऐसी साजिशों की जड़ तक पहुँचा जा सके। ध्यान रखना होगा कि स्कूल केवल इमारतें नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के कारखाने हैं। वहां डर और आतंक का माहौल नहीं, बल्कि ज्ञान और विश्वास की नींव मजबूत होनी चाहिए। आज की आवश्यकता है कि सरकार, प्रशासन, स्कूल प्रबंधन, अभिभावक और समाज मिलकर ऐसी धमकियों को केवल सुरक्षा का मुद्दा न मानें, बल्कि इसे राष्ट्रहित और बच्चों के भविष्य के संकट के रूप में देखें। जब तक स्कूलों में सुरक्षा की पूरी गारंटी नहीं होगी, तब तक शिक्षा व्यवस्था में विश्वास बहाल नहीं हो सकेगा। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को इन घटनाओं पर सख्त होना होगा, अन्यथा जो देश अपने बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकता, वह अपने भविष्य को खो देता है। -ललित गर्ग

# डॉ. सुधा यादव बन सकती हैं भाजपा की अगली राष्ट्रीय अध्यक्ष

**पवन वर्मा**

भारतीय जनता पाटी ही नहीं बल्कि पूरे देश के राजनीतिक गलियारों में इन दिनों यह चर्चा आम है कि पार्टी का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन बनेगा। कई नाम इस दौड में माने जा रहे हैं, कुछ के नाम पिछले 6 महीने से लगातार चर्चाओं में हैं, लेकिन पार्टी की ओर से कोई निर्णय नहीं हो सका है। जेपी नड्डा की जगह पर पार्टी अब कभी भी किसी अन्य नेता को पार्टी के अध्यक्ष की कमान सौंप सकती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर हर दिन नए नए समीकरण और नए नए नाम सामने आ रहे हैं। अब इनमें से एक और नाम सामने आया है। यह नाम है डॉ. सुधा यादव का। डॉ. सुधा यादव हरियाणा की है और पूर्व सांसद रह चुकी है। वैसे तो राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए जिन नामों की चर्चा तेजी से हो रही है उनमें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, शिवराज सिंह चौहान, निर्मला सीतारमन, धर्मेंद्र प्रधान, मनोहर लाल खट्टर और प्रहलाद जोशी शामिल हैं। जैसा कि माना जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सत्ता और संगठन में कई बार चौंकाने वाले फैसले लेते हैं। भले ही लोगों को उनके फैसले चौंकाने वाले लगते हैं, लेकिन उनके पीछे पार्टी के साथ ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की रणनीति छिपी हुई होती है। जो भविष्य के अनुसार निर्णय लेती है। देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संगठन और नीति निर्धारण का सर्वोच्च केंद्र होता है। पिछले कुछ वर्षों से सत्ता और संगठन के बीच तालमेल बनाने में इस पद की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। इसलिए केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद अमित शाह को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया, उनके बाद इस पद पर जेपी नड्डा नियुक्त किए गए। दोनों ने ही सत्ता और संगठन के बीच बेहतर तालमेल बैठाया। साथ ही भाजपा संगठन को विस्तार देने में भी दोनों ही अध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संगठन के विस्तार के बाद अब अधिकांश राज्यों में भाजपा मजबूत स्थिति में आ गयी हैं। उसी का परिणाम है कि अब भाजपा देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। अपनी इसी मजबूती को बनाए रखने के लिए भाजपा अब ऐसे ही किसी नेता को राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान दे सकती है, जो सत्ता और संगठन के बीच समन्वय के साथ ही राज्यों में संगठन की मजबूती के लिए लगातार काम कर सके। इसमें भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान के नाम प्रमुखता के साथ सामने आए हैं, लेकिन इन नामों के बीच अब एक और नाम उभर कर सामने आया है वह नाम है डॉ. सुधा यादव का। डॉ. सुधा यादव भारतीय जनता पार्टी की संसदीय बोर्ड की सदस्य है। भाजपा की 11 सदस्यों वाले इस बोर्ड में डॉ. सुधा यादव एक मात्र महिला नेता है, जो इस बोर्ड में शामिल हैं। भाजपा के संसदीय बोर्ड में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीएस युदुरप्पा, बीएल संतोष जैसे नेता शामिल है। जिन सुधा यादव के नाम पर इन दिनों तेजी से विचार किया जा रहा है वे आईआईटी रुड़की से पढी हुई हैं। दरअसल सुधा यादव पिछड़ा वर्ग की महिला हैं और उनके पति सुखवीर सिंह यादव कारगिल युद्ध में शहीद हुए थे। वे बीएसएफ में डिप्टी कमांडेंट थे। हालातों के चलते उनका परिवार उस समय परेशानियों से गुजर रहा था। इसी दौरान नरेंद्र मोदी की पहल पर अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में लोकसभा का पहला चुनाव लड़ने का मौका भाजपा ने दिया था। हरियाणा से वे 1999 में चुनाव लड़ी और लोकसभा में पहुंची । वे पार्टी के ओबीसी मोर्चा में भी है। पार्टी के दृष्टिकोण से भी डा. सुधा यादव एक उम्दा और संतुलित चेहरा हो सकती हैं। उनके जरिए पार्टी महिलाओं के साथ ही पिछडा वर्ग के लोगों को भी साधने का काम कर सकती है। वहीं देश के लिए कुर्बानी देने वाले परिवार से भी सुधा यादव सीधी जुडी हुई हैं ऐसे में आम जनता की भावनात्मक सहानुभूति भी उनके साथ जुड़ी हुई है।संगठन क्षमता भी उनकी मजबूत मानी जाती है। ऐसे में संगठन की कमान दिए जाने पर अब पार्टी में उनके नाम पर भी विचार तेजी से हो रहा है।

## सेहत मंत्र

# गैस से लेकर कब्ज तक हर समस्या का हल है अदरक

हम सभी को अक्सर पेट से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कभी पेट में गैस बन जाती है तो कभी पेट अच्छी तरह साफ नहीं होता है। कब्ज की वजह से पूरा दिन काफी असहज महसूस होता है। अमूमन यह देखने में आता है कि हर बार अपनी समस्या का हल हम दवाओं में ही खोजते हैं, जबकि हमारी किचन में ऐसी कई चीजें होती हैं जो सेहत का बेहतर तरीके से ख्याल रख सकती हैं। मसलन, पेट की समस्याओं को दूर करने के लिए अदरक कमाल दिखा सकती है। अदरक सिर्फ चाय या काढ़े के लिए नहीं होता, इसे तो सदियों से आयुर्वेद और नानी-दादी के नुस्खों में पेट को ठीक रखने के लिए यूज़ किया जा रहा है। फिर चाहे आपका खाना जल्दी पचाना हो या पेट में फंसी गैस बाहर निकालनी हो या फिर ब्लोटिंग से राहत चाहिए, अदरक आपके काफी काम आ सकती है। अदरक की वजह से आपको पेट की गैस से आराम मिलता है। दरअसल, अदरक आंतों की मसल्स को रिलैक्स करता है, जिससे फंसी हुई गैस को बाहर निकालने में मदद मिलती है। इससे ना केवल गैस की वजह से होने वाले दर्द में राहत मिलती है, बल्कि अदरक गैस बनने से पहले ही उसे रोकता है। अगर आपका पेट अक्सर सही तरह से साफ नहीं होता या फिर आपको बार-बार कब्ज की शिकायत होती है तो ऐसे में अदरक का सेवन करना आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है। दरअसल, अदरक आंतों की मूवमेंट को बढ़ाता है जिससे पेट जल्दी साफ होता है। साथ ही, ये मल को भी थोड़ा सॉफ्ट बनाता है, जिससे उसे पास करना आसान हो जाता है। डाइजेशन को बेहतर बनाने के लिए अदरक को कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है। ताज़ा अदरक को 5-10 मिनट पानी में उबालें और खाना खाने के बाद धीरे-धीरे पिएं। आप चाहें तो खाने से पहले अदरक व सेंधा नमक का एक छोटा सा टुकड़ा चबाएं। आप रातभर अदरक के टुकड़े पानी में भिगोकर सुबह खाली पेट पिएं और फिर अगली सुबह उसे खाली पेट पीएं। दाल, सब्ज़ी या काढ़े में थोड़ा-सा अदरक पाउडर डालें।

## धर्म मंत्र

# सुंदरकांड का पाठ करने से जीवन में आती है पॉजिटिविटी

सुंदरकांड रामायण का एक अहम और लोकप्रिय भाग है। माना जाता है कि सुंदरकांड का पाठ करने से जीवन में सकारात्मकता आती है और हनुमान जी की कृपा बरसती है। ज्योतिष और पौराणिक मान्यता के मुताबिक हनुमान जी से शनिदेव भी डरते हैं। शनिदेव की दशा के प्रभाव को कम करने के लिए हनुमान जी की पूजा करने की सलाह दी जाती है। वहीं अगर आप शनिवार को सुंदरकांड का पाठ करते हैं, तो हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है और वह प्रसन्न होते हैं। साथ ही शनिदेव भी आपका बुरा नहीं कर पाएंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सुंदरकांड पाठ के महत्व, इसको करने की सही विधि और मान्यता के बारे में बताने जा रहे हैं। हिंदू धर्म में मान्यता है कि सुंदरकांड का पाठ करने से भक्तों की मनोकामना जल्दी पूरी हो जाती हैं। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा लिखी गई रामचरितमानस के सात अध्यायों में से 5वां अध्याय सुंदरकांड है। हालांकि रामचरित मानस के सभी अध्याय भगवान की भक्ति के लिए हैं, लेकिन सुंदरकांड का महत्व अधिक है। पूर्ण रामचरितमानस में भगवान के गुणों को दर्शाया गया है। तो वहीं रामचरितमानस के सुंदरकांड की कथा सबसे अलग और निराली है। इसमें भगवान श्रीराम के गुणों की नहीं बल्कि उनके भक्त हनुमान जी के भक्त और उनकी विजय के बारे में बताया गया है। सुंदरकांड का पाठ करने वाले भक्तों को हनुमान जी बल देते हैं और आसपास निगेटिव एनर्जी भी नहीं भटक सकती है।

## पर्यटन



# सोनमर्ग: जहाँ हर कदम पर बिखारा है सौंदर्य

जम्मू और कश्मीर राज्य के गंदरबल ज़िले में स्थित सोनमर्ग (जिसका अर्थ है सोने की घाटी) एक सुरम्य पर्यटन स्थल है, जो प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और रोमांचक गतिविधियों का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। समुद्र तल से लगभग 2,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह जगह गर्मियों के मौसम में हरे-भरे घास के मैदानों और जाड़ों में बर्फीले चादरों से ढकी होती है। सोनमर्ग चारों ओर से बर्फ से ढकी ऊंची-ऊंची चोटियों, देवदार और चीड़ के घने जंगलों तथा कलकल बहती नदियों से घिरा हुआ है। यहाँ की सबसे प्रसिद्ध नदी है सिंध नदी, जो बर्फीले ग्लेशियरों से निकलती है और यहाँ के जीवन को जीवन्त बनाती है। यह सोनमर्ग से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित है और यहाँ का सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल है। पर्यटक यहाँ घोड़ों पर सवारी करके जाते हैं और बर्फ में खेलते हैं। गर्मियों में भी यहाँ बर्फ देखने को मिलती है। यह दर्रा श्रीनगर को लेह-लद्दाख से जोड़ता है। साहसिक पर्यटकों के लिए यह स्थान बेहद रोमांचक है। यह रास्ता ऊँचा, घुमावदार और रोमांच से भरपूर होता है। यह अमरनाथ यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। सोनमर्ग से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित यह जगह अमरनाथ गुफा तक ट्रेकिंग के लिए जानी जाती है। सोनमर्ग से कई खूबसूरत ट्रेक शुरू होते हैं, जैसे गंगाबल झील ट्रेक, किशनसर और विषनसर झील ट्रेक आदि। सिंध नदी ट्राउट मछली पकड़ने के लिए प्रसिद्ध है। सोनमर्ग उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो भीड़भाड़ से दूर, शांतिपूर्ण वातावरण में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना चाहते हैं। फूलों से ढके मैदान, नीले आसमान के नीचे बर्फ से चमकते पहाड़, और पंछियों की मधुर चहचहाहट- यह सब किसी चित्रपटल जैसा लगता है। मई से सितंबर तक का समय सोनमर्ग घूमने के लिए सबसे अच्छा होता है। सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो सकते हैं, पर बर्फ प्रेमियों के लिए यह भी एक अनोखा अनुभव हो सकता है। सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहाँ हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है।

# प्रार्थना सभा की आड़ में 'धर्मांतरण' का खेल, प्रशासन ने समय रहते रोका प्रयास

## सिरौलीगौसपुर में ईसाई मिशनरी गतिविधियों का दूसरा मामला, पुलिस ने कई लोगों को लिया हिरासत में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी । थाना सफदरगंज अंतर्गत बेलहरी बाग अकबरपुर गांव में रविवार को पुलिस ने कथित प्रार्थना सभा के नाम पर चल रही ईसाई मिशनरी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिया। यह घटना न केवल क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक एकता पर चोट है, बल्कि इससे स्पष्ट होता है कि विदेशी प्रेरित ईसाई मिशनरियाँ किस तरह ग्रामीण और विशेषकर दलित समाज में छुपकर अपने जाल बिछा रही हैं। सूत्रों के अनुसार, एक निजी भवन में हर रविवार को गुपचुप तरीके से प्रार्थना सभाएं होती थीं, जिनमें दलित समुदाय के दर्जनों लोग शामिल होते थे। रविवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि इस सभा के जरिए लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए मानसिक रूप से प्रभावित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुँची और सभा को रोककर जांच शुरू की। जिस कमरे में सभा हो रही थी, वहां ईसाई धर्म से संबंधित धार्मिक प्रतीक, पुस्तकें और प्रचार सामग्री मिलीं। सभा का संचालन कर रहे उमेश कुमार (निवासी जहांगीराबाद) ने बताया कि वह हर रविवार को ल्लप्रार्थना करानेङ्क आते हैं। हालांकि स्थानीय निवासी विनय का कहना है कि यह जमीन समाजसेवा हेतु दी गई थी, लेकिन अब यहां ल्लचर्चङ्क जैसा ढांचा खड़ा कर दिया गया है, जो स्थानीय स्वीकृति और प्रशासनिक अनुमति के बिना अवैध है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि यह तहसील क्षेत्र में ऐसी गतिविधियों की दूसरी घटना है, जो इस बात की पुष्टि करता है कि कुछ असामाजिक मिशनरी संगठन योजनाबद्ध तरीके से हिंदू समाज के गरीब व वंचित तबकों को बहकाकर धर्म परिवर्तन के जाल में फंसा रहे हैं। इस प्रकार की गतिविधियाँ संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का दुरुपयोग करते हुए समाज को विभाजित करने का काम कर रही हैं। प्रशासन की सजगता से रोका गया बड़ा षड्यंत्रथाना प्रभारी अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि मौके से प्रार्थना पुस्तकें जब्त की गई हैं और कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में कई तथ्य ऐसे सामने आए हैं जो स्पष्ट संकेत देते हैं कि यहां धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने का प्रयास हो रहा था।प्रशासन की समय रहते की गई कार्रवाई से संभवतः एक बड़ा सामाजिक षड्यंत्र टल गया है। अगर समय रहते पुलिस नहीं पहुंचती, तो यह सभा धर्मांतरण की एक और कड़ी बन सकती थी।

### आलोचनात्मक टिप्पणी: हिंदुत्व पर सुनियोजित प्रहार

भारत की आत्मा उसकी सनातन संस्कृति में रची-बसी है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से देखा जा रहा है कि कुछ विदेशी वित्तपोषित ईसाई संगठन भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में—खासकर दलितों, अशिक्षितों और रोगग्रस्त परिवारों को—धर्म, स्वास्थ्य और मुक्ति का लालच देकर अपनी ओर खींचने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। प्रार्थना सभा के नाम पर भोले-भाले हिंदुओं को ईश्वर से तोड़ा जा रहा है और भारतीय संस्कृति को जड़ों से कमजोर करने की योजना बनाई जा रही है। यह सिर्फ एक धर्म परिवर्तन का मामला नहीं, बल्कि हिंदू समाज को सांस्कृतिक रूप से कमजोर करने की साजिश है। यह आवश्यक है कि प्रशासन भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर पैनी निगाह बनाए रखे और बिना किसी दबाव के धर्मांतरण विरोधी कानूनों को सख्ती से लागू करे। साथ ही हिंदू समाज को भी जागरूक रहने की आवश्यकता है, जिससे वह अपनी संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक पहचान की रक्षा स्वयं कर सके।

# बाढ़ सम्भावित क्षेत्र का मंत्री ने किया दौरा, दिए दिशा निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज रविवार को सरयू नदी(घाघरा) के दाएं तटबंध पर स्थित ग्राम कोठरी गौरया की बाढ़ सुरक्षा हेतु चलित परियोजना एवं अन्य परियोजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया। उनके साथ राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा भी उपस्थित रहे।इस दौरान मंत्री द्वय ने नाव में बैठकर सरयू नदी के तटबंध को कटान से रोकने के लिये चल रही परियोजनाओं को गहनता से देखा और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। करीना मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा द्वारा सरयू नदी के दाएं तट पर स्थित अलीनगर - रानीमऊ तटबंध के ग्राम कोठरी गौरया, ब्लॉक पूरेडलई तहसील सिरौली गौसपुर में बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों की परियोजना मुख्य अभियंता शारदा सहायक, अधीक्षण अभियंता मंडल अयोध्या तथा अधिशासी अभियंता बाढ़ कार्य खंड बाराबंकी के साथ निरीक्षण किया। उक्त स्थल पर वर्तमान में परियोजना अच्छे से कार्य कर रही है कहीं कटान की स्थिति नहीं है। मा0 मंत्री जी द्वारा उक्त कार्य के नीचे ग्राम सूबेदार पुरवा कोठरी आदि ग्राम में हो रही कटान को रोकने के लिए फ्लड फाइटिंग कार्य करने के निर्देश दिए गए।

# हरित महाभंडारा का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। लक्ष्य सेवा समर्पण फाउंडेशन और यूनीक फाउंडेशन व कटका क्लब सामाजिक संस्था के संयुक्त तत्वाधान में हरित महाभंडारा का आयोजन पशु चिकित्सालय दियरा बाजार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता लक्ष्य सेवा समर्पण फाउंडेशन के अध्यक्ष अनमोल अग्रहरि ने किया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप उपस्थित जिला परियोजना अधिकारी अभिनंदन प्रताप सिंह ने बताया कि पर्यावरण के संरक्षण में लोगों की अपनी भूमिका है। प्रकृति और मौसमी उत्पादों के साथ तालमेल बिठाकर खाने की आदत से पर्यावरण को काफी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने संस्था के अभियान कि सराहना कि और 200 लोगों को पौधे वितरण किया। इस मौके पर कटका क्लब सामाजिक संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि हमें ऐसी खाद्य आदतें विकसित करनी चाहिए जो पर्यावरण के अनुकूल हों और पर्यावरण पर कम दबाव डालें। हमें याद रखना चाहिए कि हमारे पास केवल एक ही पृथ्वी है ! इस मौके पर यूनीक फाउंडेशन के संस्थापक डॉ अनूप मिश्र ने बताया कि आइए हम अपने समय की प्रमुख पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए एक सहकारी, सहयोगी और सहभागी दृष्टिकोण अपनाएं। कार्यक्रम का संचालन इरफान खान ने किया। आए अतिथियों के प्रति दीपांकर बरनवाल ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उत्तम, सिरताज सूरज प्रपात सिंह, अंकित, बृजेन्द्र मिश्र, शिव कुमार मिश्र, विकाश अग्रहरि, अनुज गुप्ता, कोमल राठौर, पारुल श्रीवास्तव, राम आशीष, निखिल, यशदीप ठठेर, रजत बरनवाल, मोहम्मद जायर क्षेत्रीयवन अधिकारी, फरीद वन दरोगा, मनोज वन रक्षक राम शर्मा सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अब जिला अस्पताल लगने लगा है कुछ ''नया-नया''— बदलाव बिना बजट, असर शानदार!

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। ''बदला-बदला सा नजर आ रहा है जिला अस्पताल!'' जी हाँ, जो अस्पताल अब तक बदहाल व्यवस्था, भीड़भाड़ और तंग गलियारों के लिए कुख्यात था, वहां अब कुछ अलग ही माहौल महसूस हो रहा है। मरीजों की भीड़ अब व्यवस्था से टकराने की बजाय उसमें समाहित होती दिख रही है, और यह सब चमत्कार हुआ है – बिना किसी बजट प्रस्ताव के, बिना अतिरिक्त संसाधन के, सिर्फ ज़रा सी मंशा और मेहनत से! दरअसल, जिले के कर्मठ मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सदन जी ने जब शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. यादव के साथ जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, तो अस्पताल का कायाकल्प शुरू हो गया। यह कोई फिल्मी सीन नहीं था, पर असर फिल्मी से कम भी नहीं था!

कबाड़ से कमरा, बरामदे से बिस्तर

निरीक्षण की शुरुआत हुई ओपीडी और ट्रॉमा सेंटर से। जैसे ही अधिकारियों की नजर बरामदे में बेड के बिना तड़पते मरीजों पर पड़ी, अस्पताल प्रशासन तुरंत हरकत में आया। वहां जहां पुराने स्ट्रक्चर और प्लास्टिक की कुर्सियों पर इलाज चल रहा था, वहां अब मरीजों को तुरंत नए बेड मिल गए – हां, वही बेड जो अस्पताल के किसी स्टोरनुमा कमरे में कबाड़ के नीचे धूल फांक रहे थे। वो कमरा जिसके बाहर 'स्टोर रूम' लिखा था, अंदर टूटी कुर्सियों, बेकार बेंचों और छत पर लटके जाले का साम्राज्य था। लेकिन जैसे ही सीडीओ की दृष्टि वहां पड़ी, कमरा एक घंटे में ही चमक उठा। धुलाई, सफाई और सजावट के बाद वहाँ 5ऽ6 साफ-सुथरे पलंग लगा दिए गए, और बाहर पड़े मरीज तुरंत उसमें शिफ्ट कर दिए गए। टीन शेड के नीचे की योजना और सेवा का जज्बा भ्रमण के दौरान परिसर में खड़ी एक जर्जर एंबुलेंस हटाई गई, और टीन शेड के नीचे जगह को बेहतर उपयोग में लाने पर विचार हुआ। ट्रॉमा सेंटर के कई बंद कमरों को खोलकर उपयोगी बनाने की दिशा में तुरंत योजना बन गई। इस दौरे के बाद ऐसा लग रहा था मानो अस्पताल ने एक रात में करवट ले ली हो। न कोई टेंडर, न कोई फाइल का फ़ेर। सिर्फ इच्छा शक्ति और टीम वर्क। सीएमएस बोले ऽ जल्द ही बदलेगा पर्चा काउंटर, ओपीडी होगी हाईटेक सीएमएस श्री सिंह ने बताया कि अगले चरण में पर्चा काउंटर को ओपीडी के भीतर शिफ्ट किया जाएगा जिससे मरीजों को कम भीड़ में तेज़ सेवा मिल सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि अस्पताल को और भी सुविधाजनक और साफ-सुथरा बनाया जाएगा। अब सवाल यही है – जब थोड़े से प्रयास से इतना परिवर्तन संभव है, तो फिर ये पहले क्यों नहीं हुआ? शायद इसीलिए कहा गया है ऽ''जहां चाह, वहां राह!'' और अब बाराबंकी जिला अस्पताल उस राह पर चल चुका है, जहां मरीज सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि सम्मान और सुविधा भी पा रहा है।

## गर्भवती महिलाएं निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र पर कराएं पंजीकरण : डीपीओ

अमेठी । प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभों को अधिक से अधिक पात्र महिलाओं तक पहुंचाने हेतु जनपद अमेठी में पन्द्रह से इकतीस जुलाई तक विशेष जागरूकता एवं प्रचार प्रसार अभियान चलाया जा रहा है।यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य है कि गर्भावस्था की प्रारंभिक अवस्था में महिलाओं को समय पर योजना का लाभ मिले जिससे उनके पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हो सके साथ ही आर्थिक सहयोग के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को आवश्यक सहायता भी प्राप्त हो सके। इस अभियान की सफलता के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रूप से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चत किया जाए कि कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे।

# पं. सिद्धार्थ अवस्थी ने लोधेश्वर महादेवा में किया जलाभिषेक

## इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप निकट अंतिम सोमवार को होगा विशाल भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। पौराणिक तीर्थ स्थल श्री लोधेश्वर महादेवा में श्रावण मास के पावन पर्व पर पूर्व विधायक पुत्तू अवस्थी के सुपुत्र पंडित सिद्धार्थ अवस्थी उर्फ सिद्धू भैया ने महादेवा पहुंचकर भूत भावन भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मंदिर के पुजारी वीरेंद्र अवस्थी ने विधि विधान से पूजन अर्चन कराया। सिद्धार्थ अवस्थी ने महादेवा मंदिर परिसर में बैठकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं जनता से मुलाकात कर विचार विमर्श किया। पंडित सिद्धार्थ अवस्थी के स्वभाव और लोकप्रियता के कारण उनके चाहने वालों की भीड़ लग गई पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप रामनगर पर पहुंचकर श्रावण मास के अंतिम सोमवार को होने वाले विशाल भंडारे की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कई लोगों से व्यवस्था के बारे में विचार विमर्श किया इस मौके पर अपना दल के जिलाध्यक्ष एड. सुरेशचंद्र गौतम, अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष एड. कौशल किशोर त्रिपाठी, ग्राम प्रधान लोधौरा राजन तिवारी, हरिप्रसाद द्विवेदी मठ रिसीवर, दशरथ अवस्थी पुजारी, समाज सेवी आकाश त्रिपाठी, पंकज मिश्रा, दीपक सिंह घोखरिया, सुनीत अवस्थी, संकर शरण बाजपाई, महेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### जान जोखिम आबादी से गुजरी हाई टेंशन लाइन

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मकानों के ऊपर से गुजरी हाईटेशन विद्युत लाइन जानघातक साबित हो रही है। रविवार की सुबह कस्बा मसौली के मोहल्ला डाकखाना तकिया के निकट एक राजमिस्त्री विद्युत लाइन की चपेट मे आकर मरणासन्न हुआ। गंभीर रूप झुलसे राजगीर को सीएचसी बड़ागांव से रेफर किया गया। बताते चले कि कस्बा मसौली निवासी सम्मू अपना दो मंजिला मकान में कुछ निर्माण कार्य करा रहा था। मोहल्ला कसाईटोला निवासी 55 वर्षीय राजमिस्त्री मुमताज़ कार्य कर रहा था मकान के ऊपर से गुजरी 33 हजार हाईटेशन लाइन मे अचानक चपेट में आकर झूलस गया जिसे आनन फानन मे सीएचसी बड़ागांव ले जाया गया जहा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया लेकिन हालत नाजुक होने पर सिविल अस्पताल लखनऊ रेफर किया गया है।

### हाई टेंशन लाइन का फैलाव, विरोध में विद्यालय प्रबंधन

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रबंधन द्वारा विद्यालय के ऊपर से खींची जा रही 33 हजार हाइटेंशन लाइन को अंडर ग्राउंड अथवा दूसरी पटरी पर स्थापित किए जाने की मांग की है। जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर विरोध जताया है।कुर्सी क्षेत्र के बहरौली स्थित कालिंदी पब्लिक स्कूल,स्वामी दिव्यानंद शिक्षा निकेतन आदि विद्यालयों के प्रबंधकों द्वारा दी गई जानकारी के मुतबिक लखनऊ - महमूदाबाद मार्ग पर 33 हजार हाइटेंशन की नई लाइन बनाई जा रही।यह विद्युत लाइन निंदूरा विद्युत उपकेंद्र से औधोगिक क्षेत्र उमरा तक जा रही है।विद्युत लाइन के पोल विद्यालयों के मुख्य गेट पर लगाए जा रहे हैं।यह सभी विद्युत पोल लोहे के हैं।बारिश के मौसम में करंट उतरने का खतरा बन सकता है।विद्यालय प्रबंधन ने विद्युत लाइन को अंडर ग्राउंड अथवा दूसरी पटरी पर लगाने की मांग की है।आरोप है कि कस्बे से निकलने वाली यह विद्युत लाइन अंडर ग्राउंड होकर निकलने का स्टीमेट बना है परन्तु संबंधित ठेकेदार पैसा बचाने के लिए लोगों की जान जोखिम में डाल विद्युत लाइन उपर से खींच रहा है। संबंध में कुर्सी विद्युत उपकेंद्र जेई विकास शुक्ला ने बताया कि हमारे क्षेत्र स्थल से नहीं है। कस्बों अंदर व विद्यालय के ऊपर से खींची जा रही विद्युत लाइन अंडर ग्राउंड होकर निकालने का स्टेटमेंट बना हुआ है लेकिन संबंधित ठेकेदार नियमों को ताक पर रखकर 33 हजार विद्युत लाइन पोल के सहारे निकाल रहे हैं जोकि हादसे का कारण बन सकता है।

### लोधेश्वर, कुंतेश्वर व पारिजात धाम में स्वतंत्र देव ने किया पूजन अर्चन

रामनगर/ सिरौली गौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सावन के दूसरे सोमवार से पूर्व रविवार को प्रदेश सरकार के मा. जल शक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह तहसील रामनगर अंतर्गत लोधेश्वर महादेवा मंदिर में मा. राज्यमंत्री श्री सतीश चंद्र शर्मा व मा. एमएलसी श्री अंगद सिंह व निवर्तमान विधायक श्री शरद अवस्थी के साथ रुद्राभिषेक कर जनकल्याण की प्रार्थना की। इस मौके पर एसडीएम विवेकशील यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, कोतवाल रामनगर अनिल पांडेय व विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।
कुंतेश्वर में किया अभिषेक, पारिजात धाम में लिया आशीर्वाद
इसके बाद मा. जलशक्ति मंत्री सिरौलीगौसपुर के प्रसिद्ध कुंतेश्वर धाम पहुँचे। तत्पश्चात वे पारिजात धाम पहुँचे, जहाँ पारिजात वृक्ष के नीचे बैठकर उन्होंने विधिपूर्वक पूजन किया। इस मौके पर एसडीएम सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बकायादारों के कटे कनेक्शन, वसूले लाखों

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोठी पावर हाउस के अंतर्गत उपखंड अधिकारी देवीगंज शैलेश गुप्ता, अंकित वर्मा की अगुवाई में विद्युत मेगा कैंप का आयोजन असौरी मजरे तुनिहा गांव में किया गया। जिसमें 35 उपभोक्ताओं के बिलों का संशोधन किया गया और 32 बडे बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए तथा चार लाख से अधिक कि बिल वसूली की गई।

### दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट, पति व सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना असंद्रा क्षेत्र के अंतर्गत एक विवाहिता ने अपने पति और सास पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के रेहरा मजरा टांडा निवासी मीरा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसकी शादी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व सत्यनाम के साथ हुई थी। विवाह के कुछ समय बाद से ही पति सत्यनाम और सास चंद्रकला उस पर दहेज में सोने की चेन व ?50,000 नकद लाने का दबाव बनाने लगे।

# कावड़ यात्रा का जगह-जगह स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी के बहरौली व आगासंड क्षेत्र से रविवार को विशाल कांवड़ यात्रा गाजे बाजे के साथ धूमधाम से निकली। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।कांवड यात्रा में वाहनों पर सवार कांवडिए बम-बम भोले के जयकारों के साथ अबीर गुलाल उड़ा रहे थे। कुछ कांवड़िए भक्ति गीतों पर नृत्य भी कर रहे थे। यात्रा में लोग तिरंगा भी लहरा रहे थे। कांवड़ यात्रा को देखने के लिए बाजार में सड़क के दोनों ओर जगह-जगह महिलाओं, पुरुषों व बच्चों की भीड़ लगी रही। जगह- जगह कांवड़ यात्रा पर पुष्पों की वर्षा की गई।इसके बाद कुर्सी,बसारा,टिकैतगंज ,निंदूरा, रीवा सीवा, बाबा कुटी पहुंच कर कांवड़ यात्रा समाप्त हो गई और कांवड़िए रामनगर के महादेवा के लिए रवाना हो गए।

## किसानो की समस्याओं को लेकर मंगलवार को कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

सुल्तानपुर। मंगलवार को जनपद में खाद, बिजली, पानी, सड़क आदि समस्याओं को लेकर कांग्रेस सड़क पर उतरने को लेकर जिला प्रशासन को चेतावनी की दी है। इस संबंध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर मंगलवार को कांग्रेस समूचे जनपद में खाद, पानी, बिजली आदि समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरेगी और विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भेजेगी। उन्होंने बताया कि किसानो को समय पर पानी नहीं मिल रहा है, सोसाइटियों पर खाद की किल्लत है, जनपद में बिजली का संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, किसान खरीफ की फसल की बुआई को लेकर अत्यधिक परेशान है। किसानों की समस्याओं पर जिला प्रशासन मौन है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को जगाने व किसानों की समस्याओं को जल्द निस्तारण के लिए शहर कांग्रेस कमेटी जिला मुख्यालय पर और जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जयसिंहपुर तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भेजा जायेगा।

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में नई ट्रॉफी का हुआ नामकरण

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली टेस्ट क्रिकेट सीरीज को अब सचिन तेंदुलकर-जेम्स एंडरसन ट्रॉफी के नाम से जाना जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (उएएक्र) और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (क्एउ) ने संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया। पहले यह सीरीज पटौदी ट्रॉफी के नाम से आयोजित होती थी, जो भारत के पूर्व कप्तान इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके पुत्र मंसूर अली खान पटौदी की याद में थी। इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने इस सम्मान पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने स्काई स्पोर्ट्स को बताया, ''अपना नाम सचिन तेंदुलकर जैसे दिग्गज के साथ ट्रॉफी पर देखना मेरे लिए अजीब और सम्मानजनक है। सचिन क्रिकेट इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं। मैंने बचपन से उन्हें खेलते देखा और उनके खिलाफ भी खेला। उन्होंने पूरे करियर में एक देश की उम्मीदों का बोझ उठाया। उनके साथ यह सम्मान साझा करना मेरे लिए गर्व की बात है। सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट क्रिकेट में 200 मैच खेले और इस प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। दूसरी ओर, जेम्स एंडरसन, जिन्होंने पिछले साल क्रिकेट से संन्यास लिया, ने 188 टेस्ट मैचों में 704 विकेट हासिल किए। वे टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज हैं। सचिन-एंडरसन ट्रॉफी न केवल दो महान क्रिकेटरों के योगदान को सम्मानित करती है, बल्कि भारत और इंग्लैंड के बीच क्रिकेट की ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता को भी नया आयाम देती है। यह नामकरण क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक विशेष क्षण है, जो इन दोनों दिग्गजों की विरासत को हमेशा याद रखेगा।

# आकाश दीप, अर्शदीप के कवर के तौर पर तेज गेंदबाज कम्बोज भारतीय टीम में

एजेंसी



मैनचेस्टर। इंग्लैंड के खिलाफ 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के लिए फिट होने की कोशिशों में जुटे आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। ग्रोइन की चोट से जूझ रहे आकाश दीप ने दूसरा और तीसरा टेस्ट खेला था जबकि अर्शदीप इस श्रृंखला में अभी तक नहीं खेल सके हैं। आकाश दीप की उपलब्धता पर कोई स्पष्टता नहीं है जबकि अर्शदीप का मैनचेस्टर टेस्ट में खेलना मुश्किल ही लग रहा है जिसकी वजह से चयनकर्ताओं ने कम्बोज को बुलाया। अर्शदीप को नेट सत्र के दौरान साइ सुदर्शन का एक शॉट बचाते समय बाएं हाथ में चोट लगी थी। सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा था, 'हम मैनचेस्टर टेस्ट पास आने पर टीम संयोजन के बारे में फैसला लेंगे, खासकर अर्शदीप की स्थिति को ध्यान में रखते हुए।' उन्होंने कहा था, 'उसे कट लगा है लेकिन देखना है कि यह कितना गहरा है। मेडिकल टीम उसे डॉक्टर के पास ले गई है और देखना है कि उसे टांके आते हैं या नहीं। कम्बोज ने टेस्ट श्रृंखला से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों में भारत ए के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने नॉर्थम्पटन और कैंटरबरी में चार पारियों में 5 विकेट लिए। उन्होंने पिछले साल केरल के खिलाफ लाहली में रणजी ट्रॉफी मैच में हरियाणा के लिए एक पारी के 10 विकेट चटकाए थे। वह बंगाल के प्रेमांग्शु चटर्जी (1956 . 57) और राजस्थान के प्रदीप सोमासुंदरम (1985 . 86) के बाद यह कारनामा करने वाले तीसरे गेंदबाज बने थे। उन्होंने पिछले सत्र में छह रणजी मैचों में 34 विकेट लिए थे।

# प्रिया मलिक ने 76 किग्रा फ्रीस्टाइल में जीता रजत पदक

एजेंसी



बुडापेस्ट। दो बार की वर्ल्ड कैडेट्स चैंपियन प्रिया मलिक ने पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2025 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 76 किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में रजत पदक जीता।

हंगरी के बुडापेस्ट में शनिवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में भारत की प्रिया मलिक को ब्राजील की थामिरेस मार्टिन्स माचाडो के खिलाफ 4-3 के बेहद करीबी अंतर से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय पहलवान ने टूर्नामेंट की शुरुआत क्वार्टरफाइनल में रियो 2016 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कजाकिस्तान की एलमिरा सिजदिकोवा को 7-2 से हराकर की। इसके बाद उन्होंने सेमीफाइनल में वैलेरिया ट्रिफोनोवा पर 11-1 की जबरदस्त जीत दर्ज की। हमवतन मनीषा ने 62 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। जहां कांस्य पदक मुकाबले में मनीषा ने क्रिस्टिना को 9-0 से पटखनी देकर जीत हासिल की। क्वार्टरफाइनल में मनीषा को अमीना टंडेलोवा से 11-0 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने रेपचेज राउंड के जरिए वापसी करते हुए फ्रांस की ओलंपियन अमेलिन डोआरे को 8-2 से हराया। वहीं, नॉर्डिक सिस्टम के तहत 55 किग्रा वर्ग में खेल रहीं पुष्पा को अमेरिका की क्रिस्टेल नोएल रोड्रिगेज और कनाडा की वर्ल्ड चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता कार्ला गोडिनेज से हार का सामना करना पड़ा। ग्रीको-रोमन कुश्ती में करण कांबोज (87 किग्रा) क्वालिफिकेशन से, अंकित गुलिया (72 किग्रा) प्रीक्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। शनिवार को जीते गये पदकों के साथ भारत के पदकों की संख्या आठ हो गई है। जिसमें तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

# विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में भारत बनाम पाकिस्तान मैच रद्द

एजेंसी




बर्मिंघम। शिखर धवन सहित भारतीय खिलाड़ियों के बहिष्कार के कारण बर्मिंघम में रविवार को विश?व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाने वाला वेटरन्स क्रिकेट मैच रद्द कर दिया गया है। धवन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने बयान का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया जिसमें लिखा, यह औपचारिक रूप से दोहराया जाता है कि श्री शिखर धवन आगामी डब्ल्यूसीएल में पाकिस्तान टीम के खिलाफ किसी भी मैच में भाग नहीं लेंगे। यह चर्चा 11 मई 2025 को कॉल और व्हाट्सएप पर हमारी बातचीत के दौरान पहले ही हो चुकी थी। हमारी वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति और भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव को देखते हुए, श्री धवन और उनकी टीम ने उचित विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया है। हम इस मामले में लीग से सम्मानपूर्वक समझ और सहयोग का अनुरोध करते हैं। डब्ल्यूसीएल के आयोजकों ने एक बयान में कहा कि उन्होंने यह खबर सुनने के बाद कि पाकिस्तान हॉकी टीम इस वर्ष भारत का दौरा करेगी और दोनों देशों की अंडर-16 टीमों के बीच हाल ही में वॉलीबॉल मैच को देखने के बाद टूर्नामेंट में इस मैच की योजना बनाई थी। टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज की टीमें भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, इस मैच से अनजाने में हमारे भारतीय क्रिकेट दिग्गजों को असुविधा हुई है, तो हम इस मैच का रद्द करते हैं।

डब्ल्यूसीएल का दूसरा संस्करण 18 जुलाई को बर्मिंघम में शुरू हुआ और अब तक तीन मैच खेले जा चुके हैं। पाकिस्तान ने टूर्नामेंट का पहला मैच खेला था, लेकिन रविवार का मैच भारत का पहला मैच होने वाला था। युवराज सिंह भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे हैं जबकि मोहम्मद हफीज पाकिस्तान के कप्तान हैं। टूर्नामेंट की छह टीमें एक-दूसरे से एक-एक बार भिड़ेंगी, उसके बाद शीर्ष चार टीमें 31 जुलाई को होने वाले सेमीफाइनल और दो अगस्त को होने वाले फाइनल में भिड़ेंगी। टूर्नामेंट बर्मिंघम, नॉर्थम्प्टन, लीसेस्टर और लीड्स में खेला जाएगा।

# शहरी गैस कंपनियों पर कसा शिकंजा, पाइप वाली रसोई गैस की होगी एक समान कीमत

एजेंसी

नयी दिल्ली। पेट्रोलियम क्षेत्र के नियामक पीएनजीआरबी ने शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को आदेश दिया है कि वे खाना पकाने के लिए घरों में पाइप से आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के लिए एक समान कीमत वसूलें, चाहे खपत का स्तर कुछ भी हो। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि एक निश्चित उपयोग सीमा से अधिक उपयोग पर अधिक कीमत वसूलने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। सरकार, शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को बाजार मूल्य से कम कीमत पर प्राकृतिक गैस आवंटित करती है, जिसे एपीएम गैस कहा जाता है। यह गैस घरों में पाइप से आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के रूप में बिक्री के लिए उपलब्ध होती है। चूंकि सरकार यह आवंटन बाजार मूल्य से कम पर करती है, इसलिए उम्मीद की जाती है कि शहरी गैस खुदरा विक्रेता इसका लाभ उपयोगकर्ताओं को देंगे। घरेलू रसोई के लिए इस्तेमाल होने वाली गैस की कीमत बाजार मूल्य से कम होती है, जबकि होटल जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आपूर्ति की जाने वाली गैस की कीमत बाजार मूल्य पर होनी चाहिए। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने एक नोटिस में कहा कि यह पाया गया है कि ''कुछ शहरी गैस वितरण (सीजीडी) कंपनियां पीएनजी के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बढ़ती हुई मूल्य निर्धारण संरचना लागू कर रही हैं, जहां खपत पूर्वनिर्धारित सीमा से अधिक होने पर प्राकृतिक गैस की प्रति इकाई (मानक घन मीटर) कीमत बढ़ जाती है। पीएनजीआरबी ने कहा कि ऐसी प्रथा गलत है। नियामक ने कहा, इस तरह का मूल्य निर्धारण व्यवहार अनजाने में सब्सिडी वाले प्रशासित मूल्य तंत्र (एपीएम) गैस के अनधिकृत उपयोग को बढ़ावा दे सकता है। नियामक ने हालांकि ऐसी प्रथा में शामिल सीजीडी कंपनियों के नाम नहीं बताए।

# इस सप्ताह सीमित दायरे में कारोबार करेगा सोना : विशलेषक

एजेंसी



नयी दिल्ली। सोने का भाव इस सप्ताह एक सीमित दायरे में रहेगा। विश्लेषकों का मानना है कि निवेशक वैश्विक व्यापार वार्ता के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं और उन्हें अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों तथा फ़ेडरल रिजर्व के संकेतकों का भी इंतजार है, ऐसे में सोने की कीमतों में बहुत उतार-चढ़ाव की संभावना नहीं है। कारोबारी फ़ेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल के संबोधन और अमेरिका, ब्रिटेन तथा यूरो क्षेत्र सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के वैश्विक खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़ों पर भी कड़ी नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि सर्राफा कीमतों की दिशा जानने के लिए यूरोपीय केंद्रीय बैंक के ब्याज दर संबंधी फैसले पर भी सभी की निगाह रहेगी। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष, ईबीजी ऽ जिंस एवं मुद्रा शोध प्रणव मेर ने कहा कि आने वाले सप्ताह में व्यापार वार्ता के नतीजों, अमेरिकी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों की टिप्पणियों, अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों पर सभी की निगाह रहेगी। इसमें आवास बाजार, साप्ताहिक बेरोजगारी दावे और टिकाऊ वस्तुओं के ऑर्डर शामिल हैं। मेर ने कहा, ''नए उत्प्रेरकों की कमी और इस अवधि में अमेरिकी डॉलर में सुधार के बीच पिछले कुछ सप्ताह में सोने की कीमतें एक दायरे में स्थिर होती दिख रही हैं।'' उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका और उसके व्यापारिक साझेदारों, जैसे भारत और चीन, के बीच व्यापार वार्ता पर ध्यान केंद्रित रहने के कारण सर्राफा बाजार में गिरावट सीमित दिख रही है। उन्होंने कहा कि शुल्क लागू होने की एक अगस्त की समयसीमा नजदीक आने के साथ, व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता सोने की सुरक्षित निवेश मांग को बढ़ावा दे सकती है। इस बीच, अगस्त से अक्टूबर तक घरेलू त्योहारी मांग से कीमतों में तेजी आ सकती है। पिछले सप्ताह मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त डिलिवरी वाले सोने का वायदा भाव 200 रुपये या 0.2 प्रतिशत चढ़ा। एंजेल वन में डीवीपी-शोध, गैर-कृषि जिंस और मुद्रा, प्रथमेश माल्या ने कहा कि विदेशी बाजारों में पिछले 10 दिन में सोने में लगभग दो प्रतिशत की तेजी आई है, और यह लगभग 3,350 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ब्रिक्स देशों पर शुल्क कार्रवाई और यूरोपीय संघ पर संभावित शुल्कों के कारण सोने में तेजी आई है। इससे सुरक्षित निवेश विकल्प वाली संपत्तियों की मांग बढ़ रही है। एलकेपी सिक्योरिटीज के विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''पिछले सप्ताह अमेरिकी डॉलर की मजबूती ने सोने की बढ़त को सीमित रखा, रुपये की कमजोरी घरेलू बाजारों में गिरावट के दबाव को कम कर सकती है। कुल मिलाकर, निकट भविष्य में सोने में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है।''

# उत्तर प्रदेश सरकार, विजन इंडिया ने कुशल युवाओं को उद्योग से जोड़ने के लिए किया समझौते का नवीनीकरण

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए कौशल विकास और परामर्श सेवाओं से जुड़ी कंपनी विजन इंडिया सर्विसेज प्राइवेट लि. के साथ रणनीतिक सहयोग का तीन साल के लिए नवीनीकरण किया है। कार्यबल समाधान प्रदाता विजन इंडिया ने रविवार को जारी बयान में कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर उत्तर प्रदेश सरकार के प्रशिक्षण निदेशालय में निदेशक अभिषेक सिंह और विजन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विवेक कुमार ने लखनऊ में हस्ताक्षर किए। तीन साल का यह समझौता ज्ञापन विजन इंडिया और प्रशिक्षण विभाग के बीच समन्वय को सुगम बनाएगा। इसका मकसद छात्र पंजीकरण,डिजिटल प्रशिक्षण और संस्थागत समन्वय के माध्यम से युवाओं को उद्योगों में रोजगार के विभिन्न अवसरों से जोड़ना है। बयान के अनुसार, इस सहयोग का केंद्र विजन इंडिया द्वारा संचालित नौकरी पोर्टल जस्टजॉब है, जो औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) और डिप्लोमा अभ्यर्थियों के लिए नौकरियों के बारे में सूचना प्रदान करता है। यह पोर्टल विशेष रूप से कुशल युवाओं को उद्योग की मांग के अनुरूप वास्तविक समय में उपयुक्त अवसर से जोड़ने के लिए तैयार किया गया है। इस मौके पर विजन इंडिया के सीईओ विवेक कुमार ने कहा, ह्लजस्टजॉब पोर्टल के जरिये हमारा मिशन देश के कुशल युवाओं को भारत के सबसे तेजी से बढ़ते उद्योगों से जोड़ना है। उत्तर प्रदेश सरकार के साथ यह निरंतर साझेदारी हमें अपना प्रभाव बढ़ाने और रोजगार तक समान पहुंच सुनिश्चित करने में मदद करेगी।

# कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजों, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता से जुड़े घटनाक्रमों तथा वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। एक विश्लेषक का कहना है कि बाजार सोमवार को तीन दिग्गज कंपनियों ऽ रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के तिमाही नतीजों पर प्रतिक्रिया दे सकता है। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को जून तिमाही के लिए 26,994 करोड़ रुपये का अपना अबतक का सबसे अधिक तिमाही लाभ दर्ज किया है। यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 78.3 प्रतिशत का उछाल है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''सभी की निगाहें चालू तिमाही नतीजों के सत्र पर टिकी हैं। निवेशक सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान सबसे पहले तीन दिग्गज कंपनियों ऽ रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे। इसके बाद के सत्रों में, इन्फोसिस, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया सहित कई बड़ी कंपनियां अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। उन्होंने कहा, ''वैश्विक स्तर पर, बाजार भागीदार व्यापार समझौतों से जुड़े घटनाक्रमों पर नजर रखेंगे। इनसे विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह और मुद्रा की चाल को दिशा मिलेगी। इस बीच,

**शेयर समीक्षा**



एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को जून, 2025 तिमाही के लिए अपने एकीकृत शुद्ध लाभ में 1.31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। बैंक का शुद्ध लाभ घटकर 16,258 करोड़ रुपये रह गया है। आईसीआईसीआई बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 15.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 13,558 करोड़ रुपये रहा है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, ''जैसे ही हम एक नए सप्ताह में प्रवेश कर रहे हैं, बाजार विभिन्न घरेलू और वैश्विक व्यापक आर्थिक संकेतकों का इंतजार कर रहा है। घरेलू मोर्चे पर, निवेशक इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, नेस्ले जैसी प्रमुख कंपनियों के पहली तिमाही की नतीजों पर कड़ी नजर रखेंगे। भारत और अमेरिका के वार्ताकारों ने 17 जुलाई को वाशिंगटन में प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूरी की। यह वार्ता वाशिंगटन में चार दिन (14-17 जुलाई) तक चली। ये विचार-विमर्श महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों पक्ष एक अगस्त से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं। अमेरिका के जवाबी शुल्क पर रोक की अवधि एक अगस्त को समाप्त हो रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख-संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि एक अगस्त की शुल्क की समयसीमा से पहले भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के लिए लंबे समय से चल रहे इंतजार की वजह से निवेशक बाजार से दूरी बनाए हुए हैं। इसके अलावा निवेशक विदेशी संस्थागत निवेशकों की गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव पर भी नजर रखेंगे। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 742.74 अंक या 0.90 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 181.45 अंक या 0.72 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

## पहली छमाही में 24 कंपनियों ने आईपीओ से 45 प्रतिशत अधिक 45,000 करोड़ रुपये की राशि जुटाई

नयी दिल्ली। वैश्विक व्यापार अड़चनों, भू-राजनीतिक संघर्ष और व्यापक आर्थिक चिंताओं के बावजूद 2025 की पहली छमाही (जनवरी-जून) में कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 45,350 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 45 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, समीक्षाधीन अवधि के दौरान आईपीओ की संख्या घटकर 24 रह गई, जो 2024 की जनवरी-जून अवधि में 36 थी। इससे पता चलता है कि आईपीओ के औसत आकार में वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि आगे चलकर घरेलू निवेश के मजबूत प्रवाह, सकारात्मक निवेशक धारणा और मजबूत वृद्धि की संभावना के कारण 2025 की दूसरी छमाही में आईपीओ बाजार के सतर्क रूप से मजबूत बने रहने की उम्मीद है। मर्चेंट बैंकर द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-जून के दौरान 24 कंपनियों ने आईपीओ के जरिये 45,351 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 36 कंपनियों ने 31,281 करोड़ रुपये जुटाए थे। जेएम फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशनल सिक्योरिटीज की प्रबंध निदेशक और प्रमुख इक्विटी कैपिटल मार्केट्स नेहा अग्रवाल ने कहा, ''साल की पहली छमाही में वैश्विक व्यापार तनाव, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और व्यापक आर्थिक चुनौतियों के कारण बाजार की धारणा प्रभावित हुई। इन चिंताओं के बावजूद, कंपनियों ने इस अवधि के दौरान आईपीओ के माध्यम से 45,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई है।''

# हिंदू समाज को विखंडित करने वाली शक्तियों को देंगे करारा जवाब : आलोक कुमार

एजेंसी

मुंबई। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने कहा कि हिंदू समाज को विखंडित करने वाली शक्तियों को करारा जवाब दिया जाएगा। हिंदू समाज का संकल्प है कि अब मंदिर सरकारी कब्जे में नहीं रहेंगे। समाज अब उन्हें मुक्त कराके ही रहेगा।

आलोक कुमार रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव में विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की दो दिवसीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में हुए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में जाति, भाषा, प्रांत, क्षेत्र व लिंग इत्यादि के आधार पर हिंदू समाज के विविध घटकों को अलग-अलग करने की विभाजनकारी मानसिकता के विरुद्ध एक प्रस्ताव भी पारित किया गया, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं, पूज्य संतों व सामाजिक संगठनों के साथ संपूर्ण हिंदू समाज से आह्वान किया गया कि वह समाज को तोड़ने वाली इन शक्तियों को पहचान कर अपने अंतर्निहित भेदभावों को दूर कर, संगठित रहें तो हमें ना कोई तोड़ सकेगा और ना ही मिटा सकेगा।

आलोक कुमार ने कहा कि कभी पीडीए तो कभी मीम-भीम, कभी आर्य-द्रविड़ तो कभी महिषासुर-दुर्गा, कभी भाषा-जाति तो कभी राज्य व क्षेत्रवाद, तो कभी ओआरपी जैसे मुद्दों के माध्यम से कुछ हिंदू द्रोही शक्तियां हिंदू समाज की एक जुटता को तोड़ने में लगी हैं। हमने 1969 में ही संकल्प लिया था कि 'हिन्दवा सोदरा सर्वे, ना हिंदू पतित भवेत' अर्थात हिंदू हम सब भाई हैं। कोई ऊंचा नीचा नहीं है। हम हिंदू द्रोहियों के विभाजनकारी षड्यंत्रों को फलीभूत नहीं होने देंगे।

विहिप की इस केंद्रीय प्रबंध समिति




बैठक में 'संगठित एवं सशक्त हिंदू ही समाज विखंडन के षड्यंत्रों का एकमेव समाधान' नाम से पारित एक प्रस्ताव में कहा गया है कि इन विघटनकारी प्रवृत्तियों के पीछे विस्तारवादी चर्च, कट्टरपंथी इस्लाम, माक्र्सवाद, धर्मनिरपेक्षतावादी तथा बाजारवादी शक्तियां तीव्रगति से सक्रिय हैं। इसके लिए विदेशी वित्त पोषित, तथाकथित प्रगतिशीलतावादी, धर्मांतरणकारी शक्तियां और भारत विरोधी वैश्विक समूह भी सक्रिय हैं। इनका अंतिम लक्ष्य हिंदू समाज को तोड़ना और भारत की जड़ों पर प्रहार करना है। प्रस्ताव में हिंदू समाज से आह्वान किया गया है कि वो 'विखंडनकारी शक्तियों को पहचान कर अपने अंतर्निहित भेदभावों को जड़मूल से समाप्त करें।' इसमें सरकारों से भी 'नैतिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में समाविष्ट' करने का आह्वान किया गया है। आलोक कुमार ने कहा कि बैठक में मंदिरों की सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के लिए एक व्यापक कार्य योजना भी बनाई गई है। इसके अंतर्गत हिंदू समाज के प्रतिनिधि आगामी 7 से 21 सितंबर के बीच राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मिलकर इस संबंध में ज्ञापन देंगे। प्रत्येक महानगर में प्रबुद्ध जनों की सभा करके इसके प्रति समर्थन बढ़ाया जाएगा। दूसरे चरण में देश की सभी बड़ी विधानसभाओं के सत्र के दौरान विधायकों से व्यापक संपर्क करेंगे, जिससे वे अपनी राज्य सरकारों पर उचित दबाव बना कर मंदिरों को स्वाधीन करा सकें। विहिप के केंद्रीय महा मंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने संगठन की छमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत कर पिछली बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन भी सदन से कराया। इसमें विहिप के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे, सह संगठन महामंत्री विनायकराव देश पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के महा सचिव चंपतराय, कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता के अतिरिक्त बजरंगदल, दुर्गावाहिनी, मातृ शक्ति, गौरक्षा, सेवा, समरसता, सत्संग, धर्मप्रसार, मठ मंदिर जैसे आयामों के राष्ट्रीय व क्षेत्रीय प्रमुख भी उपस्थित थे। इसमें देश भर के सभी प्रांतों के 265 विहिप पदाधिकारियों तथा नेपाल से पधारे संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## हमें एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ छेड़ना होगा युद्ध : मनोज सिन्हा

एजेंसी

श्रीनगर। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि एकजुट होकर आतंकवाद, उसके पारिस्थितिकी तंत्र और नशे की लत के खिलाफ युद्ध छेड़ना होगा।

श्री सिन्हा ने कहा कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करना तथा युवाओं को कट्टरपंथी बनाने, हथियारों की आपूर्ति करने, धन उपलब्ध कराने और आतंकवादियों की सहायता करने के लिए जिम्मेदार पूरे नेटवर्क को नष्ट करना उनका दृढ़ संकल्प है।वह श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा आयोजित 'पेडल थ्रू पैराडाइज' साइकिल रेस-2025 के सम्मान समारोह में शामिल होने के दौरान एक सभा को संबोधित कर रहे थे।उपराज्यपाल ने विजेताओं को सम्मानित किया तथा प्रतिभागियों के उत्साह तथा एकता की भावना की सराहना की। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से 5500 से अधिक साइकिल चालकों ने हिस्सा लिया।

श्री सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में शांति एवं प्रगति सुनिश्चित करने में जम्मू-कश्मीर के बहादुर पुलिस कर्मियों के बलिदान, समर्पण और वीरता को सलाम किया।उपराज्यपाल ने कहा, ल्लजम्मू-कश्मीर पुलिस निस्वार्थ सेवा, कर्तव्य और बलिदान की मिसाल है। इस विरासत यहां के बहादुर कर्मियों के अपने खून से लिखी है जिनके सर्वोच्च बलिदान ने राष्ट्रीय एकता को मज़बूत किया है, शांति स्थापित की है, नई उम्मीद जगाई है और जम्मू-कश्मीर को शांति एवं समृद्धि के युग की ओर अग्रसर किया है। उन्होंने सिविक एक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर पुलिस की अभिनव पहल की भी सराहना की जिसका उद्देश्य युवाओं के जीवन में नए सपने दिखाना, नयी शक्ति और आकांक्षाएं उत्पन्न करना है। उपराज्यपाल ने कहा, पेडल थ्रू पैराडाइज़ केवल एक खेल का आयोजन नहीं है बल्कि नए जम्मू-कश्मीर का प्रतीक है। यह युवाओं को हिंसा और नशे की लत के बजाय प्रगति का रास्ता चुनने का एक सशक्त संदेश देता है। उन्होंने युवाओं से आतंकवाद मुक्त, नशा मुक्त और मजबूत जम्मू-कश्मीर के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया।

## दुनिया के सबसे वृद्ध मैराथन धावक फौजा सिंह पंचतत्व में विलीन

एजेंसी

ब्यास (जालंधर)। विश्व प्रसिद्ध 114 वर्षीय मैराथन धावक फौजा सिंह का रविवार को उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

इस अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान सहित हज़ारों लोगों ने नम आंखों से फौजा सिंह को अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री ने फौजा सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि 14 जुलाई को सड़क पार करते समय एक तेज़ रफ्तार वाहन की टक्कर से फौजा सिंह की मृत्यु हो गयी थी। श्री मान ने फौजा सिंह के खेल जगत में दिये गये बहुमूल्य योगदान की सराहना करते हुये कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता हमेशा युवाओं को प्रेरणा देती



रहेगी। उन्होंने कहा कि 114 वर्ष की आयु में फौजा सिंह दुनिया के सबसे वृद्ध मैराथन धावक थे, जिन्होंने अपने संकल्प और धैर्य से पूरी दुनिया में मिसाल कायम की। उन्होंने कहा कि खेल जगत हमेशा फौजा सिंह का ऋणी रहेगा, जिन्होंने अपनी उम्र को पीछे छोड़ते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एथलेटिक्स को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फौजा सिंह की मृत्यु ने न केवल पंजाब बल्कि पूरे विश्व को शोकग्रस्त कर दिया है, क्योंकि वह प्रतिबद्धता और मेहनत के प्रतीक थे। लंबी दूरी की दौड़ों के माध्यम से उन्होंने पंजाब और विशेष रूप से सिख समुदाय का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया।

## राजनीति में संवाद और सौहार्द की जरूरत: उपराष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने रविवार को देश के राजनीतिक दलों से आपसी सौहार्द, सम्मान और गरिमा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजनीति टकराव नहीं, संवाद का माध्यम है। मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं होने चाहिए।

उपराष्ट्रपति निवास में आयोजित राज्यसभा इंटर्नशिप प्रोग्राम (आरएसआईपी) के आठवें बैच के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने टीवी बहसों में बढ़ती कटुता, व्यक्तिगत हमलों और अनुचित भाषा पर चिंता जताई। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहज़े में कहा, ल्लकानों को थकान नहीं हो रही क्या? कान पक गए हैं ना?ङ्क इस टिप्पणी से उन्होंने राजनीतिक विमर्श की गिरती गुणवत्ता की ओर इशारा किया। धनखड़ ने कहा, अगर कोई सुझाव देता है, तो वह न आलोचना है, न निंदा – वह विकास के



लिए संकेत है। इसलिए राजनीतिक दल रचनात्मक राजनीति करें, सिर्फ विरोध के लिए विरोध न करें। उन्होंने आगे जोड़ा कि लोकतंत्र में सत्ता का परिवर्तन सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन विकास और लोकतांत्रिक संस्कृति की निरंतरता जरूरी है। उन्होंने राजनीतिक दलों को आगाह किया कि वे राष्ट्रीय मुद्दों पर राजनीति से बचें और कहा कि ल्लमैं कल्पना नहीं कर सकता कि कोई भी दल 'भारत' की संकल्पना के विरोध में हो सकता है। हर राजनीतिक दल राष्ट्रवादी है, और देश की प्रगति में विश्वास करता है। धनखड़ ने युवाओं से आग्रह किया कि वे राजनीतिक संवाद को सकारात्मक दिशा दें। उन्होंने कहा, आपकी सोच ही नेताओं को दिशा देगी। सोशल मीडिया पर सकारात्मकता दिखाइए। जब टीवी बहसें गरिमापूर्ण होंगी, तब असली बदलाव आएगा। आगामी मानसून सत्र को 'महत्वपूर्ण' बताते हुए उन्होंने आशा जताई कि संसद में सार्थक और गंभीर बहस होगी। साथ ही कहा कि, ल्लअगर हम मान लें कि सिर्फ हम ही सही हैं और बाकी सब ग़लत – तो यह अहंकार है, लोकतंत्र नहीं। हमें दूसरों की राय को भी सम्मान देना चाहिए। धनखड़ ने सत्ता पक्ष और विपक्ष – दोनों से रचनात्मक योगदान की अपेक्षा जताते हुए कहा कि ल्लदेश के राजनीतिक संवाद को गरिमा और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाना सभी की जिम्मेदारी है।

## भारत विरोध अब कांग्रेस की पहचान बन गई है : भाजपा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में चार या पांच विमानों के गिराए जाने के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान वाले सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और उनकी पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि भारत विरोध इस विपक्षी दल की पहचान बन गई है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उक्त बयान वाले वीडियो के साथ शनिवार को एक टिप्पणी में प्रधानमंत्री से सवाल करते हुए कहा ल्ल मोदी जी, 5 जहाज़ों का सच क्या है देश को जानने का हक है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की इस टिप्पणी पर भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा राहुल गांधी की मानसिकता एक देशद्रोही की है। श्री मालवीय ने कहा ट्रंप ने अपने बयान में न तो भारत का नाम लिया, न ही यह कहा कि वे पांच जहाज़ भारत के थे। फिर कांग्रेस के युवराज ने उन्हें भारत के ही क्यों मान लिया? पाकिस्तान के क्यों नहीं माने? भाजपा नेता नए सवाल किया क्या उन्हें ( गांधी को) अपने देश से ज़्यादा हमदर्दी पाकिस्तान से है? उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान अब तक उबरा नहीं है लेकिन दर्द राहुल गांधी को हो रहा है। श्री मालवी ने कहा ल्ल जब भी देश की सेना दुश्मन को सबक सिखाती है, तब कांग्रेस को मिर्ची लगती है। भारत विरोध अब कांग्रेस की आदत नहीं, पहचान बन चुका है। उन्होंने यह भी कहा राहुल गांधी बताएं, क्या वह भारतीय हैं या पाकिस्तान के प्रवक्ता?

## बरेका की ऐतिहासिक उपलब्धि, 2500वें विद्युत रेल इंजन का किया निर्माण

एजेंसी

बनारस। बनारस रेल इंजन कारखाने ने 2017 में दो विद्युत इंजन के निर्माण के साथ अपना सफर शुरू किया था और अब इसने 2500वें इंजन बनाने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है।

कंपनी तकनीकी उत्कृष्टता और नवाचार की रोज नई ऊंचाइयों को छू रही है। बरेका ने अब तक 10,822 लोकोमोटिव बनाये हैं, जिनमें 7498 डीज़ल इंजन और 2500 विद्युत इंजन शामिल है। इनमें से 641 गैर-रेलवे ग्राहकों के लिए, 174 निर्यातित डीज़ल इंजन, 01 ड्यूल ट्रैक्शन इंजन, 08 कन्वर्जन इंजन शामिल हैं। बरेका ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य में योगदान देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 472 इलेक्ट्रिक लोको का निर्माण किया है। यह बरेका की उत्पादन क्षमता, दृढ़ इच्छाशक्ति और तकनीकी सामर्थ्य को दर्शाता है। बरेका द्वारा निर्मित 2500वां विद्युत इंजन आधुनिक तकनीक से लैस डब्ल्यूएपी-7 श्रेणी का है, जिसमें 6000



एचपी क्षमता, वातानुकूलित कैब, रीजेनेरेटिव ब्रेकिंग और 140 किलोमीटर/घंटा की रफ्तार की क्षमता है। यह इंजन दक्षिण- पश्चिम रेलवे के कृष्णराजपुरम शेड को भेजा जा रहा है। बरेका के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने 2500 वें लोकोमोटिव का लोकार्पण मीडिया की टीम की मौजूदगी में किया । कार्यक्रम की शुरुआत 'हॉल ऑफ फ़ेम' में एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण से हुई, जिसमें बरेका के निर्माण इतिहास, निर्यात उपलब्धियों, स्वदेशीकरण, हरित ऊर्जा प्रयासों एवं तकनीकी नवाचारों को रेखांकित किया गया। इसके बाद रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने मीडिया टीम के साथ बरेका का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी परिषद् सदस्य और काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। बरेका को हाल ही में मोज़ाम्बिक रेलवे से 10 आधुनिक डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का ऑर्डर मिला है, जिनमें से दो इंजन जून में भेजे जा चुके हैं। शेष आठ इंजनों की आपूर्ति दिसंबर 2025 तक की जाएगी। बरेका मोज़ाम्बिक, तंजानिया, वियतनाम, म्यांमार, माली, अंगोला, बंगलादेश, श्रीलंका, मलेशिया, नेपाल और सूडान डीजल इंजन की आपूर्ति करता है। गौरतलब है कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेन्द्र प्रसाद ने अप्रैल 1956 में इस कारखाने का शिलान्यास किया था। वहीं, अगस्त 1961 में डीजल-विद्युत रेल इंजन निर्माण लिए एल्को-अमेरिका के सहयोग से 'डीजल रेल इंजन कारखाने' की स्थापना हुई। जनवरी 1964 में प्रथम रेल इंजन का निर्माण कर राष्ट्र को समर्पित किया गया। जनवरी 1976 में इसका निर्यात बाजार में प्रवेश हुआ और प्रथम रेल इंजन तंजानिया को निर्यात किया गया। इसके बाद दिसम्बर 1977 में प्रथम डीजल जनित सेट कमीशन किया गया। अक्टूबर 1995 में अत्याधुनिक माइक्रोप्रोसेसर नियंत्रित, एसी-डीजल इलेक्टिक रेल इंजनों के निर्माण के लिए अमेरिका की जनरल मोटर्स से समझौते किया गया। इसके बाद कंपनी ने फरवरी 1997 में अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) 9002 प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

## श्रीनिवासन और सुदर्शन वेणु से मिलकर खुशी हुई : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि टीवीएस मोटर कंपनी के श्री वेणु श्रीनिवासन और श्री सुदर्शन वेणु से मिलकर उन्हें अपार खुशी हुई। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर आज एक पोस्ट में कहा,'मैं कच्छ की सुंदरता को दर्शाने और मोटरसाइकिल सवारों को वहाँ



जाने के लिए प्रोत्साहित करने के उनके प्रयास की सराहना करता हूँ। दरअसल टीवीएस मोटर कंपनी के अध्यक्ष वेणु श्रीनिवासन और उनके पुत्र सुदर्शन वेणु ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री 'रण उत्सव 2025' कॉफी टेबल बुक भेंट की। श्री मोदी ने आज सुबह इस मुलाकात से जुड़ी तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर री-पोस्ट की। उन्होंने कच्छ की खूबसूरती को दर्शाने के लिए वेणु श्रीनिवासन के प्रयासों की सराहना की।टीवीएस के अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को टीवीएसएम रण उत्सव 2025 कॉफ़ी टेबल बुक भेंट की। उल्लेखनीय है कि इस साल फरवरी में टीवीएस मोटर कंपनी ने गुजरात पर्यटन के साथ साझेदारी में रण उत्सव में एक असाधारण मोटरसाइकिलिंग अनुभव का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र की संस्कृति, प्राकृतिक दृश्यों और विरासत को प्रदर्शित किया गया जो युवाओं के बीच कच्छ को एक पर्यटन स्थल के रूप में लोकप्रिय बनाने के श्री मोदी के दृष्टिकोण से प्रेरित है।

## पेज एक का शेष

### कांवड़ यात्रा में उपद्रव...

आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में स्थित ऐतिहासिक पीठ दूधेश्वरनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया और पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए प्रशासन ने मंदिर और आसपास के स्थलों पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की थी। इसके उपरांत मुख्यमंत्री योगी ने यहां भी कांवड़ शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा भी की थी।

### भारतीय सेना...

की किलेबंदी को भेदकर और उसकी सीमा में घुसकर हमला करने में सक्षम है। पाकिस्तानी सीमा पर पश्चिमी सेक्टर के जोधपुर में वायु सेना की स्वदेशी 'प्रचंड' की स्क्वाड्रन और यहीं पर भारतीय सेना की अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की स्क्वाड्रन मिलकर काम करेगी। दोनों स्क्वाड्रन एक ही जगह पर होने से लड़ाकू अमेरिकी 'अपाचे' और स्वदेशी 'प्रचंड' की जुगल जोड़ी आसमान में नया गुल खिलाएगी। अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर फ्लाइंग रेंज 550 किलोमीटर में 16 एंटी टैंक मिसाइल दागकर उसके परखच्चे उड़ा सकता है। इसे दुश्मन पर बाज की तरह हमला करके सुरक्षित निकल जाने के लिए बनाया गया है। हेलीकॉप्टर के नीचे लगी बंदूकों से 30 एमएम की 1,200 गोलियां एक बार में भरी जा सकती हैं। अपाचे एक बार में 2.45 घंटे तक उड़ान भर सकता है।

### नक्सल मोर्चे पर तैनात...

भी खतरे में पड़ सकती है। अब सभी जवानों के इंटरनेट मीडिया हैंडल की जिलास्तर पर समीक्षा कर उन्हें हटाया गया है। पुलिस के अनुसार बस्तर संभाग के सातों नक्सल प्रभावित जिलों दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा, कोंडागांव, कांकेर और बस्तर में तैनात सुरक्षाबलों के जवानों के सभी इंटरनेट मीडिया अकाउंट अब डिलीट करा दिए गए हैं। जवानों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब जैसे किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म से दूरी बनाए रखें और भविष्य में कोई भी ऑपरेशनल जानकारी साझा न करें। इस निर्णय के पीछे मुख्य वजह पिछले दिनों हुए ऑपरेशन से जुड़ी संवेदनशील जानकारियों का इंटरनेट मीडिया के ज़रिए लीक होना, बताया जा रहा है। नक्सलियों के शीर्ष कैडर के नक्सली संगठन के महासचिव बसव राजू के मारे जाने के बाद जवानों द्वारा पोस्ट किए गए आपरेशनल वीडियो मिलियन्स व्यूज बटोर रहे थे, जिनमें हथियार, जंगल मार्ग, मुठभेड़ स्थल और यहां तक कि घायल या मारे गए नक्सलियों की तस्वीरें भी शामिल थीं, इससे मिशन की सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगा था। जवानों को साइबर सुरक्षा और गोपनीयता को लेकर विशेष काउंसलिंग भी दी जा रही है, ताकि वे अनजाने में भी कोई संवेदनशील जानकारी साझा न करें । यह कदम नक्सल विरोधी अभियानों की सफलता सुनिश्चित करने और जवानों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की दिशा में लिया गया निर्णायक निर्णय है।

### सिर्फ आर्य समाज मंदिर...

1955 की धारा 13 के प्रावधानों के तहत ही प्रभावी हो सकती है। ऐसे में तलाक को साबित करने के लिए अदालत का आदेश जरूरी है। लिहाजा, याची का यह दावा करना कि वही सिर्फ मृतक की जीवित पत्नी है, कानून की नजर में ठहरने योग्य नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि याची महिला का नाम न तो मृतक की सर्विस बुक में दर्ज है और न ही कार्यालय के किसी दस्तावेज में बतौर नामिनी दर्ज है। कोर्ट ने दो अन्य मामलों में दिए गए फैसलों का हवाला देकर कहा कि सिर्फ आर्य समाज मंदिर से जारी प्रमाणपत्र को विधिक विवाह का ठोस सबूत नहीं माना जा सकता है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने याची महिला को राहत न देकर याचिका खारिज कर दी।

### ऑपरेशन सिंदूर पर...

कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के जॉन ब्रिटास ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकवादी हमले संबंधी ट्रंप के दावों पर संसद में बयान देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा में सदन के नेता जे.पी. नड्डा की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए। रीजीजू और उनके कनिष्ठ मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सरकार का प्रतिनिधित्व किया। कांग्रेस के गौरव गोगोई एवं जयराम रमेश, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)-शरदचंद्र पवार की सुप्रिया सुले, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के टी आर बालू और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई-ए) के नेता एवं केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले बैठक में भाग लेने वाले सांसदों में शामिल रहे। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के 24 दलों के प्रमुख नेताओं ने संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले शनिवार को फैसला किया था कि वे पहलगाम आतंकवादी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' को अचानक रोके जाने, भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव के बीच मध्यस्थता संबंधी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे, बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कई अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे।

# चुनावी ड्यूटी से बचने के लिए नए नए तरीके अपना रहे कर्मचारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अल्मोड़ा। पंचायत चुनाव की ड्यूटी से बचने के लिए इन? दिनों कर्मचारी तरह-तरह की बहानेबाजी कर रहे हैं। खास बात ये है कि अभी तक चुनाव ड्यूटी कटवाने के लिए 80 से अधिक कर्मचारी आवेदन कर चुके हैं।

इनमें कोई खुद की बीमारी का हवाला दे रहा है तो कोई मां बाप के बीमार होने को बात कह रहा है। यहां तक की चुनाव ड्यूटी कटवाने के लिए कर्मचारी विधायक, सांसद व अन्य जनप्रतिनिधियों से तक जुगाड़ लगवा रहे हैं। ध्यान रहे कि दो चरणों में होने वाले पंचायत चुनाव के लिए 2,198 कर्मचारियों को ड्यूटी लगाई गई है। ऐसे में चुनाव ड्यूटी से बचने के लिए कई कर्मचारी कमर दर्द, गर्दन दर्द, मधुमेह, मां-पिता और बच्चों के अकेले होने की बात कह रहे हैं। अब तक 80 से अधिक कर्मचारियों ने इसके लिए आवेदन किया है। अस्पतालों में भी इन दिनों सरकारी कर्मचारियों को मेडिकल बनाने के लिए भीड़ है। जिला अस्पताल में तैनात फिजिशियन डॉ. हरीश ने बताया कि अस्पताल में मेडिकल बनाने के लिए कर्मचारी आ रहे हैं। जिन्हें जांच परख के बाद ही मेडिकल दिया जा रहा है। बहाने बनाने वालों को मेडिकल नहीं दिए जा रहे हैं। इस मामले पर डीएम आलोक कुमार पांडे ने कहा कि चुनाव ड्यूटी कटवाने के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारियों की ओर से दिए गए प्रार्थनापत्र और मेडिकल प्रमाणपत्रों की जांच की जा रही है। बहाने बनाने वालों की ड्यूटी बिल्कुल नहीं कटवाई जाएगी।



# विधानसभा अध्यक्ष सोमवार को करेंगे नेवा प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता सोमवार को विधानसभा परिसर में विधायकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में दी गई है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 से 23 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य विधायकों को नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) के उपकरणों और कार्यप्रणाली से परिचित कराना है, ताकि वे आगामी मानसून सत्र में प्रभावी रूप से भाग ले सकें। इस प्रशिक्षण का संचालन संसदीय कार्य मंत्रालय के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा किया जाएगा। इस दौरान प्रतिभागी विधायकों को व्यावहारिक और समग्र प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। विज्ञप्ति के मुताबिक, यह दूरदर्शी पहल डिजिटल इंडिया के विजन को अपनाने की विधानसभा की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नेवा का उद्देश्य विधानसभाओं के कार्य में पारदर्शिता, दक्षता और स्थिरता लाना है, जिससे कि कागज रहित कार्यप्रणाली को बढ़ावा दिया जा सके। नेवा प्रशिक्षण केंद्र में 18 कंप्यूटर स्थापित किए गए हैं, जहां विधायकों का पहला बैच सोमवार 21 जुलाई 2025 को प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। प्रशिक्षण केंद्र और कार्यक्रम की शुरुआत दिल्ली विधानसभा की उस सक्रिय पहल को उजागर करती है, जिसके अंतर्गत विधायी प्रक्रियाओं को आधुनिक, जवाबदेह और जन-केंद्रित बनाने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।




# दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की छठी पुण्यतिथि पर राजनेताओं ने दी श्रद्धांजलि




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और दिग्गज कंग्रेसी नेता शीला दीक्षित की छठी पुण्यतिथि पर शनिवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। राजनीतिक मतभेदों से परे जाकर तमाम दलों के नेताओं ने शीला दीक्षित के योगदान को एक स्वर में सराहा। दिल्ली की वर्तमान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शीला दीक्षित को याद करते हुए एक्स पर लिखा, ''दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। कंग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि शीला दीक्षित का दिल्ली के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, परिवहन व्यवस्था और हरियाली बढ़ाने जैसे कई कार्य किए, जिनके कारण दिल्ली आज एक आधुनिक शहर बन पाई है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि शीला दीक्षित का दृष्टिकोण और कंग्रेस विचारधारा के प्रति निष्ठा सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कंग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने शीला दीक्षित को एक दूरदर्शी प्रशासक और संवेदनशील नेता बताया। जबकि कंग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने शीला दीक्षित को आधुनिक दिल्ली की निर्माता और मानवता की मिसाल बताया। उन्होंने याद किया कि कैसे शीला दीक्षित ने गुजरात के कच्छ में भूकंप के दौरान गांव गोद लेकर सहायता की थी। हिसार से पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह ने उनके नगरीय ढांचे, स्वास्थ्य सेवाओं और परिवहन के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की, तो कंग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने भावुक शब्दों में कहा कि शीला दीक्षित दिल्लीवासियों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगी। उन्होंने लिखा कि उनके साथ ही वह सरपरस्ती भी चली गई, जिसकी वजह से दिल्लीवासी बेफिक्र महसूस करते थे। कंग्रेस नेता अलका लांबा ने शीला दीक्षित को महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताते हुए उन्हें आधुनिक दिल्ली की शिल्पकार करार दिया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा सांसद और दिल्ली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने भी शीला दीक्षित को श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद किया।मनोज तिवारी ने कहा कि 2019 के चुनावों में आमने-सामने होने के बावजूद दोनों नेताओं ने मर्यादा नहीं तोड़ी। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने भी शीला दीक्षित को याद करते हुए कहा कि लोकतंत्र की यही खूबी है कि मतभेदों के बावजूद मनभेद नहीं होते। उन्होंने शीला दीक्षित के सौम्य व्यवहार की सराहना की। आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने भी शीला दीक्षित को उनकी पुण्यतिथि पर नमन किया।

## युवक की हत्या कर बधार में फेंका गया शव

नवादा। जिला में रजौली थाना क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत के बीजवन गांव के खेत से एक शव को बरामद किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रविवार को रजौली थाना क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत के बीजवन गांव के खेत से एक शव को बरामद किया। शव को खेत गए ग्रामीणों ने पहले देखा जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना रजौली पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर एसडीपीओ गुलशन कुमार और थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की बारीकी से जांच पड़ताल किया। एसडीपीओ ने बताया कि शव की पहचान बीजवन गांव निवासी संजय कुमार सिंह के 22 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि हत्या कर शव को खेत में फेंका गया है। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक की टीम बुलाकर मामले की जांच की जाएगी। मृतक के पिता संजय कुमार ने बताया कि मेरा बेटा मोटर बनाने का काम करता था। शनिवार की रात 9 बजे फोन पर बताया कि कुछ काम बाकी है,घर आने में थोड़ा समय लगेगा।

# डीआरएम ने भागलपुर स्टेशन पर आधुनिक रनिंग रूम का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। चालक दल के कल्याण और परिचालन दक्षता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भागलपुर रेलवे स्टेशन पर मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता द्वारा एक नवनिर्मित आधुनिक रनिंग रूम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मालदा मंडल के वरिष्ठ मंडल अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। यह नवनिर्मित आधुनिक रनिंग रूम चालक कर्मियों को एक सुरक्षित, सुविधाजनक और आरामदायक विश्राम स्थल प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इसमें कुल 14 पूर्ण रूप से वातानुकूलित कमरे हैं, जिनमें दो-दो बिस्तरों के साथ कुल 28 बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। महिला कर्मचारियों की गोपनीयता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दो समर्पित कमरे विशेष रूप से महिला चालक कर्मियों के लिए आरक्षित किए गए हैं। इस सुविधा को चालक दल के सदस्यों के लिए एक आधुनिक, सुरक्षा और आराम को ध्यान में रखते हुए सुसज्जित विश्राम स्थल प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है। इन सुविधाओं में व्यक्तिगत रीडिंग लैंप, इनबिल्ट मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट्स, रिमोट-नियंत्रित सीलिंग फैन, चप्पलें, ड्रेसिंग टेबल और एक कॉमन डाइनिंग रूम की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त, एक समर्पित रिसेप्शन क्षेत्र, दो (02) केंट आरओ वाटर प्यूरीफायर, एक वाटर चिलर, सभी बाथरूम में गीजर, भारतीय और पश्चिमी शैली के शौचालय, 24x7 विद्युत आपूर्ति बैकअप और अग्निशमन यंत्र जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।



## साइबर सेल ने ठगी के मामले में तीन आरोपितों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों पर नकेल कसने के लिए दिल्ली द्वारका की साइबर सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान के टोंक, सीकर, जयपुर और हरियाणा के सिरसा से तीन शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। द्वारका की साइबर सेल की गिरफ्त में आए ये ठग आधुनिक तरीकों का इस्तेमाल कर आम लोगों को कभी ऑनलाइन निवेश का झांसा देकर, तो कभी डिजिटल गिरफ्तारी का डर दिखाकर ठगी का शिकार बना रहे थे। पकड़े गए आरोपितों की पहचान राजस्थान निवासी दीपक वर्मा , सुरेन्द्र कुमार डूडी और राजवीर के रूप में हुई है। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अंकित सिंह ने बताया कि द्वारका जिले की साइबर थाने में पिछले कुछ महीनों में साइबर ठगी की कई शिकायतें सामने आई थीं। जांच में मिले डिजिटल फुटप्रिंट्स और लेन-देन के रिकॉर्ड से पुलिस को इस बात के पक्के सुराग मिले कि इन घटनाओं की जड़ें राजस्थान और हरियाणा के दूरदराज़ के इलाकों में हैं।

# पंजाब : आआपा विधायक अनमोल गगन का इस्तीफा नामंजूर, पार्टी के करेंगी काम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में सक्रिय राजनीति संन्यास लेने और विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने वाली खरड़ विधायक अनमोल गगन मान का इस्तीफा आम आदमी पार्टी (आआपा) ने मंजूर कर दिया है। रविवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने विधायक अनमोल गगन से उसके आवास पर पहुंचकर मुलाकात की और उन्हें पार्टी के फैसले को सुनाया। इसके बाद आआपा प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने बताया कि अनमोल गगन पार्टी के लिए काम करती रहेंगी। अनमोल गगन मान ने शनिवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के साथ ही सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने का ऐलान किया था। गगन के इस्तीफ़े के बाद पंजाब में आआपा की अंदरूनी सियासत तेज हो गई थी। आज आआपा अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने विधायक अनमोल के घर पहुंच कर पारिवारिक माहौल में उनसे मुलाकात की और उनका इस्तीफा नामंजूर होने का पार्टी का फैसला सुनाया। इस मुलाकात के बाद प्रदेश पार्टीअध्यक्ष अमन अरोड़ा ने बताया कि अनमोल पार्टी और क्षेत्र की प्रगति के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया गया, जिसे उन्होंने मान लिया है। अमन अरोड़ा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया, आज मैं अनमोल गगन मान से पारिवारिक माहौल में मिला। पार्टी के उनके विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा नामंजूर करने का फ़ैसला सुनाया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। हमने उनसे पार्टी और क्षेत्र की प्रगति के लिए मिलकर काम करते रहने का अनुरोध किया। अनमोल गगन अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के परिवार का हिस्सा थीं, हैं और रहेंगी।



# बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिया दबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। बीएसएफ ने शनिवार की रात पंजाब के फिरोजपुर जिले में सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को काबू किया है। बीएसएफ जवानों ने घुसपैठिए के पास से पाकिस्तान की करेंसी और संदिग्ध सामग्री बरामद की है। बीएसएफ से मिली जानकारी के अनुसार 155वीं बटालियन के जवान गश्त पर थे। बॉर्डर आउट पोस्ट केएमएस वाला जिला फिरोजपुर के निकट एक व्यक्ति पाकिस्तान की तरफ से भारतीय सीमा में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान बीएसएफ ने उसे रोकने के लिए ललकारा। इसके बावजूद पाकिस्तानी नागरिक बीओपी के पास स्थित बॉर्डर पिलर नंबर 190/4 के निकट बाड़बंदी के पार आ गया। आरोपित बार-बार चेतावनी के बावजूद भारतीय सीमा में करीब 80 मीटर भीतर तक आ गया, जिसके बाद बीएसएफ ने घेराबंदी करके उसे दबोच लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान मुजमिल हुसैन (24 वर्ष) पुत्र मुहम्मद हुसैन, निवासी मियां छन्नू गांव, जिला खानेवाल, पाकिस्तान के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान उसके पास से पाकिस्तानी करेंसी के 20 रुपये बरामद हुए हैं। उसके पास से किसी प्रकार के हथियार या संदिग्ध सामग्री की बरामदगी नहीं हुई है। पकड़े गए पाकिस्तानी नागरिक को प्रारंभिक पूछताछ के लिए बीओपी बैरियर लाया गया। इस संबंध में सुरक्षा एजेंसियों ने उससे पूछताछ शुरू कर दी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह गलती से सीमा पार कर आया या इसके पीछे कोई विशेष मंशा थी।



## चोरी के मोबाइल नेपाल में सप्लाई करने वाला आरोपित गिरफ्तार


नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चोरी के मोबाइल सप्लाई करने वाले कुख्यात अपराधी सतेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ सुर्जी को करोल बाग स्थित उसकी दुकान से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 42 महंगे मोबाइल फोन, जिनमें 16 आई फोन सहित अन्य एंड्रॉयड फोन शामिल हैं। जांच में पता चला है कि आरोपित चोरी और स्नैचिंग के मोबाइल दिल्ली से खरीदकर उन्हें नेपाल की ग्रे मार्केट में बेचता था। अब तक वह 300 से 400 मोबाइल फोन नेपाल सप्लाई कर चुका है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार 19 जुलाई को एसआई अमित कुमार को सूचना मिली थी कि करोल बाग के बीडनपुरा गांव में स्थित एक दुकान में चोरी के मोबाइल की डीलिंग हो रही है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी कर आरोपित को दबोचा। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह पहले भी 10 आपराधिक मामलों जैसे मोबाइल चोरी, घर में चोरी, झपटमारी और डकैती में गिरफ्तार हो चुका है। तिहाड़ जेल में रहते हुए उसने अन्य अपराधियों से संपर्क साधा और बाहर आकर फिर से इस अवैध कारोबार में लिप्त हो गया। जांच में पता चला है कि पकड़ा गया आरोपित सतेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ सुर्जी मूलतः गांव गिलोली, जिला लखीमपुर खीरी उप्र का रहने वाला है।

# बाल संरक्षण आयोग के सदस्य ने विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। बाल संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ सुग्रीव दास दो दिवसीय दौरे पर अररिया में हैं।इस दौरान वे विभिन्न आवासीय विद्यालयों और बाल अधिकार को लेकर सरकार की ओर से चलाए जा रहे योजनाओं का जायजा भी ले रहे हैं। बाल संरक्षण पदाधिकारी बबलू पाल संग उन्होंने डॉ अंबेडकर आवासीय विद्यालय रामपुर फारबिसगंज ,प्लस 2 ली अकादमी उच्च विद्यालय, भगवती देवी गोयल बालिका उच्च विद्यालय फारबिसगंज, कॉलेज फारबिसगंज, आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 11091 बढ़ेपारा नरपतगंज का औचक निरीक्षण सह पर्यवेक्षण किया। इस दौरान डॉ सुग्रीव दास शिक्षा के माध्यम से बच्चों को अपने जीवन को बेहतर बनाते हुए गुणात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। डॉ दास ने छात्र छात्राओं से बातचीत के क्रम में उनकी पढ़ाई और दिनचर्या की जानकारी ली और बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डॉ अंबेडकर आवासीय विद्यालय निरीक्षण के क्रम में कई तरह की समस्याओं से उनको अवगत कराया गया। इस मामले में उन्होंने सम्बंधित पदाधिकारी को त्वरित करवाई का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि बच्चे किसी भी प्रकार के शोषण दुर्व्यवहार या उपेक्षा से सुरक्षित रहे। बाल श्रम, बाल विवाह, और बाल तस्करी जैसी प्रथाएं बच्चों के अधिकार का उलंघन करती है।हमे इन कुप्रथाओं को रोकने के लिए मिलकर काम करते हुए बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य का सुरक्षित माहौल देने के लिए मिलकर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। इस दौरान उप मुख्य पार्षद नूतन भारती, वार्ड पार्षद बुलबुल यादव, भाजपा नेता प्रवीण कुमार, भाजयुमो जिला मंत्री करन सिंह, प्रेम केसरी, अभाविप के रविशंकर सूरज चौधरी, सुबोध मोहन ठाकुर शिवानी सिंह, प्रश्ननजीत चौधरी,किशन राय,नगर महामंत्री संदीप कुमार, सुबोध मोहन ठाकुर,संदीप कुमार,सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक प्राचार्य कर्मी मौजूद थे।






चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063